नई दिल्ली

मंगलवार, 25 फरवरी 2025

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 317
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधि. | 28.0 |
| न्यून. | 15.0 |

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,454.41 | 856.65 ▼ |
| निफ्टी | 22,553.35 | 242.55 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 89,100 /- | 350/- ▲ |
| चांदी | 1,00,000/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 86.68 | 4 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 74.45/ बैरल | 0.03% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

वैश्विक दक्षिण के देशों की महिला शांति सैनिकों के एक समूह को सोमवार को राष्ट्रपति भवन में संबोधित करते हुए बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# महिलाओं की भागीदारी वाले शांति मिशन दीर्घकालिक समझौते करने में मददगार: राष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को वैश्विक दक्षिण की कुल करीब 35 देशों की महिला शांति सैनिकों के एक समूह से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इसके बाद अपने संबोधन में उन्होंने महिला कर्मियों की अत्यधिक भागीदारी वाले शांति मिशन की सराहना करते हुए कहा कि यह हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते हासिल करने में अधिक प्रभावी रहे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों ▶▶ शेष पेज 5 पर



यह समूह राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचा है।

## वैश्विक दक्षिण देशों की क्षमता बढ़ाएंगे: जयशंकर

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने वैश्विक दक्षिण के देशों की शांति सेना विकसित करने की क्षमताओं को मजबूती प्रदान करने को लेकर भारत की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही कहा, संयुक्त राष्ट्र शांति सेना केंद्र द्वारा संचालित कार्यक्रमों में भारत लगातार प्रशिक्षण और क्षमता विकास कार्यक्रम चला रहा है। जिसमें खासतौर पर महिला शांति सैनिकों से जुड़े कार्यक्रम मुख्य रूप से शामिल हैं। वर्ष 2023 से भारत आसियान देशों में भी संबंधित कार्यक्रम चला रहा है। भारत की विदेश नीति में शांति स्थापना के केंद्र में भी संवाद, कूटनीति और सहयोग जैसे तत्व मुख्य रूप से शामिल हैं। यह हमारी वसुधैव कुटुंबकम की सोच पर आधारित है। जिसके तहत भारत पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में मानता है।

### समावेशी बनते महिलाओं वाले मिशन

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं की मौजूदगी शांति स्थापना मिशन को और अधिक विविधतापूर्ण और समावेशी बनाती है। महिला शांति सैनिकों की पहुंच स्थानीय समुदाय तक ज्यादा बेहतर ढंग से होती है। वह महिलाओं और बच्चों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम कर सकती हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डॉ.किरण बेदी, सुमन गवानी की दी मिसाल

*उन्होंने महिला शांति सैनिकों को दुनिया की बाकी महिलाओं और लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि आपकी यहां मौजूदगी न केवल आपके नेतृत्व को बढ़ावा देगी। बल्कि आपके द्वारा दिए जाने वाले शांति के संदेश को भी मजबूती प्रदान करेगी। मै भरोसे के साथ कह सकता हूं कि देश में आपके अनुभव निरंतर रूप से आपको अपने उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने में आपका मार्गदर्शन करेंगे। विदेश मंत्री ने कांगो के मिशन में मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया समेत भारत की कई महिला शांति सैनिकों का जिक्र अपने संबोधन में किया। जिसमें डॉ.किरण बेदी, मेजर सुमन गवानी और मेजर राधिका सेन शामिल हैं।*


### महिलाओं ने रूढ़िवादिता को तोड़ा

*उप सेनाप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा कि महिला शांति सैनिकों ने रूढ़िवादिता, बाधाओं को तोड़ते हुए चुनौतियों से ऊपर उठकर अपने राष्ट्र और उन समुदायों की नेता व रक्षक बनी हैं। जहां वे शांति स्थापना के लिए कार्यरत हैं। भारत वैश्विक दक्षिण में एक अहम भागीदार के रूप में अपने अनुभव, संसाधनों और विशेषज्ञता का खजाना लेकर आता है। हम समूह देशों के प्रतिनिधियों के रूप में अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए ताकत, लचीलेपन और अटूट प्रतिबद्धता के साथ एक साथ खड़े हैं। सम्मेलन के शुरुआती दिन पांच सत्र आयोजित किए गए।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### 11 करोड़ की ड्रग्स सहित महिला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क विभाग ने सोमवार को बताया कि 20 वर्षीय एक महिला को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खाद्य सामग्री और चावल के पैकेटों में छिपाए गए 11 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। बयान में कहा गया है कि आरोपी को 21 फरवरी को बैंकॉक से आने पर रोका गया था। बरामद मादक पदार्थ का कुल वजन 11,284 ग्राम था।

### केदारनाथ: चार साल में ढाई गुना बढ़ गई आय



**केदारनाथ।** केदारनाथ मंदिर की आय पिछले चार सालों में 2.3 गुना बढ़ी है। दान, चढ़ावे और विभिन्न सेवाओं से होने वाली आय साल 20-21 में 22.04 करोड़ रुपए थी, जो 2023-24 में बढ़कर 52.9 करोड़ रुपए हो गई। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने एक सूचना के अधिकार आवेदन के जवाब में दिया है।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक



**वाराणसी।** महाकुंभ की अंतिम तिथि होने की वजह से वाराणसी में लाखों भक्तों के आने का अंदाजा है। विश्वनाथ मंदिर में भी पहुंचने वाले 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन प्राप्त करेंगे। महाशिवरात्रि पर दारानगर से मंदिर मार्ग से गुजरने वाले सबसे बड़े शिव बारात को 27 फरवरी को निकालने का निर्णय लिया है।

दो दिवसीय जीआईएस 2025 का प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ

# पीएम मोदी ने कहा-मप्र में निवेश करने का यही समय, सही समय

*पहले दिन 22 लाख 50 हजार 657 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए और एमओयू हुए। इसमें 8 बड़े उद्योगपतियों के साथ करीब 3.50 लाख करोड़ के करार भी शामिल हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मप्र तेज गति से ग्रोथ करने वाले राज्यों में से एक है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जनवरी 2025 तक मप्र में दो लाख इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर्ड हुए, यह देश के अन्य राज्यों के मुकाबले से अधिक है। यह 90 फीसदी ग्रोथ रेट है। इतना ही नहीं कभी खराब सड़कों की वजह से मप्र में वाहन ठीक से नहीं चल पाते थे, आज वही मप्र भारत के रिवॉल्यूशन में लीडिंग राज्यों में से एक है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का एक बड़ा हिस्सा मप्र से होकर गुजरता है। मप्र के पास 5 लाख किमी का रोड नेटवर्क है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को मप्र के सबसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 (जीआईएस) का शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने जीआईएस के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा अवसर ▶▶ शेष पेज 5 पर



पीएम बोले- अपनी क्षमता से देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल होगा मप्र

किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी

# 9.8 करोड़ किसानों के खाते में पीएम मोदी ने भेजे 2-2 हजार

एजेंसी ▶▶ पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। इस योजना के तहत 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में कुल 22,000 करोड़ से अधिक रुपए ट्रांसफर किए गए।

यह योजना छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि वे खेती से जुड़े खर्चों को आसानी से पूरा कर सकें। इस योजना के तहत पात्र किसानों को हर चार महीने में 2,000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है, जिससे वे सालाना कुल 6,000 रुपए प्राप्त करते हैं। यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है, जिससे वे बीज, खाद और अन्य कृषि जरूरतों को पूरा कर सकें।

किसानों की जरूरतें होंगी आसानी से पूरी

**22,000 करोड़ से अधिक रुपए ट्रांसफर किए गए**



### 18वीं किस्त में 9.6 करोड़ किसानों को मिला था लाभ

*केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अनुसार 18वीं किस्त के दौरान 9.6 करोड़ किसानों को इस योजना का लाभ मिला था, जबकि 19वीं किस्त में यह संख्या बढ़कर 9.8 करोड़ हो गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि योजना का दायरा लगातार बढ़ रहा है और अधिक किसान इस सहायता का लाभ उठा रहे हैं।*

### अब तक वितरित हो चुके हैं 3.46 लाख करोड़ रुपए

*सरकार इस योजना के तहत अब तक 3.46 लाख करोड़ रुपए वितरित कर चुकी है। 19वीं किस्त जारी होने के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 3.68 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यह दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजना बन चुकी है, जिससे किसानों को वित्तीय सुरक्षा मिल रही है।*

जीआईएस का आज समापन करेंगे शाह

## 2 केंद्रीय मंत्री खट्टर, शेखावत और अभिनेता पंकज त्रिपाठी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को भोपाल की दो दिवसीय इन्वेस्टर्स समिट का समापन करेंगे। शाह की उपस्थिति में एमपी स्टेट को ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड और एनडीडीबी यानि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के बीच एमओयू पर दोनों ही कंपनियों के अधिकारी हस्ताक्षर करेंगे। समापन अवसर पर दो केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत और अभिनेता ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एडवांटेज असम निवेश और शिखर सम्मेलन होगा आज

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

- असम चाय के 200 साल पूरे होने पर किया जा रहा आयोजन

पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को असम के दो दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंचे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि पीएम मोदी मंगलवार को एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस प्रदर्शनी में असम राज्य के विभिन्न निवेश अवसरों और बुनियादी ढांचे के विकास की जानकारी दी जाएगी। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सोमवार शाम को गुवाहाटी स्थित सरुसजाई स्टेडियम में आयोजित झुमुर नृत्य प्रदर्शन में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि यह प्रदर्शन असम के चाय बागानों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया और इस नृत्य प्रदर्शन में प्रधानमंत्री मोदी ▶▶ शेष पेज 5 पर



### हजारों कलाकारों ने झुमुर नृत्य प्रस्तुत किया

*मोदी की इस यात्रा का एक खास अवसर असम चाय के 200 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित है। कार्यक्रम में 8,500 से अधिक कलाकारों द्वारा झुमुर नृत्य प्रस्तुत किया गया। भारत के 61 मिशन प्रमुखों के साथ गणमान्य व्यक्ति भी आएंगे।*

यूक्रेन,यूरोप में रूस के दूतावासों पर हमले की बना रहा योजना,खुफिया एजेंसी ने किया था अलर्ट

विस्फोट स्थल पर करीब तीस दमकल कर्मी पहुंचे

# फ्रांस में रूसी वाणिज्य दूतावास में विस्फोट मॉस्को ने कहा- आतंकवादी हमले के संकेत

एजेंसी ▶▶ मार्सिले (फ्रांस)

फ्रांस के मार्सिले में सोमवार को रूसी वाणिज्य दूतावास में एक विस्फोट हुआ। इसको लेकर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यह एक आतंकवादी हमले जैसा लगता है।

करीब तीस दमकल कर्मी विस्फोट स्थल पर पहुंचे। हालांकि, रूसी समाचार एजेंसी 'तास' ने फ्रांस के बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं। तास ने एक पत्रिका की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि अज्ञात लोगों ने वाणिज्य दूतावास के बागीचे में दो पेट्रोल बम फेंके थे। घटनास्थल के पास एक ▶▶ शेष पेज 5 पर



### रूस के विदेश मंत्रालय ने की जांच की मांग

जखारोवा ने कहा कि रूस इस घटना की तत्काल और गहन जांच की मांग करता है और रूसी सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कदम उठाने की अपील करता है। उन्होंने कहा कि मार्सिले में रूसी वाणिज्य दूतावास में हुए धमाके में आतंकवादी हमले के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूक्रेन पर हमले को 3 साल पूरे, हमले के लिए भी यही दिन चुना

*रूस ने यूक्रेन पर तीन साल पहले 24 फरवरी 2022 को हमला किया था। रूस के वाणिज्यिक दूतावास पर हमले के लिए भी यही दिन चुना गया। बताया जा रहा है कि हमले के लिए फेंका गया दूसरा डिवाइस फटा नहीं। इसके बाद बम डिस्पोजल एक्सपर्ट को मौके पर बुलाया गया। बता दें कि हाल ही में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्सिले में भारतीय वाणिज्यिक दूतावास का उद्घाटन किया था, जो इस हमले के केंद्र से कुछ दूरी पर है।*

आईआईटी मंडी के 16वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# 2030 तक भारत का तकनीकी क्षेत्र 350 अरब डॉलर तक पहुंचेगा: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के 16वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में तकनीकी क्षेत्र का विस्तार हो रहा है।

अगले पांच वर्षों में यानी 2030 तक इसके करीब 300 से 350 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौती तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बिठाना ही नहीं है। बल्कि नई तकनीक का सृजन करना भी है। उन्होंने संस्थान के भावी युवा इंजीनियरों से अपील करते हुए कहा कि तकनीक केवल ग्रहणकर्ता न बनें। वह विध्वंसक भी बने, जिससे नवाचार हो सके। भारत 1.25 लाख स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ उभर रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर का छात्रों को लाभ उठाना चाहिए। जिससे भारतीय छात्र न केवल देश की प्रगति में योगदान करें। बल्कि अनुसंधान-विकास के प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व भी करें।

**नवाचार, सृजन पर दिया जोर :** उन्होंने प्रौद्योगिकी के भविष्य के लिए नवाचार और सृजन पर जोर देते हुए कहा कि उद्यमशीलता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। क्योंकि इसी से भारत को कृत्रिम ▶▶ शेष पेज 5 पर

रेलवे और मप्र में बिजली खरीद समझौता

# मंत्री वैष्णव बोले- 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य करेंगे पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल निवेशक सम्मेलन (जीआईएस) में राज्य के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि सरकार 2030 तक रेलवे को नेट जीरो बनाने का लक्ष्य पर काम कर रही है।

रेलवे अगले साल तक 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य पूरा कर लेगा। साथ ही हम नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में भी प्रगति कर रहे हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि अब तक रेलवे का 97 प्रतिशत से अधिक विद्युतीकरण हो चुका है और वित्त वर्ष 2025-26 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली प्राप्त करने की क्षमता में इजाफा किया गया है। रेलवे को 1500 मेगावाट से 1.5 गीगावाट की क्षमता तक बिजली आपूर्ति की जा चुकी है। सोमवार को मध्य प्रदेश के साथ 170 मेगावाट बिजली खरीद का समझौता इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

यह समझौता रेलवे, वारी एनर्जी और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड के बीच हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश जो भी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है रेलवे उसे खरीदने के लिए तैयार है, बशर्ते आपूर्ति स्थिर रहे। अगर मध्य प्रदेश परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी ▶▶ शेष पेज 5 पर



- 170 मेगावाट बिजली खरीद पर सहमति

बातचीत की शुरुआत करने के लिए हुई पहली उच्च-स्तरीय बैठक

भारत की तरफ से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स शामिल हुए

# संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए पर ध्यान केंद्रित करते भारत-ब्रिटेन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने के लिए एक बार फिर से बातचीत के सिलसिले की शुरुआत हो गई है। इसी के तहत सोमवार को राजधानी में एक उच्च-स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारत की तरफ से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन से उनके व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स शामिल हुए। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज की बैठक में हमारी चर्चा में मुख्य रूप से भारत-ब्रिटेन एफटीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने और एक संतुलित, महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर ध्यान केंद्रित किया गया। हम इस विषय को लेकर तेजी से काम करेंगे, जिसमें जल्दबाजी नहीं की जाएगी। लेकिन हमारा पूरा जोर तेजी के साथ चीजों को बेहतर ढंग से निपटाने पर रहेगा। यहां बता दें कि एफटीए व अन्य मामलों पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन के व्यापार सचिव भारत के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पीएम मोदी-स्टार्मर की बैठक की अहम भूमिका

*भारत और ब्रिटेन के बीच वर्ष-2022 से एफटीए पर वार्ता जारी थी। लेकिन पिछले साल 2024 में दोनों देशों में हुए आम चुनावों की वजह से यह बातचीत रुक गई थी। जिसके बाद अब पुनः इसकी शुरुआत की जा रही है। जिसका संकेत ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बीते साल 2024 में ब्राजील में आयोजित किए गए जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मुलाकात के बाद दे दिया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भारत के साथ 2025 में एफटीए पर बातचीत फिर से शुरू की जाएगी। वहीं, दोनों देशों के बीच यह चर्चा एक ऐसे समय में हो रही है। जब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत समेत दुनिया के बाकी देशों पर पारस्परिक आधार से ऊंचे टैरिफ लगाने का ऐलान कर रहे हैं।*

# बाबा सफीदों गिरोह का हथियार आपूर्तिकर्ता मुंबई से गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने बाबा सफीदों गिरोह के एक सदस्य और गिरोह के मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता भोला शंकर (26) को मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि भोला शंकर दुबई भागने की फिराक में था लेकिन मुंबई के अंधेरी-पूर्व इलाके से उसे पकड़ लिया गया। आरोपी को दिल्ली लाया गया और आगे की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, भोला शंकर हरियाणा के जींद का रहने वाला है और उसके खिलाफ दिल्ली एवं हरियाणा में पांच मामलें दर्ज हैं। शंकर ने अपने साथियों के साथ 14 फरवरी को दिल्ली के वसंत कुंज में एक विनिमय कार्यालय से साढ़े सात लाख रुपये की विदेशी मुद्रा लूट ली थी। उसके दो साथी जल्द ही गिरफ्तार कर लिए गए थे, लेकिन शंकर फरार हो गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमारी टीम ने अंधेरी पूर्व में शंकर के ठिकाने का पता लगाया और एक अभियान के तहत उसके दुबई भागने से पहले एक होटल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि शंकर इससे पहले भी अवैध हथियारों के साथ पकड़ा गया था लेकिन वह फरार हो गया था जिसके बाद अदालत ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## ईंट से कुचला सिर

# उधारी के 100 रुपये वापस मांगने पर युवक की हत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तरी दिल्ली के नरेला इलाके में उधार के तौर पर दिए गए 100 रुपये वापस मांगने पर 25 वर्षीय एक व्यक्ति का सिर ईंट से कुचलकर कर कथित रूप से उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने बताया कि घटना 15 फरवरी को हुई और आरोपी अमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। नरेला थाने को शव के बारे में एक पीसीआर कॉल आई, जिसके बाद तुरंत टीम मौके पर भेजी गईं और प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। डीसीपी ने कहा कि विशाल बाग में चावल मिल के पीछे शव पाया गया और शुरुआत में टीम शव की पहचान नहीं कर सकीं। इसके कारण शव की पहचान के लिये घर-घर अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि दो दिन की जांच के बाद मृतक की पहचान हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बांकनेर स्थित दादा माई कॉलोनी निवासी बंटी के रूप में हुई है।

वाल्सन ने बताया कि पुलिस ने 140 सीसीटीवी कैमरों की जांच की और आरोपी की गतिविधियों का पता लगाया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करके पकड़े जाने से बचने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि 100 रुपये न चुकाने की वजह से झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उसने हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसने बंटी को शराब पिलाकर बेहोश कर दिया और ईंट से उसका सिर कुचल दिया।

# पहाड़गंज में युवक ने की आत्महत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में 23 वर्षीय एक युवक ने अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार रात को हुई। मृतक की पहचान जस्मीत उर्फ जश्न के रूप में हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि जस्मीत को शराब पीने की आदत थी और वह अक्सर अपने माता-पिता से झगड़ा करता था।

अधिकारी ने बताया कि मृतक ने नशे की हालत में 22 फरवरी की शाम सात बजे अपनी मां से कथित तौर पर झगड़ा किया और उन पर हमला करने की कोशिश की। विवाद बढ़ने की आशंका के कारण उसके माता-पिता घर छोड़कर अपनी बेटी के गाजियाबाद स्थित आवास पर चले गए और घर को बाहर से बंद कर दिया। अधिकारी ने बताया कि पड़ोसियों ने 23 फरवरी को दंपति को सूचित किया कि किसी ने उनके घर में घुसने की कोशिश की है। दंपति ने अपने रिश्तेदार तेजिंदर को चाबी देकर घर की जांच के लिए भेजा। अधिकारी ने कहा कि तेजिंदर रात करीब दस बजे वहां पहुंचा और उसने पाया कि घर का ताला सुरक्षित था। जब उसने अंदर प्रवेश किया तो देखा कि जस्मीत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि जस्मीत ने बालकनी के दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में प्रवेश किया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच जारी है।

## ज्ञान के विस्तार की संकल्पना को साकार करने में जुटा एसएयू : अग्रवाल

**नई दिल्ली।** दक्षिण एशियाई देशों के युवाओं के लिए सीमा पार ज्ञान के विस्तार की संकल्पना को साकार करने के लिए सार्क देशों द्वारा स्थापित साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (एसएयू) मिशन मोड पर काम कर रही है। एसएयू के अध्यक्ष प्रो. के. के. अग्रवाल ने सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत के मौके पर यह जानकारी दी। उन्होंने प्रेसवार्ता में बताया कि इसी क्रम में सार्क देशों के युवाओं का ज्ञानार्जन करने के लिए एसएयू ने शैक्षणिक कार्यक्रमों का विस्तार किया है।प्रो. के. के. अग्रवाल ने कहा कि एसएयू उच्च शिक्षा में नए मानक स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। नवीनतम शैक्षणिक कोर्स शुरु करने के साथ, हमारा उद्देश्य छात्रों को एक विकसित दुनिया में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और शोध क्षमताओं से लैस करना है।

# पूसा कृषि विज्ञान मेला सफलता के साथ हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- एक लाख से अधिक किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया
- 300 नवीनतम कृषि तकनीकों को प्रदर्शित किया

दिल्ली में तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेला 2025 सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। पूसा प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले ने किसानों को ज्ञान, तकनीक और संसाधनों से सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया। यह आयोजन कृषि परिवर्तन को बढ़ावा देने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और कृषि क्षेत्र को भविष्य की चुनौतियों के प्रति अधिक सशक्त बनाने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह तीन दिवसीय आयोजन कृषि नवाचार, सतत विकास, और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को किसानों तक पहुंचाने के लिए समर्पित था। समापन दिवस पर किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, उद्योग जगत के नेताओं और नीति निर्माताओं की भारी भागीदारी देखी गई। एक लाख से अधिक किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और 300 नवीनतम कृषि तकनीकों का अवलोकन किया, जो उत्पादकता बढ़ाने और स्थायित्व को बढ़ावा देने के लिए विकसित की गई हैं।

सोमवार को प्रमुख गतिविधियों में युवा और महिला उद्यमिता विकास पर तकनीकी सत्र शामिल था, जिसकी अध्यक्षता आईसीएआर-आईएआरआई के पूर्व निदेशक डॉ. ए.के. सिंह और आईएआरआई में डीन एवं संयुक्त निदेशक (शिक्षा), व सह-अध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिंह रहीं। इस सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. वी.वी. सदामाते, योजना आयोग के पूर्व सलाहकार थे। सत्र में प्रमुख विषयों जैसे कि वर्टिकल फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स, संरक्षित खेती, पुष्प कृषि-आधारित उद्यमों और मशरूम उत्पादन पर चर्चा की गई। इस दौरान युवा और महिला किसानों को कृषि-उद्यमिता को अपनाने के लिए प्रेरित करने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता में हुआ सुधार, हटाई ग्रेप दो की पाबंदियां, अभी लागू रहेगी ग्रेप वन की बंदिशें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद कई दिनों बाद सोमवार को प्रदूषण स्तर में गिरावट आने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) दो के प्रतिबंध हटा दिए गए। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी (डीपीसीसी) के अनुसार सोमवार को दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक शाम चार बजे 186 रहा। यह आंकड़ा चरण दो के प्रतिबंधों को लागू करने के लिए 300 एक्यूआई अंक से काफी नीचे है। इसे देखते हुए प्रदूषण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रैप-2 को हटाने का निर्णय लेते हुए इसे हटा दिया। लेकिन अब भी राजधानी दिल्ली में ग्रैप-1 की पाबंदियां लागू रहेगी। जानकारी अनुसार ग्रैप-2 हटाने के बाद अभी तक डीजल वाले जनरेटर को चलाने पर रोक हट गई है। प्राइवेट गाड़ियों की बढ़ाई गई पार्किंग फीस पुरानी दरों वाली होगी, सीएनजी-इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो के फेरे अगर बढ़ाए थे तो उन्हें कम किया जा सकता है और नेचुरल गैस, बायो गैस, एलपीजी से चलने वाले जेनरेटर पहले की तरह चलेंगे। लेकिन अब भी दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-1 लागू है इसलिए इसके तहत लगने वाली सभी पाबंदियां पहले की तरह ही लागू रहेगी। जिसमें होटल और रेस्टोरेंट में कोयला और लकड़ी के इस्तेमाल पर रोक। पुराने पेट्रोल बीएस-3 और डीजल बीएस-4 वाहनों पर कड़ी निगरानी। निर्माण और विध्वंस कार्यों में धूल को रोकने के लिए उपाय। खुले में कचरा नहीं जला सकेंगे और औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्ती से रोक रहेगी।

## रेस्तरां में आग लगी कोई हताहत नहीं



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में सोमवार को एक रेस्तरां में आग लग गई, हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के अधिकारी ने कहा कि हमें सुबह 9.53 बजे लाजपत नगर के एक रेस्तरां में आग लगने की सूचना मिली। हमने दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजीं। सुबह 10.35 बजे तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि इस घटना की विस्तृत जांच के लिए पुलिस को सूचना दे दी गई है।

## आटो टैक्सी संगठन ने रेखा सरकार से की परिवहन विभाग के घोटाले की जांच की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऑटो टैक्सी संगठन भारतीय चालक सेवक ने भाजपा सरकार बनने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मांग की है कि तत्कालीन आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान परिवहन विभाग में हुए घोटालों की जांच करवाएं। संगठन ने कहा कि इससे पूर्व की केजरीवाल व आतिशी सरकार में परिवहन विभाग व इसके अधीन बुराड़ी झुलझुली प्राधिकरण में अधिकारियों ने बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किए है। सबसे ज्यादा घोटाले ऑटो टैक्सी यूनिट बुराड़ी प्राधिकरण में हुए है। नंबर ट्रांसफर से लेकर फिटनेस और अन्य कार्यों में जमकर धांधली हुई है। इसलिए संगठन रेखा सरकार से मांग करता है कि वह जल्द से जल्द परिवहन विभाग में गत सरकार के कार्यकाल में हुए घोटालों की निष्पक्ष जांच अवश्य करवाएं। क्योंकि आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान आप पार्टी के कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों पर बैठाकर व अवैध तरीके से नियुक्तियां की गई थी। जिसकी आड़ में जमकर ट्रांसपोर्टरों, ऑटो टैक्सी चालकों व मालिकों का शोषण किया गया। लेकिन अब उम्मीद है कि भाजपा सरकार में ऐसे भ्रष्टाचारियों को सजा मिलेगी।

## बीएसईएस कंपनी को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए मिली केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में बिजली आपूर्ति करने वाली निजी कंपनी बीएसईएस ने दावा किया है कि राजधानी में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग मिली है। इस बारे में बीएसईएस की तरफ से बताया गया कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उपभोक्ता सेवा के लिए बिजली वितरण कंपनियों की रेटिंग जारी की है, जिसमें बीएसईएस की इकाइयों बीआरपीएल और बीवाईपीएल, दोनों डिस्कॉम को ए प्लस की रैंकिंग मिली है, जो देश के किसी भी डिस्कॉम लिए सर्वोच्च रेटिंग है। यह रैंकिंग केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत कार्य करने वाली संस्था आरईसी यानी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन ने डिस्कॉम्स की उपभोक्ता सेवा के लिए दी है। रेटिंग के दौरान देशभर के 66 डिस्कॉम्स को कवर किया गया था, जो लगभे 32.4 करोड़ उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति उपलब्ध करा रही हैं। इन 66 डिस्कॉम्स में सिर्फ 6 डिस्कॉम्स को ए प्लस की रेटिंग मिली है। ए प्लस रेटिंग पाने वाले डिस्कॉम्स में बीआरपीएल और बीवाईपीएल के अलावा टीपीडीडीएल भी शामिल है। इनके अलावा, महाराष्ट्र की एईएमआईएल और टीपीसीएल तथा उत्तर प्रदेश की एनपीसीएल को भी ए प्लस की रेटिंग मिली है। दिल्ली की डिस्कॉम ने 90 से अधिक का कुल स्कोर हासिल किया है। कंपनी की मानें तो सबसे खास बात यह है कि दिल्ली के डिस्कॉम्स को 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सराहा गया है। दिल्ली डिस्कॉम को शत-प्रतिशत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए भी सराहना मिली है, जबकि राष्ट्रीय औसत 87 प्रतिशत है। दिल्ली के डिस्को ने मीटर रीडिंग के आधार पर जारी बिजली बिलों के लिए भी उच्च रेटिंग प्राप्त की हैं। इस श्रेणी में बीवाईपीएल को शत-प्रतिशत रेटिंग मिली है, जबकि बीआरपीएल व टीपीडीडीएल को 99 प्रतिशत की रेटिंग मिली है। राष्ट्रीय 91 प्रतिशत है। नॉन -मैनुअल मीटर रीडिंग के माध्यम से जारी बिजली बिलों के मामले में भी दिल्ली के डिस्कॉम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस श्रेणी में बीवाईपीएल को शत-प्रतिशत रेटिंग मिली है जबकि बीआरपीएल तथा टीपीडीडीएल को 99 प्रतिशत की रेटिंग मिली है।

## टाटा पावर ने रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण उपभोक्ताओं को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** निजी बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने गांवों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के लिए बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण उपभोक्ताओं को सम्मानित किया। इस अनूठी पहल के सहारे टाटा पावर को भरोसा है कि आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में भी रूफटॉप सोलर को बढ़ावा मिलेगा जिसका लाभ लोगों को जरूर मिलेगा। इस बारे में टाटा पावर द्वारा दी गई जानकारी अनुसार टाटा पावर विलेज कस्टमर ग्रुप द्वारा अब तक 450 ग्रामीण उपभोक्ताओं की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। साथ ही, लगभग 200 उपभोक्ताओं से इस संबंध में सकारात्मक चर्चा जारी है। सौर ऊर्जा को अपनाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आर्य समाज मंदिर, मामूरपुर गांव, नरेला में एक भव्य पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 10 गांवों के 50 उपभोक्ताओं को बीएलडीसी पंखों और शॉल से सम्मानित किया गया। इस समारोह में वे उपभोक्ता शामिल थे जिन्होंने अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच रूफटॉप सोलर सिस्टम अपनाया। यह आयोजन ग्रामीण उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का अभियान है, जिसका पहला आयोजन जौंती गांव में हुआ था, जहां बवाना जिले के गांवों के उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया था। अब नरेला में आयोजित इस कार्यक्रम में 10 पड़ोसी गांवों से 120 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले ग्राहकों को 'सोलर ब्रांड एंबेसडर' के रूप में चुना गया, जो अपने समुदाय में सौर ऊर्जा के लाभों का प्रचार करेंगे। इसके अतिरिक्त, वेंडर कैनोपीज के माध्यम से सोलर इंस्टॉलेशन प्रक्रिया की जानकारी दी गई, जबकि डीएसएम काउंटर पर एलईडी बल्ब, ट्यूबलाइट्स और अन्य बिजली उपकरणों को किफायती दरों पर प्रदर्शित और वितरित किया गया। इस दौरान 74 डीएसएम उत्पाद बेचे गए। इस अवसर पर टाटा पावर डीडीएल के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रदीप कुमार, पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी मकान नंबर बी-53, गली नंबर 4, राजबीर कॉलोनी, दिल्ली, दूसरा पता गाँव मुराद नगर, थाना बिब्याना जिला, बुलन्दशहर, उ.प्र** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 176/2019 दिनांक 11.06.2019, भा.द.सं. की धारा 457/380 के तहत, थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 176/2019 दिनांक 11.06.2019, भा.द.सं. की धारा 457/380 के तहत, थाना गाजीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो। **आदेशानुसार**
**श्री सचिन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-03, पूर्व जिला**
**दि.पु./2261/पूर्व जिला/2025 कोर्ट नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित पुत्र राम कुमार निवासी म.नं. आई-1331, भूतल, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने केस एफआईआर सं. 1191/22, **अंतर्गत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना महेन्द्र पार्क, उ.प. जिला दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर सं. **460/20, अंतर्गत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना महेन्द्र पार्क, उ.प. जिला दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
**सुश्री निहारिका कुमार शर्मा**
**DP/2169/NW/2025** अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उत्तर)
**(Court Matter)** कमरा नं. 117, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली


### पत्नी की पिटाई व तेजाब पीने को मजबूर करने का मामला

# अदालत ने पति समेत तीन लोगों को दोषी ठहराया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने 2019 में एक महिला को तेजाब पीने के लिए मजबूर करने के आरोपी दो लोगों को दोषी ठहराया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ट्विंकल वाधवा ने महिला के पति को स्वेच्छा से चोट पहुंचाने के अपराध के लिए दोषी ठहराया और कहा कि यह साबित हुआ है कि उसने उसे बेल्ट से पीटा था। अदालत महिला के पति शमीन, सास हसीना और ननद शबनम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 326 ए (स्वेच्छा से तेजाब का इस्तेमाल करके गंभीर चोट पहुंचाना आदि) के तहत दर्ज मामले की सुनवाई कर रही थी। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि शमीन ने अपनी पत्नी की पिटाई की, जिसके बाद अन्य लोगों ने उसे 5 मार्च, 2019 को तेजाब पीने के लिए मजबूर किया। अदालत ने 14 फरवरी को अपने फैसले में कहा कि पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दोहराते हुए अपनी पीड़ा और संबंधित घटनाओं को स्पष्ट रूप से सुनाया। अदालत सजा पर फैसला 12 मार्च को सुनाएगी।

अदालत ने बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि महिला के 'मेडिको-लीगल' मामले में कोई बाहरी चोट नहीं दिखाई। अदालत ने कहा कि बेल्ट से पिटाई से काफी दर्द और आघात हो सकता है, लेकिन इस्तेमाल किए गए बल, प्रभाव और व्यक्ति की त्वचा की संवेदनशीलता के आधार पर, बाहरी चोटें दिखाई नहीं भी दे सकती हैं। अदालत ने कहा कि उसके बयान में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे अदालत यह निष्कर्ष निकाल सके कि वह सच नहीं बोल रही है। बचाव पक्ष के वकील ने यह भी तर्क दिया कि घटना के दो दिन बाद शिकायतकर्ता ने जांच अधिकारी को हाथ से लिखे बयान में उल्लेख किया कि उसने गुस्से में गलती से तेजाब पी लिया था। यह भी दलील दी गई कि पति के परिवार के सदस्यों के खिलाफ झूठे आरोप अप्रैल 2019 में लगाए गए, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह भी दलील दी गई कि पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने झूठी गवाही दी थी, लेकिन अदालत ने सभी दलीलों को खारिज कर दिया।

## अदालत 'आप' नेता अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर 25 फरवरी को करेगी फैसला

दिल्ली की एक अदालत आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर आदेश पारित करेगी। उनके खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी के जामिया नगर में दिल्ली पुलिस के दल पर हाल में हुए हमले के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने सोमवार को खान को गिरफ्तारी से एक दिन के लिए संरक्षण प्रदान किया तथा अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की दलीलें 25 फरवरी को सुनी जाएंगी। दिल्ली पुलिस ने खान से पूछताछ करने और यह पता लगाने के लिए उनकी हिरासत मांगी है कि क्या वह भी कथित हमले के समय घटनास्थल पर मौजूद थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और गवाहों के बयान भी अदालत के रिकॉर्ड पर रखे। न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर कुछ स्पष्टीकरण चाहिए, जिसके बाद वह आदेश पारित करेंगे।दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी को हुई घटना के संबंध में ओखला से विधायक खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने भीड़ का नेतृत्व किया और हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपी और भगोड़े अपराधी को हिरासत से भागने में मदद की। पुलिस ने बताया कि कथित घटना उस समय हुई जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शबाज खान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करने का प्रयास किया।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank **पंजीकृत कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 07 मार्च 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362004467 | विनोद |
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215862003321 | सोहन लाल |
| शाखा का नाम : बहादुरगढ़ | |
| 046105002100 | मोहित |
| शाखा का नाम : भूना | |
| 383262001652 | राम कला |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-एनआईटी | |
| 102505006504 | तजिन्दर जायसवाल |
| शाखा का नाम : गोहाना | |
| 062762002365 | कृष्ण कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - न्यु रेलवे रोड | |
| 424405001044 | नवदीप |
| 424462001017 | शशि कांत शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - पारस ट्रीनिटी | |
| 724105000306 | स्वाति शर्मा |
| 724105000307 | स्वाति शर्मा |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर | |
| 085862002066 | पूजा एन |
| 085805003053 | वैभव गुप्ता |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-82 | |
| 387562000638 | बोलेम के चांद पवन कुमार |
| शाखा का नाम : हेली मण्डी | |
| 282662000197 | जोगिन्दर सिंह एनए |
| शाखा का नाम : इन्द्री, हरियाणा | |
| 359605003340 | विपन कुमार |
| शाखा का नाम : इसराना | |
| 211762001109 | प्रदीप* |
| शाखा का नाम : खरखौदा | |
| 396805001380 | करिश्मा |
| 396805001433 | करिश्मा |
| शाखा का नाम : कोसली | |
| 451562000094 | विक्रम विक्रम |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562001455 | मि. महेन्द्र |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862006880 | अंग्रेज सिंह |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062002313 | संदीप* |
| शाखा का नाम : नारनौंद | |
| 381862000205 | प्रदीप कुमार |
| शाखा का नाम : पंचकूला - सेक्टर-11 | |
| 004362007612 | अमन ग्रोवर |
| शाखा का नाम : रोहतक - औद्योगिक क्षेत्र | |
| 342205000896 | बृजेश बृजेश |
| शाखा का नाम : सिरसा | |
| 073362002413 | प्रवीना रानी |
| शाखा का नाम : टोहाना | |
| 282862000960 | सुनील* |
| शाखा का नाम : तोशाम | |
| 419005000786 | शर्मिला शर्मिला |
| शाखा का नाम : बेतियाह | |
| 071162004561 | राजीव कुमार पांडे |
| शाखा का नाम : मोतीहारी | |
| 133462006058 | अरूण कुमार |

दिनांक : 25.02.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, फतेहाबाद, फरीदाबाद, भिवानी, पंचकूला, झज्जर, महेन्द्रगढ़, पानीपत, रेवाड़ी, हरियाणा
हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

विधायकों ने हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, मैथिली और पंजाबी सहित छह भाषाओं में ली शपथ

# सभी विधायकों ने ली दिल्ली विधानसभा सदस्य की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नवगठित आठवीं दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। तीन दिवसीय सत्र के पहले दिन विधायकों ने हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, मैथिली और पंजाबी सहित छह भाषाओं में शपथ ली, जिससे विधायिका की भाषाई विविधता की झलक विधानसभा में नजर आई। प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने सभी विधायकों को शपथ दिलाई।

सत्र शुरू होने से पहले राजनिवास में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली की आठवीं विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इसके बाद, अरविंदर सिंह लवली ने सबसे वरिष्ठ विधायक होने के नाते सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शपथ ग्रहण की। इसके बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और गृह मंत्री आशीष सूद ने शपथ ली। आशीष सूद ने अपने नाम के साथ अपनी माता-पिता का नाम भी बोला। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पंजाबी में, जबकि कानून एवं न्याय मंत्री कपिल मिश्रा ने संस्कृत में शपथ ग्रहण की। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह और मंत्री रविंद्र सिंह इंद्राज ने भी शपथ ली। कैबिनेट मंत्रियों के शपथ लेने के बाद अन्य सदस्यों ने शपथ ली।

गौरतलब है कि भाजपा की 27 साल बाद की वापसी की झलक सोमवार को सदन में भी दिखाई दी। सदन को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया था। वहीं पहले दिन कई सदस्य अपने मूल राज्यों की पोशाक पहनकर सदन में आए। सोमवार को सभी 70 सदस्यों ने शपथ ले ली इसमें हिंदी में सर्वाधिक 49 सदस्यों ने शपथ ली जबकि 9 सदस्य ऐसे थे जिन्होंने संस्कृत में शपथ ग्रहण की, जो कि अब तक के विधानसभा के इतिहास में सबसे ज्यादा सदस्य कहे जा सकते हैं। पंजाबी में मंजिंदर सिंह सिरसा, जरनैल सिंह सहित दो सदस्यों ने शपथ ली और मैथिली भाषा में अनिल झा, चंदन चौधरी ने शपथ ली, वह मैथिली वेशभूषा में सदन में आए थे। आप विधायक संजीव झा ने भी संस्कृत में शपथ ली और वह भी मैथिली वेशभूषा में दिखे। संस्कृत में कपिल मिश्रा के अलावा संजीव झा, करनैल सिंह, प्रद्युमन राजपूत, श्रीमती नीलम पहलवान, गजेंद्र यादव, संजय गोयल, जितेंद्र महाजन व अजय महावर के नाम शामिल हैं। अंग्रेजी भाषा में आप विधायक पुरनदीप सिंह साहनी, अजय दत्त ने जहां शपथ ली तो उर्दू में इमरान हुसैन, अमानतुल्लाह खान, आले मोहम्मद और चौधरी जुबेर अहमद ने शपथ ली। वहीं आप विधायक व नेता विपक्ष आतिशी ने भी हिंदी में शपथ ग्रहण की। सदन में कई विधायक पगड़ी, गमछा, टोपी पहन कर आए। कुलवंत राणा, संदीप सहरावत ने दिल्ली के ग्रामीण इलाकों की पगड़ी पहनी हुई थी तो वहीं प्रवेश साहिब सिंह वर्मा भी विशेष प्रकार का गमछा डालकर पहुंचे। सदन शुरू होते ही प्रोटेम स्पीकर बनाए गए भारतीय जनता पार्टी के विधायक अरविंदर सिंह लवली ने सदन का संचालन किया और सभी दिवंगत आत्माओं के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं स्वस्थ परंपरा का निर्वाह करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। विधानसभा सचिव रंजीत सिंह ने निर्वाचन आयोग की अधिसूचना को सदन पटल पर रखा और फिर एक-एक करके सभी सदस्यों का नाम बुलाया गया। शपथ के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा उपराज्यपाल दीर्घा में मौजूद रहे और उन्होंने सभी का अभिवादन भी किया।

## ध्वनि मत से विजेंद्र गुप्ता विधानसभा के अध्यक्ष निर्वाचित



नई दिल्ली। विधानसभा सत्र के पहले दिन भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को ध्वनिमत से विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। गौरतलब है कि सभी विधायकों द्वारा शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री और सदन की नेता रेखा गुप्ता ने विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव का मनजिंदर सिंह सिरसा ने अनुमोदन किया। इसके बाद रवींद्र इंदर राज ने भी विजेंद्र गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा प्रवेश साहिब सिंह ने इसका समर्थन किया। कुलवंत राणा ने भी इस प्रस्ताव को रखा। प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने मतदान करवाया और ध्वनि मत से विजेंद्र गुप्ता आठवीं विधानसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके बाद सदन के नेता रेखा गुप्ता एवं विपक्ष की नेता आतिशी उन्हें स्पीकर के आसन तक लेकर गईं। विजेंद्र गुप्ता ने आसन पर बैठते ही सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए प्रणाम किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने धन्यवाद वक्तव्य में कहा कि विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की सेवा में जीवन लगा दिया, तीन बार पार्षद, दो बार विधायक रहे, छात्र जीवन से आज तक सामाजिक राजनीतिक जीवन का बहुत लंबा अनुभव है जो हम सभी के काम आएगा। हमें अपनी बात कहने का अवसर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष रहते बुरे व्यवहार का आपको सामना करना पड़ा। नेता विपक्ष आतिशी ने भी बधाई दी। वहीं शोर शराबी के बीच में मनजिंदर सिंह सिरसा ने बधाई दी वहीं भाजपा विधायक कुलवंत राणा ने भी स्पीकर को बधाई दी।

### मेरे लिए पक्ष-विपक्ष समान, सभी को दिल्ली के विकास के लिए करना है कार्य : गुप्ता

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष का पद ग्रहण करने बाद विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि मेरे लिए पक्ष और विपक्ष दोनों समान हैं और हम सभी को दिल्ली के सर्वांगीण विकास के लिए काम करना है। अध्यक्ष ने कहा कि मैं इस महान सदन के सभी सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने आज मुझे इस पद पर आसीन किया है तथा सदन को संचालित करने का गंभीर उत्तरदायित्व सौंपा है। यह सदन ऐतिहासिक है तथा यह पद लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं का प्रतीक है। भारत के संसदीय इतिहास के पहले निर्वाचित अध्यक्ष विट्ठल भाई पटेल ने ठीक 100 साल वर्ष पहले 1925 में इस आसन को सुशोभित किया था। मैं उनको श्रद्धापूर्वक सादर नमन करता हूं। यह हमारा सौभाग्य है कि आज हम उस सभागार में बैठे हैं जहां हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने विराजमान होकर इसे सुशोभित किया था, जिनमें गोपाल कृष्ण गोखले, विट्ठल भाई पटेल, पं.मदन मोहन मालवीय, सुंदर सिंह मजीठिया, पं. मोतीलाल नेहरू, लाला लाजपत राय जैसे विभूतियां थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी यहां दो बार आए थे। जब यह सभागार दिल्ली के निर्वाचित प्रतिनिधियों का सदन बना तो यहां पर सरदार गुरुमुख निहाल सिंह, जग प्रवेश चंद्र, लाल कृष्ण आडवाणी, मीर मुश्ताक अहमद, पुरुषोत्तम गोयल, चरती लाल गोयल, सुभाष चोपड़ा, अजय माकन, चौ. प्रेम सिंह, डॉ. योगानंद शास्त्री, एम.एस.धीर, राम निवास गोयल जैसे वरिष्ठ नेताओं ने इस आसन की शोभा बढ़ाई। यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि पुराने सदनों के सदस्य रहे कई वरिष्ठ नेता निर्वाचित होकर आए हैं, जिनके अनुभव का लाभ हमें निश्चित रूप से मिलेगा। साथ ही कई नए सदस्य भी निर्वाचित होकर आए हैं, जो अपनी मेहनत और कुशल कार्यप्रणाली से दिल्ली के विकास में अपना योगदान देंगे।

### विधानसभा का सत्र सच्ची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली का दिन : सचदेवा

नई दिल्ली। सोमवार से शुरू हो रहा विधानसभा का सत्र सच्ची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली का दिन है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि दस साल से दिल्ली में विधानसभा के सत्र तो होते थे पर उनके माध्यम से केवल मनमानी अराजकता फैलाई जाती थी। सचदेवा ने कहा कि लोकतंत्र की पहली सीढ़ी होती है सदन में विपक्ष को उचित सम्मान पर खेदपूर्ण है कि दस साल विधानसभा में विपक्ष की आवाज को कुचला गया। दिल्ली की भाजपा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार विधानसभा की प्रतिष्ठा के एवं लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के सम्मान के प्रति कृतसंकल्प रहेगी।

### धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान ही हंगामा करने लगा विपक्ष, 15 मिनट तक सदन की कार्यवाही रही स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष नामित होने पर सदन में आए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा हंगामा करने के कारण अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही को 15 मिनट के स्थगित करना पड़ा। दरअसल धन्यवाद प्रस्ताव पर नेता विपक्ष आतिशी ने कुछ चित्र हटाए जाने का आरोप लगाया जिसके बाद विपक्ष के सभी सदस्य सदन में खड़े होकर इसका विरोध करने लगे और नारे लगाने लगे। जिससे सदन की कार्यवाही बाधित होने लगी। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विपक्षी सदस्यों के कारनामों की कड़ी निंदा की। अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि यहां शिष्टाचार निभाना चाहिए था, राजनीति का मंच नहीं है सदन, आप इसे राजनीतिक मंच बना रहे हैं। मुद्दे उठाएं लेकिन ऐसा रवैया बर्दाश्त नहीं होगा मैं कड़ी निंदा करता हूं। विपक्ष सदन को सुचारू रूप से चलने नहीं देना चाहता है सदन की गरिमा बनाए रखें उन्होंने कई बार चेतावनी दी आखिरकार भारी हंगामा देखते हुए उन्होंने सदन की कार्यवाही को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। स्थगन के बाद अरविंद सिंह लवली ने बधाई प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि अब प्रश्नकाल होगा, बाबा साहब ने जो हमें अवसर दिया वह प्राइवेट मेंबर डे भी होगा। बाबा साहब के ठेकेदार बन रहे विपक्ष के सदस्यों ने अपने शासनकाल में प्रश्नकाल तक नहीं होने दिया। अब सदन अपना खोया हुआ गौरव हासिल करेगा। बाबा साहब के सपने को हम साकार करेंगे।



## झूठे बयानों के लिए दिल्ली की जनता से माफी मांगे आतिशी : सचदेवा

अम्बेडकर एवं भगत सिंह को लेकर ओछी राजनीति बेनकाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं का बर्ताव निंदनीय है और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना महान नेताओं के चित्रों के हटाये जाने को लेकर फैलाये झूठे बयानों के लिए दिल्ली की जनता से माफी मांगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को आतिशी को लेकर यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सत्ता में रहते भी आतिशी मार्लेना एवं अन्य आप नेता विधानसभा परिसर से झूठ एवं भ्रम फैलाते थे और अब विपक्ष में आ जाने पर भी वही कुकृत्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में सिख बहुल क्षेत्रों एवं दलित आबादी विधानसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा और उसी से बौखलाई आतिशी मार्लेना ने सोमवार को विधानसभा परिसर से झूठ फैलाने की कोशिश की। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं सभी मंत्रियों के कक्ष में श्रद्धेय महात्मा गांधी, बाबा साहेब अम्बेडकर, भगत सिंह, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की तस्वीरें बदस्तूर लगी हुई हैं जो कोई भी जा कर देख सकता है।

बता दें कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि भाजपा ने अपना असली दलित विरोधी और सिख विरोधी चेहरा दिखा दिया है। दिल्ली विधान सभा के मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर और शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की तस्वीरें हटा दी गईं है। वहीं, इसे लेकर आप के मुखिया व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली की नई भाजपा सरकार ने बाबा साहेब की फोटो हटाकर प्रधानमंत्री मोदी की फोटो लगा दी। ये सही नहीं है। इस से बाबा साहेब के करोड़ो अनुयायियों को ठेस पहुंची है। केजरीवाल ने कहा कि मेरी भाजपा से प्रार्थना है। आप प्रधानमंत्री की फोटो लगा लीजिए लेकिन बाबा साहेब की फोटो तो मत हटाइए। उनकी फोटो लगी रहने दीजिए।

## समय सीमा के अंदर हाउस टैक्स जमा करने वालों का बकाया टैक्स होगा माफ : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संयुक्त प्रेसवार्ता में आप नेताओं ने की घोषणा



दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने होली से पहले हाउस टैक्स को लेकर दिल्लीवालों को बहुत बडा तोहफा देने का ऐलान किया है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने फैसला लिया है कि जो लोग तय समय सीमा के अंदर वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूरा हाउस टैक्स जमा कर देंगे, उनका पिछला बकाया सारा हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। आप के वरिष्ठ नेता व सांसद संजय सिंह, नेता दुर्गेश पाठक, दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश खींची और नेता सदन मुकेश गोयल सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता कर इस बड़े फैसले की जानकारी दी। यहां उन्होंने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष (2025-26) में 100 गज के मकानों और रिहायशी क्षेत्र में चल रही दुकानों का 100 फीसद और 100 से 500 गज के मकानों का 50 फीसद हाउस टैक्स माफ किया जाएगा। इसके अलावा, अभी तक दिल्ली के 1300 हाउसिंग अपार्टमेंट को हाउस टैक्स में कोई रियायत नहीं मिलती थी, लेकिन अब इनका भी अगले वित्तीय वर्ष में 25 फीसद हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 फरवरी को होने वाले एमसीडी सदन में आम आदमी पार्टी की सरकार इस प्रस्ताव को पास कर देगी।

### आप सरकार ने दिखाए हैं अपने सारे वादे पूरे करके : महापौर

महापौर महेश कुमार खींची ने बताया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में 'आप' सरकार ने अपने सारे वादे पूरे करके दिखाए हैं, अब हाउस टैक्स को लेकर बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं। वहीं, नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली नगर निगम से भ्रष्टाचार को खत्म करने के हमारे सिद्धांत के तहत आज दिल्ली के लोगों को एक विशेष तोहफा देने जा रहे हैं। यह भ्रष्टाचार के ऊपर बहुत बड़ा कुठाराघात है। दिल्ली की जनता को बहुत फायदा मिलेगा। 'आप' सरकार ने करीब एमसीडी में अब तक 8 हजार लोगों को पक्का किया है और 12 हजार और कच्चे कर्मियों को पक्का करने जा रही है। अब सभी कर्मचारियों को अब समय पर वेतन मिल रहा है।

### हाउस टैक्स को लेकर आप नेताओं की घोषणाएं एक छलावा : इकबाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता भलीभांति जानते हैं कि हाउस टैक्स को लेकर उनकी सोमवार को की गई घोषणाएं एक छलावा है क्योंकि ऐसी किसी भी घोषणा को लाने से पहले दिल्ली वित्त आयोग, म्यूनिसिपल वैल्यूएशन कमेटी एवं स्थाई समिति की पूर्व स्वीकृति चाहिए होती है जो आज गठित हैं ही नहीं है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को आप नेताओं द्वारा हाउस टैक्स मामले में गई बड़ी घोषणा को लेकर संयुक्त प्रेसवार्ता के बाद यह प्रतिक्रिया जारी की। राजा इकबाल सिंह ने कहा है कि आप सांसद संजय सिंह एवं आप नेता दुर्गेश पाठक तो हमेशा से झूठ सच की राजनीति करते रहे हैं पर दिल्ली के महापौर महेश खिंची एवं नेता सदन मुकेश गोयल नगर निगम नियमों से परिचित हैं पर वह जानबूझकर अब 25 फरवरी (आज) को होने वाली नगर निगम सदन में हंगामे की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। नेता विपक्ष सिंह ने कहा कि आप नेतृत्व को मालूम है कि वह बहुमत खो चुके हैं और दिल्ली नगर निगम से महापौर कभी भी जा सकते हैं और इसलिए वह केवल दिल्ली की जनता को खोखली घोषणाओं से गुमराह करना चाह रहे हैं।

## सड़कों पर जगह-जगह लगे हुए है कूड़े के ढ़ेर, आने-जाने वालों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की सफाई व्यवस्था के साथ निगम महापौर ने कोई समझौता नहीं करने का दावा है। लेकिन इसके बाद भी दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार खींची के दावों की इन दिनों जमकर किरकिरी हो रही है। हाल ही में दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद नए मंत्रियों ने सड़कों पर उतरकर सफाई व्यवस्था की जो पोल खोली है, वह अब किसी से छिपी नहीं है। इन दिनों भी दिल्ली की मुख्य सड़कों पर जगह जगह कूड़े कचरे के ढेर लगे हुए हैं जिसके चलते लोग परेशान हैं। दिल्ली देहात के बवाना, नरेला, बुराड़ी और आजादपुर मंडी के पास ऐसे कूड़े के ढ़ेर आसानी से देखे जा सकते हैं। बता दें कि महापौर बनने के बाद से ही महेश कुमार खींची ने कूड़ाघरों को बंद करने के लिए लगभग हर जोन के उपायुक्त को निर्देश दिए थे और निगम मुख्यालय में महापौर कार्यालय में हुई बैठकों में महापौर ने कहा था कि कूड़ाघरों को बंद करके वहां कम्पैक्टर लगाए जाए और खुले में कचरा फैंकने वालों पर जुर्माना किया जाए। लेकिन यह निर्देश सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह गए हैं और कूड़ा खुले में फैला है।

### आईपी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव शुरू

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव और 24वें वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव "अनुगूंज 25" की शुरुआत द्वारका कैंपस में अत्यंत धूमधाम के साथ हुई। प्रसिद्ध अभिनेता विंदू दारा सिंह, अभिनेत्री इशिता चौहान और अभिनेता रोहित चौधरी ने संयुक्त रूप से सोमवार को इस महोत्सव का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति पद्मश्री प्रो (डॉ) महेश वर्मा ने कहा कि 'अनुगूंज' विश्वविद्यालय का 'महाकुंभ' है, जहां अगले तीन दिनों में 1 लाख से अधिक छात्र भाग लेने वाले हैं। युवाओं का उत्साह और ऊर्जा हमें आगे बढ़ने और अपने विश्वविद्यालय के क्षितिज को विस्तारित करने के लिए प्रेरित करती है। अनुगूंज छात्रों को अपनी प्रतिभा, क्षमता, नवाचार और टीम भावना को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा, "जीतना ही सब कुछ नहीं है, जीतने का प्रयास करना अधिक महत्वपूर्ण है।" छात्र कल्याण निदेशालय की निदेशक प्रो. मनप्रीत कौर कांग ने बताया कि विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों के साथ-साथ लगभग 110 संबद्ध संस्थानों के छात्र इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान 50 से अधिक विविध सांस्कृतिक और संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उजवा कृषि विज्ञान केंद्र से किसानों ने देखा सीधा प्रसारण

## प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को जारी की 19वीं किस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उजवा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र ने अपने परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 'पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना' के तहत '19वीं किस्त हस्तांतरण के कार्यक्रम' का वर्चुअल रुप से सीधा प्रसारण किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली देहात के 400 प्रगतिशील कृषक एवं महिला कृषकों ने भागीदारी की। इसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, एवं आईसीएआर में सहायक महानिदेशक (कृषि प्रसार) विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आर. आर. बर्मन, नई दिल्ली में एन.एच.आर.डी.एफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजबीर सिंह, दिल्ली में कृषि विभाग के निदेशक पवन चोपड़ा आदि उपस्थित रहे। उजवा कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख व कृषि वैज्ञानिक डॉ राकेश राणा ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एन.एच.आर.डी.एफ. के अध्यक्ष डॉ. बृजेन्द्र सिंह ने की। इस कार्यक्रम के माध्यम में प्रधानमंत्री ने पी.एम. किसान की 19वीं किस्त के रूप में करीब 10 करोड़ किसानों के खातों में ट्रांसफर किए।

इसके अलावा किसान उत्पादक संगठनों, बिहार के मोतिहारी जिले में स्वदेशी नस्लों के लिए उत्कृष्टता केन्द्र, बरौनी में दुग्ध उत्पाद संयत्र जैसी अनेक योजनाओं को देश को समर्पित किया।



**खबर संक्षेप**

### वाहन चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी युवराज उर्फ युगल को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार 14 फरवरी 2024 को थाना सारन में राकेश कुमार निवासी संजय कालोनी ने शिकायत दी जिसमें बताया कि उसकी गाड़ी पर्वतीय कालोनी नियर शिव क्लिनिक एरिया से चोरी हो गई है।



# स्कूल स्टाफ व छात्रों का परीक्षा सेंटर किया दूर, इप्सा ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की तरफ से हरियाणा शिक्षा बोर्ड के द्वारा जारी किए गए बोर्ड के दूर दराज के परीक्षा सेंटरो को देखते हुए एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि बोर्ड के नियमों के अनुसार विद्यार्थियो का सेंटर पांच किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए लेकिन परीक्षा केन्द्रों की दूरी इस बार 15-20 किलोमीटर की रखी है। उन इलाकों में यातायात की व्यवस्था तक नहीं है ऐसे इलाकों में सेंटर भेजा गया है। उन्होंने आगे बताया विद्यालयों के स्टाफ को भी दूर दराज के विद्यालयों में परीक्षा सेंटर भेजा गया है। जिस कारण से उन्हें भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में दो दिन पहले जारी किए गए इन बदलावों से वह परेशान है, क्योंकि अधिकाश स्कूलों में परीक्षाएं चल रही है। ऐसे में स्टाफ की ड्यूटी दूरस्थ होने के कारण वह परेशान है।

**खास बातें**

- परीक्षा सेंटरों को देखते हुए प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया
- परीक्षा केंद्रों की दूरी 15-20 किमी
- छात्र एवं शिक्षक हो रहे परेशान



### शिक्षा मंत्री ढांडा से मांग की है कि बच्चों व शिक्षकों की समस्या का तत्परता से निदान करें: भाटी

इस प्रेसवार्ता में मौजूद इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी व ट्रैजरार डॉ राजेश मदान, वाइज प्रेसिडेट अमित जैन, ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ शोभित आजाद, पीआरओ डॉ भूपेंद्र श्योरान, सुंदर गौर, दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा कि हमारे विद्यालय तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों की ड्यूटी उनके कार्यस्थल से 15-20 किलोमीटर की दूरी पर अन्य विद्यालयों में लगाई गई है। यह न केवल शिक्षकों के लिए असुविधाजनक है, बल्कि इससे शैक्षणिक कार्य भी बाधित हो सकता है। उन्होंने कहा कि इन ड्यूटियों को निरस्त किया जाए और पिछले वर्ष की भांति विद्यालय संचालन की व्यवस्था सुचारू रूप से चलने दी जाए। इससे शिक्षकों को अपनी नियमित शैक्षणिक जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने शिक्षा बोर्ड भिवानी के सचिव व प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मांग की है कि बच्चों व शिक्षकों की समस्या का तत्परता से निदान करें।

### आयुक्त की अध्यक्षता में हुई चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक

# सभी आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई जाए: विक्रम सिंह

डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चिन्हित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और उन पर पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्रवाई बारे उन्हें अवगत करवाया जाए।




हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। डीसी विक्रम सिंह आज सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में चिन्हित अपराध की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे चिह्नित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और उन पर पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के बारे उन्हें अवगत करवाया जाए। चिन्हित मामलों के बारे संज्ञान लेते हुए आदेश दिए कि सभी आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई जाए जिससे प्रशासन का समय बच सके और जल्दी से जल्दी केस खत्म हो सके। उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराधों और अन्य मामलों में ई समन दिया जाए ताकि न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जाए।

डीसी ने कहा कि पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस कमर्शियल, रेप, मर्डर, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिह्नित अपराध के तहत आते हैं।

ऐसे मामलों में गहनता से जांच कर केस अदालत में पेश किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी अपराधी कोर्ट में केस की मजबूती न होने के कारण बचकर नहीं निकलना चाहिए। कोर्ट में पेशी से पूर्व साक्ष्यों और तथ्यों की मजबूती सुनिश्चित की जाए। समीक्षा बैठक में जिला न्यायवादी, पुलिस विभाग व सम्बंधित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त समाज के लिए जागरूकता और कड़े नियम अनिवार्य: डीसी

**फरीदाबाद।** नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूकता और कड़े नियमों को अनिवार्य किया जाना जरूरी है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए प्रशासन और पुलिस संयुक्त रूप से गुप्त कार्यवाही करें यह निर्देश आज डीसी विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में एनकोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी मेडिकल स्टोर के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे है या नहीं प्रत्येक सप्ताह चैकिंग करके सुनिश्चित करें। सीसीटीवी कैमरे नहीं लगवाने वाले मेडिकल स्टोर संचालको पर कार्यवाही करें। जिला में नशा करने वालों और नशीले पदार्थ बेचने वालों की गंभीरता से निगरानी करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी नशा पुनर्वास केंद्रों की जांच करें। वहां भर्ती मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की कोई कमी न आए और जो लोग वहां से इलाज कराके जा चुके है उनके बारे में भी समय-समय पर जानकारी ले कि कहीं वह दोबारा नशा तो नहीं कर रहे। साथ ही ऐसे नशा पुनर्वास केंद्रों पर भी निगरानी करे जो रजिस्टर्ड नहीं है।

डीसी ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के बारे में जागरूकता फैलाने और जनता को संवेदनशील बनाने में शिक्षा विभाग और ड्रग कंट्रोल सेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। प्रशासनिक अधिकारी व्यक्तिगत स्तर पर पूरी मुस्तैदी जिम्मेवारी एवं दायित्व के साथ अपने कर्तव्य को निभाएं। उन्होंने अधिकारियो को स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए कहा कि अधिकारी बच्चों को जागरूक करने के लिए उचित कदम उठाए और अगर कहीं से नशे के खिलाफ शिकायत आती है तो उस पर तुरंत कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नशा रोकने के लिए कृतसंकल्प है। बैठक में डीसीपी उषा, एसीपी महेश श्योराण, एसीपी विनोद कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

### जीएसटी एमनेस्टी योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए समीक्षा बैठक आयोजित

# पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज व जुर्माने में राहत दी जाएगी: आयुक्त सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

आबकारी एवं कराधान आयुक्त हरियाणा विनय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित आबकारी एवं कराधान कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त जेईटीसी, उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त डीईटीसी, आबकारी एवं कराधान अधिकारी ईटीओ तथा सहायक आबकारी एवं कराधान अधिकारियों एईटीओ ने भाग लिया। आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने जीएसटी एमनेस्टी योजना के महत्व पर बल दिया, हरियाणा सरकार की अधिसूचना के तहत लागू किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र करदाताओं तक इस योजना की जानकारी पहुंचे और वे इसका अधिकतम लाभ उठा सकें।

### अनियमितता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें

यह योजना उन करदाताओं के लिए लागू होगी, जिन पर वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए हरियाणा जीएसटी अधिनियम-2017 की धारा-73 के तहत बकाया कर देनदारी है। इसके अतिरिक्त बैठक में कर चोरी रोकने और राजस्व रिसाव पर नियंत्रण हेतु कर प्रवर्तन तंत्र को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निगरानी तंत्र को प्रभावी बनाएं और किसी भी प्रकार की अनियमितता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें, जिससे सरकारी राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**विभिन्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों हेतु भर्ती, विज्ञा. सं. 42 से 67/2024**

**शुद्धिपत्र-II**

आयोग ने विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 दिनांक 02.08.2024 तत्पश्चात शुद्धिपत्र दिनांक 30.10.2024 के तहत उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में विभिन्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के 2424 पद आवेदित किए थे। विज्ञापन दिनांक 02.08.2024 और शुद्धिपत्र दिनांक 30.10.2024 के जारी होने के पश्चात, सरकार ने हरियाणा की अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण के सम्बन्ध में अधिसूचना सं. 22/163/2024- 5एचआर-III दिनांक 13.11.2024 जारी किया। यह शुद्धिपत्र सरकार द्वारा जारी की गई उक्त अधिसूचनाओं के मद्देनजर जारी किया जा रहा है।

ए. **अधिसूचना सं. 22/163/2024-5एचआर-III दिनांक 13.11.2024**

हरियाणा सरकार अधिसूचना सं. 22/163/2024- 5एचआर-III दिनांक 13.11.2024 के मद्देनजर, हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा को पूर्ववर्ती आवश्यकता को संशोधित करने का आग्रह किया गया। संशोधित आवश्यकता के अनुरूप पदों का विभाजन सरकार से जैसे ही और जब भी प्राप्त होगा, प्रकाशित / प्रदर्शित किया जाएगा।

आयोग ने निम्नलिखित के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 01.03.2025 से और 15.03.2025 को अप. 5.00 बजे तक पुनः खोलने का निर्णय लिया है :-

1. **एससी उम्मीदवार जो पहले ही आवेदन कर चुके हैं :-** अनुसूचित जाति वर्ग के सभी उम्मीदवार जो विज्ञापन दिनांक 02.08.2024 और शुद्धिपत्र दिनांक 30.10.2024 के प्रत्युत्तर में पहले ही आवेदन कर चुके हैं, को अपने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र अपडेट करने और अपनी सम्बन्धित श्रेणी जैसे डीएससी अथवा ओएससी, जैसा भी मामला हो, वर्णित करने का निर्देश दिया जाता है। आगे सभी उम्मीदवार जो अब डीएससी श्रेणी में आते हैं, को अधिसूचना सं. 22/163/2024- 5एचआर-III दिनांक 13.11.2024 के अनुरूप जारी किए गए नवीनतम डीएससी श्रेणी प्रमाण-पत्र जमा करवाने / अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है। ओएससी श्रेणी उम्मीदवारों के मामले में, उनके पहले ही अपलोड किए गए एससी प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा। जानकारी के अद्यतन के पश्चात, कृपया इसकी एक प्रति डाउनलोड करें और इसको ध्यानपूर्वक पढ़ें। जानकारी के संशोधन चेक करने के पश्चात, इसको हस्ताक्षरित करें और इसको अपलोड करें।
2. **इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन करने वाले डीएससी और ओएससी उम्मीदवार :-** डीएससी और ओएससी वर्ग के सभी उम्मीदवार जिन्होंने पूर्व में आवेदन नहीं किया था और अब इस शुद्धिपत्र के जारी होने के पश्चात आवेदन कर रहे हैं, को अपनी श्रेणी जैसे डीएससी अथवा ओएससी स्पष्ट रूप से वर्णित करते हुए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवाना आवश्यक होगा और उनको ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र सहित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपने नवीनतम डीएससी/ओएससी (एससी) प्रमाण-पत्र अपलोड करना आवश्यक होगा।
3. एससी उम्मीदवार जो पहले ही अपने ऑनलाइन आवेदन जमा करवा चुके थे परन्तु वे प्रिंटआउट निकालने के पश्चात विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र अपलोड नहीं कर सके थे अथवा उनके पूर्ववर्ती आवेदन प्रपत्र में गलती से अपनी श्रेणी, योग्यता इत्यादि से सम्बन्धित गलत विवरण भर चुके थे, ऐसे उम्मीदवारों को उनके पहले ही भरे हुए आवेदन प्रपत्र को निरस्त करना होगा और तब अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके नया आवेदन प्रपत्र जमा करवाना होगा। पूर्ववर्ती आवेदन प्रपत्र के साथ पहले ही भुगतान किया गया शुल्क नये आवेदन प्रपत्र के तहत समायोजित नहीं किया जाएगा।
4. **एससी उम्मीदवार जो विज्ञापन दिनांक 02.08.2024 और शुद्धिपत्र 30.10.2024 के प्रत्युत्तर में पहले ही आवेदन कर चुके हैं, परन्तु संशोधित आवश्यकता के अनुरूप उनके उप-वर्ग डीएससी अथवा ओएससी, जैसा भी मामला हो, के तहत कोई पद उपलब्ध नहीं है, ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी सामान्य श्रेणी के तहत विचारणीय होगी।**

बी. **बीसी-ए (नॉन-क्रीमी लेयर), बीसी-बी (नॉन-क्रीमी लेयर) और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार**

1. **बीसी-ए, बीसी-बी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार जो इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन कर रहे हैं :-**
   (ए) इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन करने वाले बीसी-ए (नॉन-क्रीमी लेयर), बीसी-बी (नॉन-क्रीमी लेयर) से सम्बन्धित सभी उम्मीदवारों को ऑनलाइन पोर्टल पर एक प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा जो हरियाणा सरकार निर्देश सं. 22/132/2013-1जीएस-III दिनांक 22.03.2022, सरकारी अधिसूचना सं. 40/13/2024-1एसडब्ल्यू दिनांक 16.07.2024 और समय-समय पर संशोधित अनुसार, के अनुरूप जारी किये गये हैं। यह प्रमाण-पत्र हरियाणा सरकार अधिसूचना सं. 16.07.2024 के अनुरूप और 16.07.2024 को और इसके पश्चात तथा अन्तिम तिथि से पूर्व जारी किया होना चाहिए। 16.07.2024 से पूर्व अथवा शुद्धिपत्र की अन्तिम तिथि के पश्चात जारी किये गये प्रमाण-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
   (बी) इसी प्रकार इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन करने वाले ईडब्ल्यूएस श्रेणी उम्मीदवारों को ऑनलाइन पोर्टल पर एक प्रमाण-पत्र अपलोड करना आवश्यक है, जो सं. 22/12/2019-1जीएस-III दिनांक 25.02.2019 के तहत जारी किये गये हरियाणा सरकार के निर्देशों के अनुरूप जारी किया गया हो। यह प्रमाण-पत्र वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिये वैध होना चाहिए और 01.04.2024 के पश्चात तथा अन्तिम तिथि से पूर्व जारी किया हुआ होना चाहिए। 01.04.2024 से पूर्व अथवा शुद्धिपत्र की अन्तिम तिथि के पश्चात जारी किये गये प्रमाण-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. **बीसी-ए, बीसी-बी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार जो पहले ही आवेदन कर चुके हैं :-**
   (ए) बीसी-ए (नॉन-क्रीमी लेयर), बीसी-बी (नॉन-क्रीमी लेयर) और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार जो विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 के प्रत्युत्तर में अपने ऑनलाइन आवेदन पहले ही जमा करवा चुके हैं, को ऑनलाइन पोर्टल पर एक नया प्रमाण-पत्र जमा करवाने का निर्देश दिया जाता है। जानकारी के अद्यतन के पश्चात, कृपया इसकी एक प्रति डाउनलोड करें और इसको ध्यानपूर्वक पढ़ें। जानकारी के संशोधन चेक करने के पश्चात, इसको हस्ताक्षरित करें और इसको अपलोड करें।

सी. **ईएसएम / डीईएसएम श्रेणी उम्मीदवार**

1. **ईएसएम / डीईएसएम श्रेणी उम्मीदवार जो पहले ही आवेदन कर चुके हैं :-**
   (ए) ईएसएम श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार जो विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 के प्रत्युत्तर में अपने आवेदन पहले ही जमा करवा चुके हैं, को जिला सैनिक बोर्ड द्वारा जारी अपने पहचान-पत्र की प्रति अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है। ईएसएम आईडी कार्ड नं., ईएसएम आईडी कार्ड जारी होने की तिथि और सर्विस से डिस्चार्ज की तिथि ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दर्ज की जानी चाहिए।
   (बी) डीईएसएम श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार जो विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 के प्रत्युत्तर में अपने आवेदन पहले ही जमा करवा चुके हैं, को जिला सैनिक बोर्ड द्वारा जारी उनका पात्रता प्रमाण-पत्र अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है। पात्रता रजिस्टर की क्रम सं., डीईएसएम प्रमाण-पत्र जारी होने की तिथि और जिस तिथि तक नवीकृत है, के सम्बन्ध में विवरण ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दर्ज किया जाना चाहिए।
2. ईएसएम/डीईएसएम उम्मीदवार जो इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन कर रहे हैं
   (ए) ईएसएम श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार जो इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन कर रहे हैं, को सक्षम प्राधिकारी/जिला सैनिक बोर्ड द्वारा जारी अपने पहचान-पत्र की प्रति अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है। ईएसएम आईडी कार्ड नं., ईएसएम आईडी कार्ड जारी होने की तिथि और सर्विस से डिस्चार्ज की तिथि ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दर्ज की जानी चाहिए।
   (बी) डीईएसएम श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार जो इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन कर रहे हैं, को अपना पात्रता प्रमाण-पत्र अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है। पात्रता रजिस्टर की क्रम सं., डीईएसएम प्रमाण-पत्र जारी होने की तिथि और जिस तिथि तक नवीकृत है, के सम्बन्ध में विवरण ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दर्ज किया जाना चाहिए।

**टिप्पणी :-**

1. विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 दिनांक 02.08.2024 में वर्णित अन्य नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगे और लागू योग्य होंगे। उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवाने से पूर्व सभी नियम व शर्तें ध्यानपूर्वक पढ़ने का निर्देश दिया जाता है।
2. उम्मीदवार जिन्होंने विज्ञापन दिनांक 02.08.2024 और शुद्धिपत्र दिनांक 30.10.2024 के प्रत्युत्तर में पहले आवेदन नहीं किया है, वे भी इस शुद्धिपत्र के तहत आवेदन कर सकते हैं।
3. उम्मीदवार जो विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 के तहत पहले आवेदन कर चुके हैं, परन्तु वे प्रिंटआउट निकालने के पश्चात विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र अपलोड नहीं कर सके थे अथवा उनके पूर्ववर्ती आवेदन प्रपत्र में गलती से अपनी श्रेणी, योग्यता इत्यादि से सम्बन्धित गलत विवरण भर चुके थे, ऐसे सभी उम्मीदवारों को उनके पूर्ववर्ती आवेदन प्रपत्र को निरस्त करने के पश्चात और अपेक्षित शुल्क के भुगतान के पश्चात नया आवेदन प्रपत्र भरकर केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से नये सिरे से आवेदन का निर्देश दिया जाता है।
4. **उम्मीदवार जो पहले आवेदन नहीं कर चुके हैं, परन्तु इस शुद्धिपत्र के तहत नया आवेदन कर रहे हैं, उनकी आयु 15.02.2025 को निर्धारित की जाएगी और शैक्षणिक योग्यता तथा बीसी-ए(एनसीएल)/बीसीबी(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/ईएसएम/डीईएसएम इत्यादि के प्रमाण-पत्र शुद्धिपत्र की अन्तिम तिथि अर्थात 15.03.2025 को निर्धारित किए जाएंगे।**
5. उम्मीदवारों को एतद द्वारा ऑनलाइन **लिंक अर्थात http://hpsc.gov.in** के माध्यम से आवेदन करने का परामर्श दिया जाता है। लिंक 01.03.2025 से और 15.03.2025 को अप. 5.00 बजे तक उपलब्ध होगा।

**दिनांक : 24.02.2025** — **हस्ता/- उप सचिव**, **हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

संवाद-1156/13/306/2025/32513/88/7 दि. 24.02.25


### पूर्व में भी 2 आरोपी किए जा चुके हैं गिरफ्तार

# मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ठगी करने वाले दो आरोपियों को किया पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

थाना साइबर बल्लभगढ़ की पुलिस टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में शामिल होना बतलाकर धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपियों साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने गिरफ्तार किया है।

बता दें कि सेक्टर-9 में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना साइबर बल्लभगढ़ में दी गई अपनी शिकायत में बताया कि 17 दिसंबर को उसके पास एक फोन आया जिसने बताया कि ट्राई से बोल रहा हूं आपके पास दो मोबाइल नबंर है, आपका एक मोबाइल नबंर मुंबई के पते पर है जो यह नम्बर आप से संबंधित नही है। इस नबंर में आपके आधार कार्ड नबंर का दुरुपयोग किया गया है। इसके उपरांत उसने शिकायतकर्ता को मुंबई पुलिस स्टेशन के एक मोबाइल नबंर से उप निरीक्षक से बात करने को कहाए इसके उपरांत एक महिला से बात करने को कहा जिसका नंबर भी दिया गया। महिला से बात करने पर महिला ने शिकायतकर्ता को मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में शामिल बताया और सारी संपत्ति जब्त करके जेल में डालने की धमकी दी। उन्होंने शिकायतकर्ता पर दबाव डालते हुए अपनी एफडी और बचत खाता की राशि को भेजने के लिए कहा। जिसपर शिकायत कर्ता ने अपने अलग-अलग खातों से उनके पास राशि 60,00,000 रूपए ट्रांसफर कर दिया। जिसके संबंध में थाना साइबर बल्लबगढ़ में मामला दर्ज किया गया है। मामले में कार्यवाही करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने 2 आरोपी राठोड आयुष और निनावे भावेश को गिरफ्तार किया है।



दोनों आरोपी सूरत गुजरात के रहने वाले है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राठोड आयुष एकाउंट होल्डर है जिसके खाते में ठगी के 5 लाख रु आये थे जिसने यह खाता आगे निनावे भावेश को दे दिया था और निनावे भावेश ने आगे यह खाता अन्य आरोपी को दे दिया था दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद माननीय अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है चारों आरोपी सूरत गुजरात के रहने वाले है।

### शराब तस्करों पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर-46 की टीम ने अवैध शराब तस्करी के आरोपी राकेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी राकेश निवासी अधियारी थाना खंडासा जिला अयोध्या हाल पता मेवला महाराजपुर फरीदाबाद को वेल्डिंग चौक सेक्टर 46 के पास से काबू किया है। आरोपी से मौके पर देसी शराब के 60 पव्वा देशी शराब मार्का मस्ताना बरामद किए। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।



### चोरी के मामले में आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एवीटीएस सिकरोना की टीम ने वाहन चोरी के मामले में आरोपी हरेंद्र उर्फ हरी को गिरफ्तार किया है। 24 फरवरी 2025 को अरवीन निवासी अज्जी कालोनी बल्लभगढ़ फरीदाबाद ने थाना सेक्टर-58 में दी अपनी शिकायत में बताया कि शिकायतकर्ता एस्कोर्ट्स कंपनी में जेसीबी पर काम करता है।




# सरदार रंजोत सिंह सन्नी कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

एनआईटी-86 विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी सरदार रंजोत सिंह सन्नी ने कांग्रेस से नाता तोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। वे 2009 से 2025 तक कांग्रेस के साथ सक्रिय रहे, लेकिन अब भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो गए। यह महत्वपूर्ण निर्णय उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में लिया। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि सरदार रंजोत सिंह सन्नी ने हाल ही में हुए हरियाणा प्रबंधन कमेटी के चुनाव में भी हिस्सा लिया था और बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें इस चुनाव में जनता का अच्छा समर्थन और सम्मानजनक वोट प्राप्त हुए थे, जो उनके प्रभाव और जनसमर्थन को दर्शाता है। सरदार रंजोत सिंह सन्नी के भाजपा में आने से पार्टी को एनआईटी 86 में और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही सच्चे मायनों में जनता के हित में काम कर रही है इसलिए उन्होंने कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया।



### मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव ने लगाई कंपनी को 1.30 करोड़ की चपत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-53 थाना एरिया में मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव द्वारा कंपनी को 1.30 करोड़ रुपए की चपत लगाने का मामला सामने आया है। आरोपी वर्ष 2018 से कंपनी से प्रोडक्ट डिलीवरी कराता रहा और पैसा कंपनी में जमा नहीं कराया। ईओडब्ल्यू-1 की जांच के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-54 की सोसाइटी में रहने वाले जिन ली ने कहा कि उनकी कंपनी में आनंद व्यास नामक युवक मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव था।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | चरखी दादरी में एनवीएम में मासाखोर के लिये शैड के प्लेटफॉर्म पर सीसी का प्रावधान और चरखी दादरी में एनजीएम कॉलम्स सहित कवर्ड शैड (9 बेज और 24 मी. स्पैन) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 03.03.2025 | 89.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/40/32510/1/88/7 दि. 24.02.25

## योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

# कुआं ही नहीं, संभल मस्जिद भी है सरकारी जमीन पर

यूपी सरकार की स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया कि जामा मस्जिद कमेटी के अधिकारी सरकारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि कुआं सार्वजनिक भूमि पर है।

एजेंसी ▶▶ संभल

यहां शाही जामा मस्जिद के पास के कुंए को उत्तर प्रदेश सरकार ने उन 19 प्राचीन कुंओं में से एक बताया है, जिनके जीर्णोद्धार की योजना है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल स्टेटस रिपोर्ट में राज्य सरकार ने कहा है कि कुंआ सार्वजनिक जमीन पर है। उसे मस्जिद का हिस्सा बताने वाला दावा झूठा है।

गौरतलब है कि शाही मस्जिद के असल मे हरिहर मंदिर होने को लेकर कानूनी विवाद चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा रखी है। इस बीच मस्जिद कमेटी ने संभल में प्राचीन कुंओं की तलाश और खुदाई के खिलाफ याचिका दाखिल कर दी। मस्जिद पक्ष के खास तौर पर परिसर के पास के कुंए को लेकर यथास्थिति बनाए रखने की मांग की। कमेटी का कहना था कि कुएं की खुदाई और उसे मंदिर का कुंआ कहने से वहां पूजा शुरू हो जाएगी। 10 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने संभल में शाही जामा मस्जिद के पास के कुंए को हरि मंदिर का कुंआ कहने वाले नगरपालिका के नोटिफिकेशन पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी।



संभल मस्जिद मामले में यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी स्टेटस रिपोर्ट

### मस्जिद कमेटी ने कोर्ट को किया भ्रमित

सुप्रीम कोर्ट ने 25 फरवरी को अगली सुनवाई की बात कहते हुए यूपी सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी. अब यूपी सरकार ने जवाब दाखिल कर कहा है मस्जिद कमेटी ने गलत फोटोग्राफ पेश कर कोर्ट को भ्रमित करने की कोशिश की है। कुंआ मस्जिद परिसर के पास है, उसके अंदर नहीं. कुंए का मस्जिद से कोई संबंध नहीं.।शाही मस्जिद खुद ही सार्वजनिक जमीन पर बनी है.।

-लंबे समय से कुंए का उपयोग सभी समुदाय के लोग करते रहे है। 1978 में हुए साम्प्रदायिक दंगों के बाद कुंए के एक हिस्से पर पुलिस चौकी बना दी गई। दूसरा हिस्सा इसके बाद भी इस्तेमाल में बना रहा। लेकिन 2012 के आसपास इस कुंए को ढंक दिया गया। यह कुंआ उन 19 प्राचीन कुंओं में से एक है। जिनका जिला प्रशासन जीर्णोद्धार करने में लगा है। इन ऐतिहासिक कुंओं से संभल को सांस्कृतिक पहचान मिलेगी।

### नई सांस्कृतिक पहचान से बड़ी संख्या में पर्यटक होंगे आकर्षित

नई सांस्कृतिक पहचान से बड़ी संख्या में पर्यटक आकर्षित होंगे। प्रशासन की योजना परिक्रमा पथ, साइन बोर्ड जैसी बहुत सी सुविधाओं के विकास की भी है। मस्जिद कमेटी इलाके के विकास को रोकने की कोशिश कर रही है। इस कुंए में अभी पानी नहीं है। प्रशासन का उद्देश्य इस कुंए के जरिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, वॉटर रिचार्ज और दूसरे मकसद को पूरा करना भी है। सरकार इलाके में लगातार शांति सद्भावना बनाए रखने में लगी है। सार्वजनिक कुओं के इस्तेमाल से रोकना इस लिहाज से भी ठीक नहीं रहेगा।

मंगलवार को होने वाली सुनवाई में हिंदू पक्ष भी अपनी बात रखेगा। पिछली सुनवाई में हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि 2006 तक हिंदू उस कुएं में पूजा करते थे। इलाके में एक समुदाय की संख्या बढ़ जाने से हिदुओं ने वहां जाना बंद कर दिया। वह इस बारे में सबूत कोर्ट के सामने रखेंगे।

---

## खबर संक्षेप

### हाथरस सत्संग हादसा न्यायालय में सुनवाई आज

**हाथरस।** सत्र न्यायाधीश सतेंद्र कुमार के न्यायालय में सत्संग हादसे में आरोपों पर बहस चल रही है। न्यायालय में अब इस मामले में 25 फरवरी को सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि के पिछले साल दो जुलाई को सिकंदराराऊ के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में आयोजित सत्संग में भगदड़ मच गई थी, जिससे 121 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 250 घायल हुए थे।



### प्रेमी संग बेटे को बोर्ड का पेपर दिलाने गई थी मां

**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर स्थित खानपुर क्षेत्र के गांव खिदरपुर में एक व्यक्ति ने पुत्र को पेपर दिलाने आई मां व उसके प्रेमी पर फायरिंग कर दी। इस घटना में महिला की मौत हो गई और प्रेमी की हालत भी नाजुक बनी हुई है। सूचना पर एसपी सिटी शंकर प्रसाद, सीओ दिलीप सिंह व थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाई। वहीं आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग निकला।



---

## महाकुंभ पर टिप्पणी को लेकर भड़के सीएम योगी, बोले-

# गिद्धों को लाश, सुअरों को गंदगी,महाकुंभ में जिसने जो भी तलाशा उसे वही मिला

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन को संबोधित किया और इस दौरान उन्होंने अभिभाषण के दौरान सपा नेताओं के आचरण को शर्मनाक करार दिया।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को लेकर टिप्पणी करने पर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने महाकुंभ में अव्यवस्था और भगदड़ के मुद्दे पर जवाब देते हुए कहा कि समाजवादियों और वामपंथियों को सनातन की सुंदरता रास नहीं आ रही है।

उन्होंने एक सोशल मीडिया टिप्पणी के माध्यम से विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसे वो मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली। सुअरों को गंदगी मिली। संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली। आस्थावानों को पुण्य मिला। गरीबों को रोजगार मिला। अमीरों को धंधा मिला। श्रद्धालुओं को साफसुथरी व्यवस्था मिली। पर्यटकों को अव्यवस्था मिली। सद्भावना वाले लोगों को जातिरहित व्यवस्था मिली। एक ही स्थान पर सभी जाति के लोगों ने स्नान किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर किए जाने वाले प्रश्न समाजवादियों और वामपंथियों की नीयत को दर्शाते हैं।

**खास बातें**

- आस्थावानों को पुण्य मिला, गरीबों को रोजगार
- एक ही स्थान पर सभी जाति के लोगों ने किया स्नान
- 16 लाख करोड़ के निवेश पर 60 लाख युवाओं को मिला रोजगार

### 16 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन के आयोजनों से यूपी को नई पहचान मिली है। प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है। प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। यही कारण है कि लाखों करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आ रहे हैं। हम लोगों ने अब तक 16 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा है जिससे कि 60 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। ये डबल इंजन की सरकार का ही परिणाम है कि आज दुनिया भर के देश उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आ रहे हैं।

### विधानसभा के सामने किया आत्मदाह का प्रयास

*इधर विधानसभा के सामने सोमवार को कानपुर में मान निवादा के बिल्हौर में रहने वाले हैं राकेश दुबे (56) पत्नी निर्मला के साथ आत्मदाह करने पहुंचे। दोनों को खुद पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलता देख वहां तैनात आत्मदाह निरोधी के पुलिस कर्मियों ने दौड़ कर उन्हें रोक लिया। घटना की जानकारी हजरतगंज थाने में दी। पुलिस दंपती को थाने लेकर पहुंची। पूछताछ में राकेश ने बताया कि उनकी बेटी लापता हो गई है। उन्होंने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मगर पुलिस ने कोई उचित कार्रवाई नहीं की।*

---

## तेजस्वी का पीएम से सवाल

# किसानों की आय दोगुनी कब होगी बिहार में चीनी मिलें कब शुरू होंगी

एजेंसी ▶▶ पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार के भागलपुर में किसान रैली के बाद पूर्व डिप्टी सीएम और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। तेजस्वी ने पीएम नरेंद्र मोदी के सामने सवालों की झड़ी लगाते हुए पूछा है कि उन्होंने साल 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, 2025 आ गया है लेकिन अब तक किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि मोदी सरकार बिहार में चीनी मिलें शुरू करने के अपने वादे को कब पूरा करेगी।



बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि बिहार के किसानों की समस्याएं, चुनौतियां और संकट अन्य राज्यों की तुलना में अलग हैं। बिहार में खेतीहर मजदूर और बटाईदार किसान अधिक हैं। उनके लिए डबल इंजन की सरकार ने क्या किया है, यह जनता को बताना चाहिए।

### बिहार को टेक्सटाइल पार्क अभी तक नहीं मिल पाया

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार के किसानों की आय, साक्षरता, प्रति व्यक्ति निवेश देश में सबसे कम क्यों है? केंद्र की पीएम श्री मेगा टेक्स्टाइल पार्क योजना के तहत बिहार को टेक्स्टाइल पार्क अभी तक नहीं मिल पाया है। विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज भी नहीं मिला।

## बिहार में 15 साल से ज्यादा पुरानी गाड़ियां होंगी जब्त

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार सरकार 15 साल से अधिक पुरानी गाड़ियों के खिलाफ पूरे प्रदेश में अभियान चलाएगी। इसके लिए सभी 38 जिलों में संबंधित अधिकारियों को टास्क सौंपा गया है। इसमें ऐसे वाहनों के खिलाफ पूरे प्रदेश में व्यापक अभियान चलेगा जो 15 साल की उम्र पूरी कर चुके हैं और उनके वाहन मालिकों ने उसके निबंधन का नवीकरण नहीं कराया है। राज्य सरकार ने ऐसे वाहनों के परिचालन को अवैध घोषित किया है। यही नहीं सड़कों पर दौड़ रहे ऐसे 15 साल से अधिक पुराने वाहन जब्त भी होंगे। साथ ही वाहन मालिकों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। यदि 15 साल से अधिक पुराने वाहनों के निबंधन का नवीनीकरण नहीं हुआ है तो उन्हें ऐसी कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी गई है। परिवहन विभाग ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। 15 साल से अधिक पुराने सरकारी वाहनों के निबंधन का तो नवीकरण भी नहीं होगा।

## पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बोले

# किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित हुई किसान सम्मान निधि

- अब तक देशभर के करोड़ों किसानों को इस योजना का लाभ मिला है
- अरबों रुपये से अधिक की धनराशि सीधे किसानों के खातों में जमा की जा चुकी है

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के छह वर्ष पूरे होने पर हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने इसे किसानों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुई है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पीएम-किसान योजना ने देश के करोड़ों किसानों को सीधा और पारदर्शी वित्तीय लाभ पहुंचाया है। किसानों को 6,000 रुपये वार्षिक सहायता मिलने से उनकी कृषि संबंधी जरूरतें पूरी हुई हैं, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ी है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के किसान हितैषी दृष्टिकोण और सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हरियाणा सहित पूरे देश में इस योजना का व्यापक असर देखने को मिला है। किसानों को समय पर सहायता मिलने से वे अपनी कृषि लागत को पूरा करने, उन्नत तकनीकों को अपनाने और आधुनिक खेती की ओर बढ़ने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि "यह योजना न केवल किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार बनी है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाना ही देश को आत्मनिर्भर बनाने की ओर बढ़ाया गया एक कदम है।"

### किसानों को और मजबूत योजनाओं की जरूरत

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि सरकार को किसानों के लिए ऐसी योजनाएं और बढ़ानी चाहिए, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि हो और वे कृषि के आधुनिक तौर-तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने यह भी कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए नई कृषि तकनीकों, सिंचाई सुविधाओं और बाजार तक सीधी पहुंच की दिशा में भी तेजी से कार्य होना चाहिए। अंत में, कैप्टन अभिमन्यु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कृषि मंत्रालय और सभी संबंधित विभागों को इस योजना के सफल संचालन के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में यह योजना और अधिक प्रभावी ढंग से किसानों की समृद्धि में योगदान देती रहेगी।



पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु

---

## पेज एक का शेष

### महिलाओं की भागीदारी वाले...

में अधिक महिलाओं को शामिल करें। महिला शांति सैनिकों का यह समूह 24 फरवरी को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में उद्घाटित सम्मेलन में भाग लेने के लिए राजधानी की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। जिसका शीर्षक 'शांति स्थापना में महिलाएं: वैश्विक दक्षिण का परिपेक्ष्य' है। सम्मेलन का आयोजन विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (दिल्ली) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

**50 देशों में 2.50 लाख से अधिक की तैनाती :** राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में भारत के योगदान के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा देश के 2 लाख 90 हजार शांति सैनिकों ने 50 से अधिक संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवा की है। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए अक्सर प्रतिकूल परिस्थितियों में तैनात 9 सक्रिय मिशनों में 5 हजार से अधिक शांति सैनिक शामिल हैं। राष्ट्रपति ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि भारतीय महिला शांति सैनिक कर्तव्य के आह्वान में सबसे आगे रही हैं। आज चल रहे 6 मिशनों में 154 से अधिक भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात हैं। इनमें कांगो, दक्षिण सूडान, लेबनान, गोलन हाइट्स, पश्चिमी सहारा और अबेई मुख्य हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1960 के दशक में कांगो से लेकर 2007 में लाइबेरिया तक हमारी महिला शांति सैनिकों ने व्यावसायिकता और आचरण की उच्च परंपराओं का प्रदर्शन किया है।

### समावेशी बनते महिलाओं...

इसके अलावा वह लिंग आधारित हिंसा से निपटने, विश्वास को बरकरार रखने और संवाद को बढ़ावा देने के लिए भली भांति अपने कर्तव्य का निर्वाह करती हैं।

### पीएम मोदी ने कहा-मप्र...

पहली बार आया है, जब पूरी दुनिया भारत के लिए आशान्वित है। भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता को सिद्ध किया है, जिसके परिणाम स्वरूप संपूर्ण विश्व भारत पर विश्वास प्रकट कर रहा है। यही विश्वास हम मप्र में अनुभव कर रहे हैं। मप्र जनसंख्या की दृष्टि से देश का पांचवां बड़ा राज्य है, कृषि और खनन में अग्रणी है, इसके साथ ही राज्य को मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में हो रहे अधोसंरचना विकास का लाभ मप्र को मिला है। दिल्ली, मुंबई एक्सप्रेस-वे का बड़ा भाग मप्र से निकलता है। रोड नेटवर्क की वजह से लॉजिस्टिक्स की यहां अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। मप्र में हर वह क्षमता है, जो इसे देश के शीर्ष पांच राज्यों में ला सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जमकर पीठ थपथपाई और बधाई दी।

**विद्यार्थियों की परीक्षा बाधित न हो, इस कारण 20 मिनट की देरी से आया :** प्रधानमंत्री मोदी ने जीआईएस के शुभारंभ कार्यक्रम में 15-20 मिनट विलंब पहुंचने पर खेद जताया। उन्होंने कारण बताते हुए कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि सोमवार को10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा है। वीआईपी मूवमेंट होने से विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो, इस उद्देश्य से उन्होंने अपना शेड्यूल 20 मिनट की देरी हुई। इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं।

**विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने प्रदेशवासी प्रतिबद्धः सीएम यादव :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की थीम 'अनंत संभावनाएं' है। अनंत संभावनाएं केवल एक विचार नहीं, बल्कि मप्र के प्रत्येक क्षेत्र में अवसरों की व्यापकता को दर्शाने वाला दृष्टिकोण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प समस्त भारतवासियों ने लिया है, हमारा लक्ष्य देश को 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। राज्य सरकार अगले 5 वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

**प्रोत्साहन के लिए 18 नई नीतियां की लॉन्च :** प्रधानमंत्री मोदी ने रिमोर्ट का बटन दबाकर प्रदेश में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए लागू 18 नवीन नीतियों का शुभारंभ किया। इसके तहत मप्र उद्योग नीति 2025, एमएसएमई नीति, एक्सपोर्ट प्रमोशन नीति, लॉजिस्टिक्स नीति, स्टार्टअप नीति, मध्यप्रदेश एनीमेशन, वीआर, गैमिंग कॉमिक्स और विस्तारित रियलिटी नीति, जीसीसी नीति, सेमी कंडक्टर नीति, ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति, फिल्म पर्यटन नीति, पर्यटन नीति, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज नीति, सिटी गैस डिस्टिब्यूशन नीति, विमानन नीति, नवकरणीय ऊर्जा नीति, स्वास्थ निवेश प्रोत्साहन नीति और एकीकृत टाउनशिप नीति शामिल हैं।

**पहले दिन इन कंपनियों के साथ हुए एमओयू :** जीआईएस के पहले दिन कुल 8 बड़े उद्योगपतियों के साथ करीब 3.50 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हुए। इसमें एमटीपीसी-एनजीईएल और एमपीपीजीसीएल के साथ रिन्यूबल पॉवर एनर्जी में 1.20 लाख करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू हुए।इसी तरह एनटीपीसी न्यूक्लियर के साथ ऊर्जा के क्षेत्र में 80 हजार करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ रिन्यूबल एनर्जी पर 60 हजार करोड़, अवाडा ग्रुप के साथ सोलर, विंड, हाईब्रिड रिन्यूबल एनर्जी के लिए 50 हजार करोड़ रुपए, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के साथ ऊर्जा पर 26,800 करोड़ रुपए, रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन के साथ 21 हजार करोड़ तथा ओपीजी पावर जनरेशन प्रालि. के साथ 13,400 करोड़ रुपए के निवेश पर एमओयू हुए।

### 2 केंद्रीय मंत्री खट्टर, शेखावत...

पंकज त्रिपाठी भी मौजूद होंगे। समिट में दूसरे दिन केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय सचिव श्रीनिवास कटिकिथला के साथ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला के स्वागत उद्बोधन से होगा। इस दौरान खट्टर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तैयार इलेकक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए ईवी पोर्टल का लोकार्पण भी करेंगे। प्रदेश के शहरों में विकास को बढ़ावा देने के लिए डेवलपिंग सिटी टुमारो पर भी विशेष चर्चा होगी। समिट के दूसरे दिन प्रदेश में पर्यटन को बढ़ाने के लिए फ्यूचर रेडी एमपी में पर्यटन और संस्कृति के योगदान पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इसमें केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत, केंद्रीय सचिव पर्यटन मंत्रालय वी विद्यावति, प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति मप्र शिव शेखर शुक्ला, इतिहासकार केके मोहम्मद, एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स के प्रेसीडेंट अजीत बजाज, एक्टर पंकज त्रिपाठी, इंडियन होटल्स कंपनी के रोहित खोसला, मेक माय ट्रिप के समीर बजाज, जहानुमा होटल के डायरेक्टर अली राशिद सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे और निवेश को लेकर विचार रखेंगे।

### एडवांटेज असम निवेश और शिखर...

कलाकारों और दर्शकों का अभिवादन किया। झुमुर नृत्य के बाद राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक थीम पर एक लेजर शो भी आयोजित किया गया।

**दिग्गज, भूटान के कृषि मंत्री, उद्योगपति आएंगे होंगे :** मोदी मंगलवार सुबह पूर्ण सत्र में शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसमें असम के राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर, सर्बानंद सोनोवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पबित्र मार्गेरिटा, कोनराड संगमा, माणिक साहा, भूटान के कृषि मंत्री और देश के शीर्ष उद्योगपति शामिल होंगे।

### फ्रांस में रूसी वाणिज्य दूतावास...

चोरी की कार भी मिली।

**एसवीआर ने दी थी हमले की चेतावनी :** रूस की विदेश खुफिया सेवा (एसवीआर) ने 19 फरवरी को चेतावनी दी थी कि यूक्रेन सरकार यूरोप में रूस के दूतावासों पर आतंकवादी हमले की योजना बना रही है, खासकर जर्मनी, बाल्टिक और स्कैंडिनेवियाई (नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क) देशों में।

**राष्ट्रपति मैक्रों ने चाकूबाजी को भी बताया था आतंकवादी हमला :** इससे पहले फ्रांस में चाकू से हमले का मामला भी सामने आया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन घायल हो गए थे। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस हमले को इस्लामी आतंकवाद बताया था। जर्मनी की सीमा के पास मुलहाउस में हुई इस वारदात में पुर्तगाल के नागरिक की मौत हुई थी। घटना में सात पुलिस अधिकारी भी घायल हुए थे।

**पहले फ्रांस में रूस के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे :** इस घटना से पहले, फ्रांस में रूस के खिलाफ कई विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं, खासकर 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद। फ्रांस के प्रमुख शहरों जैसे पेरिस और मार्सिले में रूस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जिनमें रूस के आक्रमण के खिलाफ आवाज उठाई गई थी।

### रूस के विदेश मंत्रालय...

सभी संकेत हैं। हम मांग करते हैं कि फ्रांस तत्काल और गहराई से घटना की जांच करे और रूस की विदेश में स्थित सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के उपाय करे।

### 2030 तक भारत का तकनीकी...

मेधा (एआई), मशीन लर्निंग और डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। उन्होंने आईआईटी मंडी से राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में रक्षा संबंधी प्रौद्योगिकियों में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया। साथ ही डीआरडीओ के साथ एआई संचालित युद्ध, स्वदेशी एआई चिप विकास, साइबर सुरक्षा और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में अधिक योगदान देने का आह्वान किया।

**2029 तक रक्षा निर्यात 50 हजार करोड़ होगा :** राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात लगभग 23 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसे 2029 में 50 हजार करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने छात्रों से तकनीकी समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश की आर्थिक प्रगति में योगदान देने की अपील की। जिससे राष्ट्र की रक्षा क्षमताएं बढ़ेंगी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तकनीकी नवाचार में उत्कृष्टता प्राप्त करने की अपील भी राजनाथ ने छात्रों से की। रक्षा मंत्री ने आईआईटी मंडी को उसकी डेढ़ दशकीय यात्रा के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम से इतर उन्होंने संस्थान की दो नई इमारतों (मार्गदर्शन, परामर्श केंद्र और सतत शिक्षा केंद्र) का उद्घाटन किया। साथ ही विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान भारत के विकास और वैश्विक तकनीकी उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देना जारी रखेगा।

### मंत्री वैष्णव बोले-...

स्थापित कर सकता है तो रेलवे खरीदने के लिए तैयार है। हम पवन ऊर्जा की खरीद में भी रुचि रखते हैं।

### संतुलित और पारस्परिक रूप...

**सभी विकल्पों पर चर्चा जारी :** पीयूष गोयल ने कहा कि दोनों देश एफटीए से जुड़े हुए विभिन्न जरूरी पहलुओं पर विचार विमर्श कर रहे हैं। जिसमें एफटीए, द्विपक्षीय निवेश संधि और दोहरा योगदान सम्मेलन समझौता मुख्य रूप से शामिल है। भारत दुनिया के कई विकसित देशों के साथ एफटीए करने के लिए बातचीत कर रहा है। जबकि भारत और ब्रिटेन के व्यापार को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए हम टैरिफ में कमी कर सकते हैं। भारत द्वारा लगाए गए कई टैरिफ हकीकत में हमें गैर-बाजार, गैर-पारदर्शी अर्थव्यवस्थाओं, मूल्य निर्धारण और माल की डंपिंग के लिए जाने वाली अर्थव्यवस्थाओं से बचाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीयों को दिए जाने वाले कामगार वीजा के मामले में आज की बैठक में कोई चर्चा नहीं की गई। क्योंकि यह विषय व्यापार से जुड़ी वार्ताओं का हिस्सा नहीं है। भारत ने एफटीए से जुड़ी किसी भी बैठक में अप्रवासन के मुद्दे पर चर्चा नहीं की है।

**भारत संग एफटीए सर्वोच्च प्राथमिकताः ब्रिटेन :** ब्रिटेन के व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि भारत के साथ एफटीए करना ब्रिटेन की सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। ऐसे में उसके साथ मुक्त व्यापार समझौता करना अब ज्यादा दूर नहीं है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का इसे पूरा समर्थन हासिल है। इस लिहाज से यह एक अच्छा समझौता होगा।

हरिभूमि सहेली



नन्हे बच्चों के हाथों में मोबाइल होने से वे बहुत कुछ ऐसा देख-सुन रहे हैं, जिससे उनके मन की सुकोमलता-मासूमियत खत्म हो रही है, बचपना छीज रहा है, वे समय से पहले परिपक्व हो रहे हैं। इस तरह बच्चों का स्वाभाविक नैसर्गिक विकास प्रभावित हो रहा है। ऐसे में बच्चों की परवरिश कैसे हो, अभिभावकों को यह समझना बहुत जरूरी है।

# गुम होती बचपन की मासूमियत

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

जीवन के सबसे अनमोल पल होते हैं बचपन के। यह जिंदगी का सबसे खूबसूरत और मासूम समय होता है। तभी तो वयस्क होने पर भी हम अपने अंदर के बच्चे को जीवित रखना चाहते हैं, ताकि उसी आनंद का अनुभव कर सकें। लेकिन आज बच्चों का बचपना, उनकी मासूमियत कहीं गुम-सी हो गई है। उनकी सोच और बोल में सयानापन साफ झलकता है।

## बदल गया लालन-पालन का तरीका

हर पीढ़ी एक-दूसरे से भिन्न और आगे होती है। एक समय था, जब बड़े-बुजुर्ग छोटे बच्चों को खाना खिलाने के लिए उनके सामने थाली में चावल फैला दिया करते थे। बच्चा अपने तरीके से उसे खाने की कोशिश करता था। थाली के बाहर चावल बिखरे होते थे। वह उन्हें भी चुन-चुन कर खाने का प्रयास करता था। लेकिन आज ऐसा नहीं है। स्मार्टफोन के जमाने में दो से तीन वर्ष के बच्चों के हाथों में भी मोबाइल होता है, जिसे देखते हुए वे



खाना खाते हैं। इतना ही नहीं, खुद माताएं भी स्मार्टफोन में कार्टून या राइम्स लगाकर बच्चों को खाना खिलाती दिखाई दे जाती हैं। फिर चाहे वह घर हो या कोई रेस्तरां। नन्हे-नन्हे नाजुक हाथों में वजनदार मोबाइल फोन अब एक आम बात हो गई है। नतीजा यह हुआ है कि बहुत कम उम्र से बच्चों को मोबाइल फोन देखने की लत लग जाती है। इससे आगे चलकर उनका पूरा व्यक्तित्व प्रभावित होने लगता है।

## स्मार्टफोन ने बदला बच्चों का व्यवहार

छह वर्षीय अनिकेत की मां रोशनी को यह समझने में वक्त लगा कि मोबाइल पर वीडियो गेम्स, रील्स आदि की लत के कारण कैसे बेटे का व्यवहार भी क्षण-क्षण बदलता रहता था। जब वह किसी मोबाइल गेम में डूबा रहता था, तो किसी की नहीं सुनता था। पैरेंट्स की हिदायतों को अनसुना करना आम बात हो चुकी थी। परंतु जब वह किसी सामान्य गतिविधि में लिप्त रहता, खेल या ड्राइंग कर रहा होता, तो उसकी बातों और व्यवहार में मासूमियत होती थी। यानी कहीं न कहीं इंटरनेट और सोशल मीडिया से मिलने वाली गैर-जरूरी सूचनाएं, उसके मन-मस्तिष्क पर गहरा असर डाल रही थीं। उसकी बोली में कड़वाहट, गुस्सा और आक्रोश भर रहा था। सहनशक्ति क्या होती है, वह तो उसे मालूम ही नहीं था। रोशनी ने तय किया कि वह बेटे के सामने मोबाइल फोन नहीं देखेगी या कम से कम देखेगी, ताकि उसे कोई गलत संदेश न जाए।

## पैरेंट्स को देखकर बनती है आदत

हम सभी जानते हैं कि छोटे बच्चे का मन कच्ची मिट्टी-सा होता है। वे अपने बड़ों और पैरेंट्स को जो भी करते देखते हैं, वैसा ही खुद करने की कोशिश करते हैं। इन दिनों वयस्क किस तरह से मोबाइल फोन की गिरफ्त में हैं, यह सच किसी से छिपा नहीं है। किशोर उम्र बेटे के पिता और फिल्ममेकर अभिजीत सिन्हा कहते हैं, '2010 के आस-पास से बाजार में सस्ते स्मार्टफोन और सेललुर डाटा की उपलब्धता बढ़ती गई। घर-घर में स्मार्टफोन पहुंच गया, बड़ों के साथ बच्चों की दुनिया बदल गई। उनके आपसी रिश्ते बदल गए। संवाद कम हो गया। बच्चे जल्दी



बोर होने लगे और मोबाइल उनका साथी बन गया। ऐसा नहीं है कि उससे पहले बच्चों के पास मनोरंजन के कोई साधन नहीं थे। 80 के दशक में टीवी पर बच्चों को लेकर अनेक शो आते थे, जिनका वे बेसब्री से इंतजार भी करते थे। उन शोज का कंटेंट संस्कार देने वाले और ज्ञानवर्धक होता था। कार्यक्रम बच्चों की उम्र को ध्यान में रख कर तैयार किए जाते थे। उनमें हिंसा, वयस्क थीम की कोई जगह नहीं होती थी। आज इंटरनेट के जमाने में बच्चों के पास हर प्रकार की सामग्री पहुंच जा रही, जो उन पर गलत प्रभाव भी डालती है। वे संवेदनहीन हो रहे हैं।'

## शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा छीन रहा बचपन

निजी स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षिका अनाइवा की मानें, तो छोटे बच्चों की मासूमियत गुम होने का एक और प्रमुख कारण है, शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा। अंकों का दबाव। पहली-दूसरी कक्षा से ही एक प्रतिस्पर्धा सी शुरू हो जाती है। दूसरे बच्चों से तुलना की जाने लगती है। पैरेंट्स ही अपने बच्चों से सवाल करने लगते हैं कि क्लास के अमुक स्टूडेंट ने इतने अच्छे अंक लाए, तो आप क्यों नहीं ला सकते या सकतीं? बच्चों में परीक्षा का डर कुछ ऐसे भर दिया जाता है कि वह खेलना-कूदना या दोस्तों से मिलना-जुलना सब छोड़ देता है। इससे कम आयु में ही व्यक्तित्व में गंभीरता और सयानापन झलकने लगता है। एग्जाम की थोड़ी भी तैयारी कम हुई या टेस्ट में नंबर कम आएं, तो बच्चे इतने अधिक भावुक हो जाते हैं मानो आगे जीवन में करने को कुछ बचा ही न हो। यह सब अभिभावकों और पीयर ग्रुप के दबाव के कारण ही होता है। इससे उनका कोमल मन आहत होता है और वे कुछ कह भी नहीं पाते। मशहूर शायर निदा फाजली कहा करते थे, 'बच्चों के छोटे हाथों को चांद सितारे छूने दो, चार किताबें पढ़कर ये भी हम जैसे हो जाएंगे।'

### बच्चे को दें मन की करने की आजादी



डॉ.आरती आनंद
क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट



21वीं सदी में सब कुछ इतनी जल्दी-जल्दी हो रहा है कि बच्चे खुद ही खुद के अभिभावक बन गए हैं। जो जानकारी अभिभावकों से जाननी चाहिए, वे जानकारी एलेक्सा और सोशल मीडिया से आसानी से मिल जाती है। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चे को बच्चे ही रहने दें। असमय अनावश्यक अपेक्षाएं न पालें। उन्हें खेलने और अपने मन का करने की आजादी दें। अपनी महत्वाकांक्षाओं को कुछ समय किनारे रख, बच्चों के साथ प्यार से बातें करें, समय व्यतीत करें। आज ये सब नहीं हो पा रहा है। एकल परिवारों के पैरेंट्स के पास समय की कमी होती है। यही बच्चों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है और वे छोटी उम्र में बड़े हो जाते हैं।

पति-पत्नी के बीच तकरार-मतभेद होना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन यह लंबे समय तक खींचे, बड़े विवाद को जन्म देकर अलग-अलग होने के रास्ते बनाने लगे तो बात बड़ी चिंता की हो जाती है। जरूरी है पति-पत्नी आपसी संवाद से बढ़ती दरार को पाटें, सामंजस्य बनाएं और मधुरता का समावेश कर, विवाह संबंध को प्रगाढ़ बनाएं।

# बढ़ते तलाक के इस दौर में दांपत्य को कैसे बचाए रखें

मैरिड लाइफ

नम्रता नदीम

'अपने दांपत्य को बचाए रखने के लिए मैं क्या कर सकती हूं?' शालिनी ने मैरिज काउंसलर से जानना चाहा। वह पैंतीस साल की है, दो बच्चों की मां है, एक बड़ी और नामी कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इस लिहाज से आत्मनिर्भर है। लेकिन अपने वैवाहिक भविष्य को लेकर चिंतित है। बदलते समाज की तस्वीर में जो एक बहुत चिंताजनक स्थिति है, वह यह है कि तलाक की दर में उन समुदायों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है, जिनमें विवाह समझौता (कांट्रैक्ट) नहीं बल्कि ऐसा संस्कार है, जो जन्मों तक कायम रहती है यानी धार्मिक दृष्टि से अटूट है। भले ही विधि ने कुछ शर्तों के साथ तलाक की अनुमति दे रखी है। हालांकि शालिनी की उसी व्यक्ति से शादी हुई है, जिससे वह प्यार करती थी, लेकिन संबंध कब नई करवट ले ले, आज के दौर में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इसलिए शालिनी की चिंता को समझा जा सकता है। अच्छी बात यह है कि शालिनी अपनी शादी को बचाए रखना चाहती है, इसके लिए प्रयासरत है।



## जरूरी है समस्या पर करें बात

गौरतलब है कि आत्मीय संबंधों में चिंताओं या समस्याओं पर वार्ता करना आज भी अच्छा नहीं समझा जाता है, लोग संकोच करते हैं या कहें उन्हें इस बात का डर रहता है कि कहीं विवाद और न बढ़ जाए। नतीजतन, जो लोग थोड़ी-सी बातचीत से अपने संबंध सुधार सकते हैं, वे जबरन खामोशी के कारण दुखी, परेशान और तनावग्रस्त रहते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब दो व्यक्तियों में आपस में प्यार होता है तो वह बराबरी के पायदान पर होते हैं। ऐसे में दोनों पार्टनर तय कर सकते हैं कि वह किस तरह से एक-दूसरे को देखें-समझें और व्यवहार करें। दोनों ही अपने संबंध को मिलकर सींचते हैं। यह बहुत जरूरी होता है। अनेक संबंध इसलिए खटाई में पड़ जाते हैं कि एक व्यक्ति को उस तरह से समझा या व्यवहार नहीं किया जाता, जिस तरह से वह चाहता है। ऊपर हम जिस शालिनी की बात कर रहे हैं, उसने यह सब कुछ देखा है। कॉलेज के दिनों में उसका एक दोस्त था, जो उसकी परवाह नहीं करता था। लेकिन शालिनी इस संबंध में इतने लंबे समय तक फंसी रही कि अन्य प्यार भरे विकल्पों को उसने तलाश ही नहीं किया।

## संबंध बचाए रखने के तीन आसान रास्ते

विवाह या दांपत्य संबंध को बचाए रखने के लिए तीन बहुत ही आसान रास्ते हैं। अकसर नुकसान लापरवाही से होता है बजाय जान-बूझकर की गई क्रूरता से। इसलिए तीन बातों का ध्यान रखें।

**जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें:** पहली बात, अपने जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें। याद करें, आप जब अपनी शादी के शुरुआती दिनों में अपने पति के फोन में 'फेवर्ड' सूची सबसे पहले देखा करती थीं, आपको एक सुख की अनुभूति होती थी कि ऐसी लिस्ट में आपका नाम सबसे पहला होता था। फोन लिस्ट लगभग बेवकूफी का पैमाना प्रतीत हो सकती है, लेकिन अगर आप दोनों अलग-अलग तरह से एक-दूसरे की वरीयता सूची को टॉप पर नहीं रखेंगे, तो इससे एक प्रकार का असंतुलन दिखेगा जो मधुर संबंध के लिए सही नहीं है।

**ध्यान देकर सुनें:** दूसरा रास्ता है ध्यान दें। जब एक ही पार्टनर ध्यान दे रहा हो तो क्या अनकही बातों को सुना जा सकता है, नहीं। इसलिए सुनें। तारीफ करने के लिए समय निकालें। इससे दोनों पार्टनर खुश रहते हैं।

**एक-दूसरे को स्पेस दें:** तीसरा और अंतिम रास्ता है कि एक-दूसरे को स्पेस दें। यह हो सकता है कि पार्टनर अब उतना अधिक चिंतित न होता हो, जितना आपकी शुरुआती मुलाकातों में हुआ करता था। इस नई स्थिति में आपकी प्रतिक्रिया बेचैनी या गुस्से वाली नहीं होनी चाहिए बल्कि हालात में, बातचीत में और समझौतों में भावुकता होनी चाहिए। इसका अर्थ होता है कि आप अपने पार्टनर को अच्छी तरह से समझती हैं। यानी, दांपत्य को प्रगाढ़ बनाने के लिए आप दोनों का साझा प्रयास जरूरी है।

# घर पर ही करें पेडीक्योर पैर दिखेंगे सॉफ्ट-अट्रैक्टिव

स्किन केयर

नीलोफर

अपने चेहरे को सुंदर बनाए रखने के लिए तो हम कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार अपनी कोहनियों, घुटनों, पैरों की सुंदरता को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हमारे ओवरऑल लुक में सिर से पैर तक सभी का महत्व होता है। अगर पैरों की देख-भाल के प्रति जरा भी लापरवाही बरतेंगी तो ये भद्दे, रूखे और अनाकर्षक लगते हैं।

**करें प्रॉपर केयर:** शरीर के हर अंग की सफाई के साथ-साथ पैरों की त्वचा की देखभाल भी बहुत जरूरी है। पैरों की फटी एड़ियां, गंदे नाखून, जगह-जगह से कटे हुए नाखून पैरों के प्रति हमारी लापरवाही को प्रदर्शित करती है, जिसका हमारे व्यक्तित्व पर बुरा असर होता है। हाथों और पैरों की सुंदरता के लिए सैलून जाकर ज्यादा पैसे खर्च करने की बजाय आप घर पर ही मेनीक्योर और पेडीक्योर कर सकती हैं।



**रिमूव करें नेल पॉलिश:** पेडीक्योर करने के लिए सबसे पहले नाखूनों को अच्छी तरह काट लें और इन पर लगी हुई नेल पॉलिश को, नेलपॉलिश रिमूवर से साफ कर लें। इसके बाद इस पर फुट क्रीम लगाएं।

**मसाज:** पैरों की साफ-सफाई के बाद उसकी त्वचा को चमकीला बनाने के लिए मॉयश्चराइजर लेकर पैरों पर हल्की मसाज करें। इसके लिए आप इलेक्ट्रिक फुट मसाजर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। पैरों की मसाज के बाद इसकी चिकनाहट को किसी कॉटन से साफ कर लें।

**डेड स्किन हटाएं:** नेल पॉलिश रिमूव करने के बाद पैरों को पानी में भिगोएं। गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक डालकर उसमें थोड़ा शैंपू मिलाएं और कम से कम 10 मिनट पैरों को उसमें भिगोएं। ऐसा करने से नाखूनों के आस-पास की त्वचा नरम हो जाती है। अब पैरों को बाहर निकालकर पोंछ लें और इन्हें अच्छी तरह रगड़कर साफ करें। इससे डेड स्किन निकल जाती है।

**नेल्स ट्रिमिंग:** अपने नेल्स को अगर आप लंबे रखना चाहती हैं तो उनकी अच्छे से ट्रिमिंग करें। फुट फाइलर की मदद से नाखूनों के किनारों को साफ करें और प्यूमिक स्टोन से अपनी एड़ियों को रगड़कर साफ करें, जिससे डेड स्किन की सफाई हो सके।

**नेल पॉलिश लगाएं:** पेडीक्योर करने के बाद नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाने से पहले एक बेस कोट लगाएं। इसके सूखने के बाद अपनी मनपसंद कलर की नेल पॉलिश लगाएं। जब पहला कोट सूख जाए, तब दूसरा कोट लगाएं। जब दूसरा कोट सूख जाए, उसके बाद नेल पॉलिश को कवरेज देने के लिए एक हल्का कोट लगाएं और इसे भी अच्छी तरह सूखने दें।

महिलाओं में पीसीओडी समस्या हार्मोनल डिसऑर्डर की वजह से होती है। ऐसा किन वजहों से होता है, पीसीओडी के मुख्य लक्षण क्या हैं, इससे बचाव और उपचार के तरीके के बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# अनहेल्दी लाइफस्टाइल से बढ़ती है पीसीओडी की प्रॉब्लम

मेडिकल एडवाइस

डॉ. श्वेता मेंदिरत्ता
एचओडी-ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी
मैरिंगो एशिया अस्पताल, एनसीआर



पीसीओडी की प्रॉब्लम को पॉलीसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर कहते हैं। यह एक हार्मोनल डिसऑर्डर है। यह प्रॉब्लम 15 से 45 साल की उम्र तक की महिलाओं में किसी भी उम्र में हो सकती है। लेकिन जब प्यूबर्टी के बाद मेनार्की स्टेज यानी जब उन्हें पीरियड्स शुरू होते हैं, उस समय ज्यादा देखने को मिलता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में तकरीबन 20-25 प्रतिशत महिलाओं को पीसीओडी की प्रॉब्लम है।

**कैसे होती है यह प्रॉब्लम:** जब महिलाओं के शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं तो पीसीओडी की प्रॉब्लम देखने को मिलती है। कहने का मतलब है कि उनके शरीर में फीमेल हार्मोंस एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन के बजाय मेल हार्मोंस टेस्टोस्टेरोन और एंड्रोजन का लेवल बढ़ जाता है। इससे उनकी ओवरी से हर महीने रिलीज होने वाले अंडे की प्रक्रिया गड़बड़ा जाती है। पूरी तरह मैच्योर न होने के कारण अंडे का ओवोल्यूशन नहीं हो पाता। इससे महिला का पीरियड साइकल अनियमित हो जाता है। अपरिपक्व अंडे ओवरी में छोटे-छोटे सिस्ट के रूप में बदल



जाते हैं, जिसकी वजह से महिला को कई तरह की प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ती हैं।

**पीसीओडी के प्रमुख लक्षण:** पीसीओडी को आप कुछ लक्षणों से पहचान सकती हैं, जैसे- पीरियड्स समय पर न आना, चेहरे पर अनचाहे बाल आना, सिर के बाल झड़ना, पिंपल्स होना, वजन बढ़ना और मूड स्विंग होना। आगे चलकर महिला में एनोव्यूलेशन की प्रॉब्लम हो सकती है, जिससे गर्भधारण में समस्या या इंफर्टिलिटी का खतरा भी हो सकता है। यहां बताए गए लक्षण दिखने पर आपको जल्द से जल्द स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

**पीसीओडी होने के कारण:**

- अनियमित दिनचर्या, समय पर खाना न खाना, देर से सोना।
- रेग्युलर एक्सरसाइज न करना।
- जंक फूड या प्रोसेस्ड फूड, ऑयली डाइट का ज्यादा सेवन।
- रूटीन लाइफ में स्ट्रेस में रहना।

**ऐसे होता है डायग्नोज:** आमतौर पर महिला के फिजिकल चेकअप से ही डॉक्टर पीसीओडी को डायग्नोज कर लेते हैं। ओवरी सिस्ट की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड और हार्मोन लेवल का पता लगाने के लिए ब्लड टेस्ट किए जाते हैं।

**ट्रीटमेंट का तरीका:** पीसीओडी की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए मुख्य रूप से प्रिवेंटिव केयर स्ट्रेटजी यानी लाइफस्टाइल में बदलाव पर जोर दिया जाता है। महिला को सख्ती से हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने, संतुलित-पोषक आहार का सेवन करने और वजन कंट्रोल करने की हिदायत दी जाती है। मरीज की स्थिति के हिसाब से नॉन-हार्मोनल दवाइयां दी जाती हैं, सुधार न आने पर हार्मोनल दवाइयों का कोर्स भी दिया जाता है।

**बचाव है संभव:** इन बातों पर करें अमल-

- पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित और सुपाच्य आहार लें, जिसमें कार्बोहाइड्रेट और वसा के अलावा पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिंस और प्रोटीन हो।
- रिफाइंड खाद्य पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक, पैक्ड जूस जैसी हाई शुगर ड्रिंक्स, ऑयली, प्रोसेस्ड और जंक फूड को खाने से बचें।
- फल, सब्जियां, दालें, अंकुरित अनाज, डेयरी प्रोडक्ट्स, मल्टीग्रेन और सूखे मेवों को आहार में शामिल करें।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

आजकल लोग घूमने के लिए एकसाथ ग्रुप टूर पर भी निकलते हैं। इस तरह की जर्नी के पीछे यही उद्देश्य होता है, रुटीन बिजी लाइफ से अलग थोड़ा एंज्वॉयमेंट हो जाए, एक ताजगी महसूस हो। आपका ग्रुप टूर सुहाना रहे, यादगार बने, इसके लिए जरूरी है आप कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें।

# ग्रुप टूर के दौरान याद रखें कुछ एटिकेट्स

सजेशन

पूर्ति खरे



यात्राएं हमें नए अनुभव, ज्ञान और आनंद प्रदान कराती हैं। चूंकि यात्राएं हमें तरोताजा कर देती हैं, रोजमर्रा के कामों से बोर हो रही जिंदगी में उत्साह-उमंग पैदा करती हैं, इसलिए समय-समय पर हमें यात्राएं करते रहना चाहिए, चाहे परिवार के साथ या परिचितों के साथ ग्रुप में। लेकिन किसी भी तरह की यात्रा के दौरान खासतौर से ग्रुप टूर में हमें कुछ एटिकेट्स यानी शिष्टाचार का पालन जरूर करना चाहिए। यदि हम सफर के दौरान नीचे बताए गए कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो हम अपना ही नहीं, अपने साथी यात्रियों का सफर भी सुहाना बना देंगे। यदि आप भी अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों या दोस्तों के साथ टूर की तैयारी कर रही हैं तो इस दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें-



**घर जैसा व्यवहार न करें:** जब हम ग्रुप में लंबी जर्नी कर रहे होते हैं, तो जगह-जगह होटल, धर्मशाला या लॉज में रुकते हैं। याद रखें, साथ रुकने वाले लोग आपके घर के सदस्य नहीं हैं, इसलिए इनके साथ एकदम घर जैसा व्यवहार करने से बचना चाहिए। हमें दूसरों के साथ प्रेम और सम्मान से पेश आना चाहिए। सामान्य शिष्टाचार का पालन करना चाहिए। दूसरों के साथ कमरा साझा करने से पहले उनकी अनुमति जरूर ले लेनी चाहिए।

**साफ-सफाई का ख्याल रखें:** ग्रुप टूर के दौरान हमें अपने आस-पास की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। हमें कूड़ा-कचरा सही जगह पर फेंकना चाहिए, दूसरों के साथ कोई खाने की चीज साझा करने से पहले अपने हाथ जरूर धो लेने चाहिए।

**दूसरों का सम्मान करें:** कभी-कभी ग्रुप टूर के दौरान हमारे साथ दूसरी संस्कृति, परंपरा और भाषा के लोग होते हैं। हमें सबसे प्रेम से पेश आना चाहिए, उनका सम्मान करना चाहिए। हमें दूसरों के साथ बातचीत करते हुए उनकी जरूरतों को पूरा करने का भी हर संभव प्रयास करना चाहिए।

**खान-पान का ध्यान रखें:** यात्रा के दौरान हमें अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। हमें स्वच्छ-स्वस्थ भोजन करना चाहिए। दूसरों के साथ भोजन साझा करने से पहले यह जान लेना चाहिए कि वे ऐसा चाहते भी हैं या नहीं? हमें साथ में खाना खाते समय शिष्टता का पूरा ध्यान रखना चाहिए। अकेले में खामोशी से नहीं, एक-दूसरे से बातचीत करते हुए लंच या डिनर करना चाहिए।

**अपने सामान का खुद रखें ध्यान:** ग्रुप टूर के समय साथ में बहुत से लोग होते हैं, ऐसे में हमें अपने सामान का ध्यान रखना चाहिए, उसे सुरक्षित रखना चाहिए। साथ ही हमें दूसरे जगह पर निकलने से पहले अपने सामान को सही तरीके से पैक करना चाहिए। यात्रा के दौरान साथी यात्रियों का भी ध्यान रखना चाहिए।

**किसी भी सहयात्री को न हो परेशानी:** ग्रुप टूर करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आपके कारण किसी को कोई तकलीफ-परेशानी नहीं हो। आप शिष्टाचार का पालन करके, सबके साथ अपना स्नेह-प्रेम भरा व्यवहार करके अपनी जर्नी को सुखद और यादगार बना सकती हैं। यात्रा के दौरान हमें अपने अनुभवों को साझा करना चाहिए, दूसरों के साथ अच्छे रिश्ते बनाने का प्रयास करना चाहिए। इससे आपकी यात्रा मीठी यादों से भर उठेगी।

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.



# इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## मध्यप्रदेश में उद्योग एवं रोज़गार का नया युग प्रारंभ

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

# समापन समारोह

मुख्य अतिथि
**अमित शाह**
केंद्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश


**25 फरवरी, 2025**
सायं 4:30–6:00 | मुख्य हॉल
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल

**मुख्य आकर्षण**

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

CII Confederation of Indian Industry

EY Shape the future with confidence



सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
www.investmp.in

D-11197/24
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

चिंतन

# तीन वर्ष से जारी यूक्रेन व रूस युद्ध जल्द खत्म हो

युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, यह बात अमूमन विश्व के सभी ताकतवर नेता जानते हैं, फिर भी यूक्रेन व रूस के बीच जारी युद्ध को तीन साल हो गए। अमेरिकी शह पर नाटो में शामिल होने की यूक्रेन की जिद के खिलाफ शुरू हुए युद्ध के तीन साल पूरे होने के बाद आज रूस व यूक्रेन तबाही के मंजर पर खड़े हैं। हजारों रूसी व यूक्रेनी सैनिकों की जान गई है। हजारों यूक्रेनी जनता को युद्ध की तबाही झेलनी पड़ी है। जिस अमेरिकी शह पर यूक्रेन युद्ध में कूदा था, आज तीन साल बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की लगभग अकेले खड़े हैं। अमेरिका में सरकार बदलने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन की ओर से मुंह मोड़ लिया है, उसके बाद जेलेंस्की के लिए युद्ध जारी रखना केवल यूरोप के भरोसे भारी पड़ रहा है। इस युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका व रूस के प्रतिनिधि के बीच सऊदी अरब में वार्ता चल रही है। बड़ा सबक यह है कि जो देश दूसरे के भरोसे युद्ध में कूदते हैं और दूसरी की दुश्मनी निभाने का माध्यम बनते हैं, उसको हमेशा शिकस्त ही खानी पड़ती है या नुकसान अधिक उठाना पड़ता है। यूक्रेन ने कभी नहीं सोचा कि उसकी जड़ें यूएसएसआर (पूर्व के सोवियत संघ) में हैं, पश्चिम में नहीं। पश्चिम ने कभी भी रूसी संस्कृति, रूसी अस्मिता और पहचान को मान्यता नहीं दी है। अमेरिका व यूरोप के अधिकांश देशों की रूस से अदावत रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति को अपने आवाम की संरचना, संस्कृति और जरूरत को पहले देखना चाहिए। केवल नाटो में शामिल हो जाने से यूक्रेन अभेद्य नहीं बन सकता था, दूसरा कि यूक्रेन को यह पता होना चाहिए था कि अमेरिका कितनी दूर तक उसका साथ देगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने सत्ता संभालते ही नाटो के विचार को ही तिलांजलि दे दी, अमेरिका रूस के साथ नरम हो गया। सोमवार को यूरोप और कनाडा के कई नेता यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे हैं। इस दौरे से युद्धरत राष्ट्र के प्रति समर्थन प्रदर्शित किया गया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो विदेशी आगंतुकों में शामिल हैं। केवल भौगोलिक रूप से यूरोप में होने के चलते यूक्रेन को अमेरिकी मदद अनवरत जारी रहने का मुगालता नहीं रहना चाहिए था। अमेरिका ने यूक्रेन का भ्रम तोड़ दिया है, साथ ही ट्रंप ने यूरोप को भी संदेश दिया है कि अमेरिकी जरूरत के बाद ही यूरोप की आकांक्षा है। कनाडा को लेकर ट्रंप का विवादित बयान चर्चा में है, कनाडा इसलिए भी यूक्रेन के साथ खड़ा हुआ है। अमेरिकी नीति में बदलाव के बाद कहा जा रहा है कि अस्तित्व की इस लड़ाई में, केवल यूक्रेन का ही नहीं बल्कि पूरे यूरोप का भविष्य दांव पर लगा है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, उत्तरी यूरोपीय देशों के प्रधानमंत्रियों सहित कई नेता युद्ध की वर्षगांठ से जुड़ी बैठकों में भाग लेने और यूक्रेन को समर्थन देने पर चर्चा करेंगे। छह मार्च को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के 27 नेताओं की एक आपातकालीन बैठक होगी, जिसमें यूक्रेन बातचीत के एजेंडे पर शीर्ष में होगा। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की युद्ध के प्रति अमेरिकी नजरिये में राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा किए गए बदलावों के कारण तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय माहौल को देख रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने युद्ध को जल्दी खत्म करने के अपने चुनावी वादों को पूरा करने की कोशिश शुरू की है, इस कोशिश के तरीकों ने यूक्रेन और यूरोप में कई लोगों को चिंतित कर दिया है, जो मानते हैं कि उनका दृष्टिकोण समझौतावादी है। भारत ने वार्ता की हमेशा वकालत की, उस पर रूस व यूक्रेन अमल करें और युद्ध को तुरंत खत्म करें।

# मनोरंजन और मर्यादा के बीच लक्ष्मण रेखा आवश्यक



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फलुएंसर रणवीर अलाहबादिया को 'इंडिया गॉट लेटेस्ट' शो में उनके द्वारा अपने माता-पिता के नितांत निजी क्षणों के बारे में किए गए अत्यंत भद्दी टिप्पणी पर कड़ा फटकार लगाते हुए कहा है कि उनके दिमाग में गंदगी भरा है। दूसरी ओर अदालत ने सरकार से भी पूछा है कि वह सोशल मीडिया में बढ़ रहे अश्लीलता के मामले को रोकने के लिए क्या कदम उठा रही है? गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब पर स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना के इंडिया 'गॉट लेटेंट शो' को होस्ट करते हुए रणवीर अलाहबादिया , समय रैना और अपूर्वा माखीजा ने अत्यंत अश्लील और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था जिसने मर्यादा की सारी हदें लांघ दी। इस शो के खिलाफ जहां संसद और महिला आयोग में मामला उछला है वहीं देश के अनेक शहरों में विभिन्न संगठनों द्वारा शो से जुड़े रणवीर सहित अन्य के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने इन मामलों के परिप्रेक्ष्य में शो से जुड़े लोगों को तलब किया था जिसके परिप्रेक्ष्य में रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किया है। अलबत्ता अदालत ने रणवीर को गिरफ्तारी से तो राहत दे दी है लेकिन उनके सहित अन्य सहयोगियों पर सुनवाई पूरी होने तक कोई भी शो करने और विदेश जाने पर बंदिश लगा दी है। अब देखना यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फटकार का ऐसे लोगों पर कितना असर होता है जो पैसा कमाने के लिए कुछ भी बोलने और कुछ भी दिखाने में गुरेज नहीं करते?

गौरतलब है कि भारतीय समाज मूलतः उत्सवधर्मी और मनोरंजन प्रेमी है लेकिन बदलते परिवेश में हास्य के नाम पर दर्शकों को कुछ भी परोसा जा रहा है। आज इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल और इसके नियमन के अभाव के चलते लोगों के पास मनोरंजन के लिए अनेक विकल्प मौजूद हैं। कालांतर में पारिवारिक मनोरंजन के लिए केवल रेडियो ,सिनेमा और टेलीविजन ही पारंपरिक माध्यम हुआ करते था। वैश्विक व्यापार और आर्थिक उदारीकरण ने देश में टेलीविजन पर सरकारी चैनल के एकाधिकार को खत्म करते हुए केबल टीवी और डीटीएच के माध्यम से दर्शकों के सामने अनेक चैनलों का विकल्प रख दिया। दूसरी ओर इंटरनेट के बढ़ते धमक ने चैनलों को पीछे छोड़ते हुए मनोरंजन की दुनिया में फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और ओटीटी का आगाज कर दिया। आधुनिक पीढ़ी का इन प्लेटफॉर्म्स के प्रति आकर्षण इतना है कि सोशल मीडिया से जुड़े अधिकांश इन्फ्लुएंसर्स आपत्तिजनक, भौंडा, अश्लील और शर्मनाक कंटेंट के जरिए नाम और पैसा दोनों कमा रहे हैं लेकिन इस कमाई में मर्यादा तार- तार हो रही है। इसके इतर सोशल मीडिया से जुड़े यू-ट्यूब और ओटीटी प्लेटफॉर्म में एडल्ट और पोर्न कंटेंट का भरमार है जो स्कूली बच्चे से लेकर सभी उम्र के लोगों के पहुंच में है।



यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इंटरनेट और मोबाइल फोन ने मनोरंजन के साथ ही परिवारों को भी बांट दिया है। वर्तमान दौर में परिवार के प्रत्येक सदस्य अपने - अपने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मशगूल हैं। चिंताजनक यह कि इंटरनेट और ओटीटी अब भारतीय परिवारों के लिए दुश्वारियां भी बन रही है इन माध्यमों पर ऐसे कार्यक्रम, कॉमेडी शो और वेब सिरीज़ प्रसारित हो रहे हैं जो युवाओं और किशोरों के मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डाल रहे हैं।ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसे कार्यक्रम, कॉमेडी शो और वेब सिरीज प्रसारित हो रहे हैं जिसमें बेहद अश्लील दृश्य, भद्दी गालियां, नशाखोरी और हिंसा के कथानक परोसे जा रहे हैं जो हमारी सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर चोट पहुंचा रही है। देश में महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म, हिंसा, अपराध और नशाखोरी के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार इंटरनेट और सोशल मीडिया में मौजूद आपत्तिजनक और अश्लील कंटेंट हैं। टेलीविजन आज भी आम भारतीय परिवारों के जिंदगी का अहम हिस्सा है लेकिन वर्तमान दौर में यह माध्यम भी अपना भरोसा खोते जा रहा है। एक दौर था जब टेलीविजन पूरे परिवार के लिए सूचना और मनोरंजन का मुख्य जरिया हुआ करता था लेकिन आज टीवी चैनलों में मनोरंजन के नाम पर सीरियल्स में विवाहेत्तर संबंधों से लेकर फूहड़ता से भरे सिरीयलों की भरमार है। विभिन्न चैनलों में दिखाए जाने वाले विज्ञापन इतने अश्लील और भद्दे होते हैं कि बड़े - बुजुर्गों के लिए बगले झांकना या चैनल बदलना अनिवार्य मजबूरी बन जाती है। बिलाशक आज के भाग-दौड़ वाले जीवनचर्या में हर कोई कुछ पल खुलकर हंसना और खुश रहना चाहता है जिसमें कॉमेडी की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत सहित दुनिया में मशहूर कॉमेडियन, कलाकार, हास्य कवि, कार्टूनिस्ट और व्यंग्यकार हुए हैं जिन्होंने सिनेमा, स्टेज शो और अपनी रचनाओं के माध्यम से दर्शकों, श्रोताओं और पाठकों को खूब हंसाया और गुदगुदाया है लेकिन हाल के वर्षों में कॉमेडी के नाम पर जिस तरह से फूहड़ता और बदजुबानी परोसी जा रही है वह समाज में सांस्कृतिक प्रदूषण फैला रहा है।

बहरहाल सिर्फ टीवी सीरियल्स और वेब सिरीज़ ही मर्यादा की हदें नहीं लांघ रहे हैं बल्कि बॉलीवुड के फिल्मों में नग्नता, फूहड़ता, हिंसा, अपशब्दों का प्रयोग और नशाखोरी का जबरदस्त तड़का लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि भारतीय सिने उद्योग का एक स्वर्णिम इतिहास रहा है जिसने देश की सांस्कृतिक चेतना के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बदलते दौर में जब युवा पीढ़ी के बीच वर्जनाओं की दीवार टूट रही है तब हिंदी फिल्म जगत भी इसके चपेट में आकर मर्यादा की हदें लांघ रहा है। सिनेमा को समाज का आईना कहा जाता है लेकिन भारतीय समाज का चेहरा इतना विद्रूप नहीं है जितना आजकल के मुंबईया फिल्मों में दिखाया जा रहा है। आजकल के अधिकांश हिंदी फिल्मों में द्विअर्थी और आपत्तिजनक संवाद, अश्लील भाव - भंगिमा, हिंसा और मादक पदार्थों का सेवन करते दृश्यों का भरमार है जिसे परिवार के साथ देखना असहज होता है। भोजपुरी जैसे अनेक क्षेत्रीय भाषाओं के फिल्मों और वीडियो एल्बमों में संवाद और गाने के नाम पर सिर्फ और सिर्फ द्विअर्थी शब्दों और अश्लील और आपत्तिजनक वेशभूषा और भाव भंगिमाओं की भरमार है। इसके इतर दक्षिण भारतीय सिनेमा उद्योग आज भी कलात्मकता और रचनात्मकता को प्राथमिकता देते हुए ऐसी फिल्में बना रही है जिसके हिंदी रूपांतरण को उत्तर भारतीय दर्शकों का काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हिंदी पट्टी के दर्शक भी अब दक्षिण भारतीय फिल्मों के हिंदी रूपांतरण का बेसब्री से इंतजार करते हैं। विचारणीय है कि किसी फिल्म में अभिनेत्री के अश्लील पहनावे के रंग पर हाय- तौबा मचाने वाले धार्मिक और सामाजिक संगठनों की फिल्मों में बढ़ते अश्लीलता और हिंसा के मसले पर चुप्पी भी बहुत कुछ कहती है।

गौरतलब है कि इंटरनेट और सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामाग्रियों को रोकने के लिए आईटी एक्ट में धारा 66 ए का प्रावधान था लेकिन साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने उस कानून को रद्द कर दिया था। इस कानून के रद्द होने के बाद सरकार ने सोशल मीडिया में आपत्तिजनक कंटेंट के रोकथाम हेतु कोई कानून नहीं बनाया है बल्कि सरकार पुराने भारतीय दंड संहिता 'आईपीसी' और भारतीय न्याय संहिता 'बीएनएस' के तहत कार्रवाई करती है। संसद में ऐसे मामलों पर सांसदों द्वारा कड़े कानून बनाने की मांग की जा रही है क्योंकि संविधान की सातवीं अनुसूची में सोशल मीडिया और सायबर अपराध से संबंधित कानून बनाने की शक्ति केंद्र सरकार के पास ही है। अलबत्ता सोशल मीडिया से जुड़े तमाम इंफ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स को समझना होगा कि भारतीय समाज लज्जा और मर्यादा के तानेबाने में गुंथा है लिहाजा अभिव्यक्ति की आजादी और खुलेपन के नाम पर कुछ भी बोलना और दिखाना उचित नहीं है इस दिशा में स्व- नियमन और आत्मानुशासन की जरूरत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
प्रमोद भार्गव



# कठिन है अश्लीलता पर रोक की डगर

ऑनलाइन डिजिटल मंचों पर अश्लीलता और हिंसा दिखाए जाने पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय कानूनी रास्ते तलाश रहा है। सरकार को यह कदम इसलिए उठाना पड़ रहा है, क्योंकि यूट्यूब पर प्रसारित 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया ने बयान नहीं की जा सकने वाली अत्यंत अशोभनीय टिप्पणियां की हैं। इस कारण उन पर अनेक राज्यों में कई एफआईआर भी दर्ज हुई हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इस तरह की हरकतें और वार्तालाप इसलिए संभव हो जाते हैं, क्योंकि अश्लीलता को आईटी कानूनों में स्पष्ट रूप में परिभाषित अब तक नहीं किया जा सका है। नतीजतन न्यायाधीश स्वयं के विवेक और दृष्टिकोण पर निर्णय लेते हैं। ज्यादातर इस प्रकृति के निर्णय निंदा एवं चेतावनी देने तक सीमित रहते हैं, फलतः अश्लील सामग्री परोसने वाले बच निकलते हैं। रणवीर की टिप्पणियों के बाद पूरा देश गुस्से में हैं, इसलिए डिजिटल प्लेटफॉर्म अर्थात सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी की मांग उठ रही है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की संसदीय समीति ने भी चिंता जताई है कि अश्लील और हिंसक दृश्य एवं श्रव्य कार्यक्रम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने दिखाए जा रहे हैं, जो संवैधानिक अधिकार का दुरुपयोग है। अतएव इस परिप्रेक्ष्य में कठोर कानून जरूरी है। 'ओवर द टॉप' अर्थात ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म एवं वेब सीरीज पर दिखाई जा रही अश्लीलता चिंता का विषय है, अतएव इस पर नियंत्रण जरूरी है। सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ पहले भी कह चुकी है कि 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहुसंख्यक लोगों के धार्मिक स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकती है।' यह बात अदालत ने अमेजन प्राइम कमर्शियल की प्रमुख अपर्णा पुरोहित की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कही थी। दरअसल यह मामला तांडव वेब सीरीज से जुड़ा था। अदालत ने कहा था, 'अश्लीलता दिखाने वाले सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जांच होनी चाहिए। इन पर नियंत्रण तो जरूरी है ही, एक बोर्ड का भी गठन किया जाए, जो इन पर नियंत्रण के उपाय सुझाए।' हालांकि अब ओटीटी पर नियंत्रण के लिए ऐसी व्यवस्था होगी, जिससे पालक अपने बच्चों के लिए ऐसी सीरीज प्रतिबंधित कर सकेंगे, जिनमें अश्लीलता परोसी जा रही है। आयु वर्ग के हिसाब से भी इन्हें बालक, किशोर एवं वयस्क श्रेणियों में बांटा जाएगा। जिससे जरूरत के हिसाब से इन पर नियमन संभव हो। हालांकि अभी तक कुछ किया नहीं जा सका है। इस बाबत दुविधा ये है कि मानव-मस्तिष्क को विकृत और दूषित करने वाली अश्लील सामग्री किसे माना जाए? क्योंकि साहित्य और कला के क्षेत्र में ऐसे हजारों पृष्ठ और कलाकृतियां एवं मूर्तियां हैं, जिन्हें अश्लीलता की परिभाषा में लाना आसान नहीं होता। मोबाइल व कंप्यूटर पर इंटरनेट की घातकता का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। इंस्टाग्राम हो या फेसबुक या फिर गूगल ये सब विदेशी कंपनियां अकूत धन कमाने की तृष्णा में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से भारतीय बच्चों, किशोरों व युवकों को पोर्नोग्राफी के जाल में फंसाकर उनका न केवल भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि साइबर अपराधी बनाकर उनके पूरे जीवन पर ही कालिख पोतने का काम कर रही हैं। ये सब कंपनियां ऑनलाइन चाइल्ड सेक्स ट्रेफिकिंग को बढ़ावा दे रही हैं। इसका दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि किशोरों को अश्लील फिल्में दिखाकर बच्चे और सगे-संबंधी नाबालिग ही इनकी करतूतों का शिकार हो रहे हैं। लंदन के पास बसे शहर सोहो में इस तरह की वीडियो क्लीपिंग बनाने का धंधा खुलेआम चल रहा है।

आज सूचना तकनीक की जरूरत इस हद तक बढ़ गई है कि समाज का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं रह गया है। भारत में इंटरनेट डेटा की खपत इसके सस्ते होने की वजह से भी बढ़ रही है। पिछले चार साल में डेटा की खपत 56 गुना बढ़ी है, वहीं दरों में कमी 99 प्रतिशत हुई है। इकोनॉमिक सर्वेक्षण के अनुसार 2016 में डेटा की दरें 200 रुपए प्रति जीबी थी, जो 2019 में घटकर 12 रुपए प्रति जीबी तक आ गई हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली एक पोर्न वेबसाइट ने बताया है कि भारत में 2018 में औसतन 8.23 मिनट पोर्न वीडियो देखे गए, वहीं 2019 में यह अवधि बढ़कर 9.51 मिनट हो गई। यह आंकड़ा सिर्फ एक वेबसाइट का है, जबकि दुनिया में पोर्न संबंधी 150 करोड़ वेब पेज सक्रिय हैं। इनमें 28 करोड़ वीडियो लिंक हैं। ये पोर्न वेबसाइट जिन 20 देशों में सबसे ज्यादा देखी गईं, उनमें भारत का स्थान तीसरा है। आज इस पर लगाम लगाने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए।

## समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

अंतर्मन




### आज की पाती

**आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी**

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार को इस ओर उचित ध्यान देना चाहिए। *– मानिक मेहता, दुर्ग*

### ट्रेंड

**महिला शांति रक्षक बढ़े**



संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक संख्या में महिलाओं को शामिल करना जरूरी है क्योंकि वे लैंगिक हिंसा से निपटने, विश्वास कायम करने और संवाद को बढ़ावा देने में ज्यादा सक्षम होती हैं। महिला शांति रक्षकों की स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है। **-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

**अभियान से मैं खुश हूं**



मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर बहुत खुश हूं। मोटापे के कारण हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, पक्षाघात और सांस लेने की समस्या जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं **-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके**

**प्रधानमंत्री का आभार**



मैं प्रधानमंत्री का आभार जताता हूं कि उन्होंने देश को बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटापा के खिलाफ प्रभावशाली जागरूकता अभियान शुरू किया है। मैं इस महत्वपूर्ण संदेश को फैलाने के लिए नामित किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। **-आर माधवन, अभिनेता**

**बचने की संभावना कम**



दो दिन पहले श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढहने के बाद उसमें फंस गए आठ लोगों के बचने की संभावना अब "बहुत कम" है, हालांकि उन तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। **-जुपल्ली कृष्णा राव, मंत्री तेलंगाना**

करंट अफेयर

## पाक सरकार करेगी मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार



पाकिस्तान सरकार ने देश में मंदिरों और गुरुद्वारों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए एक अरब पाकिस्तानी रुपये की लागत से एक 'मास्टर प्लान' तैयार किया है। यह निर्णय यहां 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) की बैठक में शनिवार को इसके प्रमुख सैयद अतउर रहमान की अध्यक्षता में लिया गया। रहमान ने कहा, 'मास्टर प्लान के तहत मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार कर उन्हें सजाया जाएगा और एक अरब पाकिस्तानी रुपये के बजट से विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखभाल पर खासा धन खर्च किया जा रहा है। रहमान ने यह भी कहा कि ईटीपीबी को इस वर्ष एक अरब रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। बैठक में देश भर से हिंदू और सिख समुदायों के सदस्यों के साथ-साथ सरकारी और गैर-सरकारी सदस्यों ने भाग लिया। ईटीपीबी विकास योजना में संशोधन की आवश्यकता के बारे में अपनी बात रख रहे बोर्ड सचिव फरीद इकबाल ने सदस्यों को बताया कि विभाग की आय बढ़ाने के उद्देश्य से योजना में बदलाव करने के बाद अब ट्रस्ट की संपत्तियों को विकास के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।

ऑफ बीट

## पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम



गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं।

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

क्या किसी बड़े खेल की तैयारी?

# बाजवा बोले आप के 32 विधायक संपर्क में, बघेल जाएंगे पंजाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार कितने दिनों की मेहमान है, इसका स्पष्ट जवाब तो किसी के पास नहीं, लेकिन दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार की विदाई के बाद से भाजपा और कांग्रेस दोनों की नजर पंजाब पर टिकी है। पंजाब में एक साल बाद चुनाव हैं। मगर, उससे पहले क्या कोई बडा उलटफेर सूबाई सत्ता में हो सकता है, तो कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का स्पष्ट कहना है, राजनीति संभावनाओं का खेल है, किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवाा ने ये बोलकर सनसनी मचा है कि आप सरकार के मंत्री समेत 32 विधायक उनके संपर्क में हैं। बाजवा के इस सनसनीखेज बयान के बीच नव नियुक्त तेजतर्रार एआईसीसी महासचिव और पंजाब के प्रभारी भूपेश बघेल का अमृतसर और चंडीगढ़ का दौरा तय हो गया है। वे आगामी 27-28 पंजाब के दौरे पर रहेंगे। प्रदेश के नेताओं के विमर्श होगा। चुनावी तैयारियों का खाका खींचा जाएगा। पीसीसी को मजबूती के साथ मैदान में उतरने का मंत्र दिया जाएगा। ये बात अलग है कि शीर्ष नेतृत्व आप में तोड़फोड़ कर सरकार गिराने के पक्ष में नहीं है। आप चूंकि कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन में भी है। दिल्ली, हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के साथ आप का कोई गठबंधन न होने से दोनों ही दल को नुकसान हुआ है। इधर, बघेल को पंजाब की जिम्मेदारी देकर कांग्रेस पार्टी के गढ को मजबूत किले में फिर से तब्दील करने का प्रयास शुरू हुआ है।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए यह बात कही

# कांग्रेस का असम के सीएम पर हमला, चाय बागान के मालिकों को डरा-धमकाकर मुख्यमंत्री के परिजन खरीद रहे चाय बागान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और उनके परिवार के सदस्यों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसी के साथ प्रदेश की बदहाली, बिगड़ती कानून व्यवस्था, अवैध तरीके से हो रही रैट-होल माइनिंग समेत अन्य मुद्दों पर भी भाजपा सरकार को घेरा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि असम में मोदी जी ने जुमलों का कारखाना लगाया है और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं। असम में बेरोजगारी, चाय बागान कर्मियों की स्थिति और भाजपा के कुशासन से राज्य पिछड़ गया है।

वहीं नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए असम कांग्रेस प्रभारी जितेन्द्र सिंह, लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई, मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा, असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा, असम में नेता विपक्ष देबब्रत सैकिया, सांसद रकीबुल हुसैन व प्रद्युत बोरदोलोई, समेत अन्य कांग्रेस नेताओं ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जानते हैं कि असम में किस स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है और क्या वह इस पर कोई कार्रवाई करेंगे?

कांग्रेस प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने कहा कि असम में चाय बागान के मालिकों को डराया-धमकाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के सहयोगी, उनके परिजन चाय बागान खरीद



रहे हैं। हिमंता बिस्वा सरमा चाय बागानों को खत्म कर उनका व्यवसायीकरण करना चाहते हैं। इसलिए कई सालों से चाय बागान चला रही कई बड़ी कंपनियां असम से चली गईं हैं। उन्होंने आगे कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी चाय बागान के पास एलिफेंट कॉरिडोर में वाणी ग्रीन रिजॉर्ट चला रही हैं। क्या इसकी अनुमति ली गई है।

जितेन्द्र सिंह ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा का परिवार मालामाल हो रहा है। उनके परिवार ने पिछले पांच वर्षों में असम में पूरा साम्राज्य खड़ा कर दिया है। असम के मुख्यमंत्री के पास कई चाय बागान, न्यूज़ पोर्टल, मैकडॉनल्ड्स का बड़ा आउटलेट, इंटरनेशनल स्कूल और कई सारी जमीनें हैं। माजुली, कामरूप, गुवाहाटी, नौगांव, गोलाघाट समेत आदिवासी इलाकों में भी जमीनें खरीदी गईं हैं, जहां नियम के मुताबिक जमीन नहीं खरीदी जा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि असम में मुख्यमंत्री की नाक के नीचे अवैध तरीके से रैट-होल माइनिंग हो रही है।

असम के बिगड़ते हुए हालातों के बारे में बताते हुए असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से खराब है। कुछ दिनों पहले उनके ऊपर हमला हुआ था, लेकिन आज तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। दो दिन पहले कांग्रेस के सांसद रकीबुल हुसैन पर भी हमला हुआ। उन्होंने आगे कहा कि असम में पिछले तीन साल में 1,600 सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं। पूरे देश में सबसे ज्यादा शराब की दुकानें असम में हैं। असम की अर्थव्यवस्था को संकटग्रस्त बताते हुए उन्होंने कहा कि हिमंता बिस्वा की सरकार हर महीने 2,000 करोड़ रुपये का ऋण ले रही है।

बोरा ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2014 लोकसभा चुनाव के समय वादा किया था कि असम के 11 लाख चाय बागान मजदूरों की दिहाड़ी 351 रुपये की जाएगी। लेकिन आज ये मजदूरी 250 रुपये और 220 रुपये के बीच है। नरेंद्र मोदी ने यह भी वादा किया था कि असम के छह समुदायों को 100 दिन के अंदर अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाएगा। आज तक ये वादा पूरा नहीं हुआ।

गौरव गोगोई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी न खाऊंगा और न खाने दूंगा की बात कहते हैं, लेकिन असम में मुख्यमंत्री के परिवार ने हर जिले में जमीनें खाई हैं। भाजपा खुद सरमा पर लगाए गए लुईस बर्जर और शारदा घोटाले जैसे गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों को भूल चुकी है। उन्होंने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री मोदी हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच करवाएंगे।

मणिपुर हिंसा पर बोलते हुए गोगोई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सरमा को नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस का संयोजक बनाया था। लेकिन मणिपुर में इस स्तर पर हिंसा हुई कि वह आज तक पूरी तरह थमी नहीं है। वहीं देबब्रत सैकिया ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने असम समझौते को पूरी तरह लागू करने का वादा किया था। इसके तहत कहा गया था कि अवैध प्रवासियों को वापस भेजा जाएगा, लेकिन असम समझौते को नकारते हुए सीएए के तहत प्रदेश में विदेशियों को नागरिकता देकर बसा दिया गया। उन्होंने बताया कि असम में जब दूसरी बार सीएए के खिलाफ आंदोलन हुआ तो अमित शाह ने संसद में 2019 में कहा था कि असम समझौते की आत्मा यानी खंड-6 को हर तरह का संरक्षण दिया जाएगा, लेकिन इस पर बनाई गई कमेटी की रिपोर्ट भारत सरकार ने स्वीकार ही नहीं की, जो कि असम के साथ धोखा है। उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ असम की बड़ी समस्या है। कहा गया था कि इसे राष्ट्रीय समस्या माना जाएगा और इसके समाधान के लिए फंड भी दिया जाएगा, लेकिन असलियत में कुछ हुआ ही नहीं।

## खबर संक्षेप

### गणोजी-कान्होजी के वंशजों से मांगी माफी

मुंबई। विक्की कौशल द्वारा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में अभिनीत फिल्म 'छावा'



को देश के सभी हिस्सों से प्यार मिल रहा है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह मराठा योद्धाओं गनोजी और कान्होजी शिर्के के वंशजों को नाराज कर रही है। इसके बाद निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने उनसे माफी मांग ली है।

### महाकुंभ से लौट रहे 5 श्रद्धालु झुलसे

मथुरा। यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के अयोध्या से लौट रहे



राजस्थान के श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो मांट क्षेत्र में टायर फटने के बाद पलट गई। दो श्रद्धालु किसी तरह बाहर निकल ही पाए कि गाड़ी में आग लग गई। लपटों में घिरे पांच लोगों को बमुश्किल निकाला गया।

### नगर निगम चुनावों से पहले राज- उद्धव मिले

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की



मुलाकात ने राजनीतिक अटकलों को हवा दे दी है। रविवार को अंधेरी इलाके में एक शादी समारोह में दोनों ने आमने-सामने बातचीत की। यह मुलाकात ननि चुनावों में खास मानी जा रही।

### जयपुर में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पुलिस से उलझे

जयपुर। राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।



कांग्रेस और पुलिस के बीच हल्की भिड़ंत भी हो गई। कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेडिंग से रोकने का प्रयास किया, इससे कार्यकर्ता उग्र हो गए।

पीएम मोदी ने बिहार और असम को दी सौगातें, नीतीश को 'लाडला' सीएम बताया

# जंगलराज लाने वाले और पशुओं का भी चारा डकारने वाले राज्य में नहीं कर सकते विकास

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

मध्यप्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी बिहार के भागलपुर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज वालों को हमारी धरोहर और आस्था से नफरत है। महाकुंभ में यूरोप की जनसंख्या से ज्यादा लोग अब तक कुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। बिहार से गांव-गांव के लोग कुंभ में डुबकी लगा रहे हैं। लेकिन, येजंगलराज वाले लोग महाकुंभ को गाली दे रहे हैं।

राम मंदिर पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। ऐसे लोगों ने बिहार को पीछे धकेला। लेकिन, अब एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार को वहीं पहचान मिलेगा जो भगवान बुद्ध और सम्राट अशोक के समय में हुआ करती थी। पीएम मोदी ने बिहार में शुरू हुई कई योजनाओं ने नाम भी गिनाएं। उन्होंने कहा कि हम नालंदा विवि के प्राचीन गौरव को आधुनिक भारत से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही केंद्र सरकार विक्रमशिला विवि को सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाने जा रहे हैं।

> ये जंगलराज वाले लोग महाकुंभ को गाली दे रहे, राम मंदिर पर ये अनर्गल टिप्पणी कर रहे, विकास के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार किया

**केंद्र सरकार विक्रमशिला विवि को सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाएगी**

**भागलपुर के बुनकरों को काफी फायदा मिलेगा**

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के देशों में तसर सिल्क की डिमांड बढ़ रही है। एनडीए सरकार रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए काफी जोर दे रही है। कई प्रोजेक्ट पर काम भी कर रही है। इससे भागलपुर के बुनकरों को काफी फायदा मिलेगा।



### और ये लालू परिवार क्या बदलेगा हालात

पीएम नरेंद्र मोदी ने लालू परिवार हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं। वह कभी भी परिस्थितियों को बदल नहीं सकते हैं। एनडीए सरकार ने इसे बदला है। पहले यूरिया के लिए किसान लाठी खाता था। यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज देखिए किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है।

**देश के करोड़ों किसानों के खाते में पैसे पहुंचे :** पीएम मोदी ने अंगिका भाषा में लोगों को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि मैं शहीद तिलका मांझी की धरती को नमन करता हूं। बाबा अजगैबीनाथ के आशीष वाले इस धरती पर आना मेरा सौभाग्य है। आज देश के करोड़ों किसानों के खाते में पैसे पहुंचे हैं। किसान सम्मान निधि की किस्त जारी की गई है। बिहार के 75 लाख के अधिक परिवार के किसानों के खाते में राशि डाली गई है।

### खगड़िया में रजिस्टर हुआ एफपीओ

पीएम मोदी ने कहा कि दलहन और तिलहन में हम आत्मनिर्भर हों, यहां अधिक से अधिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगे, किसान खुशहाल हो, इसके लिए सरकार एक से एक कदम उठा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि मक्का, केला और धान पर काम करने वाला एफपीओ खगड़िया में रजिस्टर हुआ है। आज 10,000 एफपीओ बनाने का पूरा हो गया है। 10,000वें किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) यह कदम किसानों को बाजार में बेहतर पहचान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा।

### अब बारी मखाना की

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते सालों में भारत का कृषि निर्यात बहुत बढ़ा है। इसलिए किसानों को उत्पाद की ज्यादा कीमत मिल रही है। अब बारी बिहार के मखाना की है। इसलिए बजट में मखाना बोर्ड बनाने का एलान किया गया है।

### पहले तो छोटे किसानों का हक भी बिचौलिए हड़प लेते थे

पीएम मोदी ने कहा कि अब एक रुपया दिल्ली से निकलता है तो सौ पैसा किसानों को मिलता है। पहले छोटे किसानों का हक भी बिचौलिए हड़प लेते थे। मोदी और नीतीश किसानों का हक का किसी को नहीं खाने देंगे। जब कांग्रेस और राजद वाले जब सरकार में थे तब जितना खेती किसानी का बजट रखा था उतना पैसा एनडीए सरकार आपके खाते में भेज चुकी है।

नवीकरणीय ऊर्जा के लिए कार्यशाला

# 2030 तक 500 गीगावाट ऊर्जा हासिल करने फंड जरूरी: जोशी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए वित्तीय पूंजी जुटाना महत्वपूर्ण है। नवीकरणीय ऊर्जा के लिए वित्त जुटाने पर राष्ट्रीय कार्यशाला को करते हुए जोशी ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को सुलभ वित्तपोषण सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय संस्थानों और नीति निर्माताओं से सामूहिक प्रयास करने का भी आह्वान किया। जोशी ने राज्य मंत्री श्रीपद नाइक के साथ मुंबई में कार्यशाला के संयोजन में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

जोशी ने कहा कि कार्यशाला का विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद आया, जिसमें पीएम सूर्य घर और पीएम-कुसुम जैसी प्रमुख योजनाओं में तेजी लेन पर चर्चा की गई। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं पर जोशी ने कहा कि चूंकि देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखता है, इसलिए इसकी ऊर्जा मांग दोगुनी होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय और लचीली बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए थर्मल ऊर्जा उत्पादन से मेल खाने के लिए अक्षय ऊर्जा का विस्तार किया जाना चाहिए।

उन्होंने 2070 तक नेट जीरो हासिल करने और 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता तक पहुंचने की भारत की प्रतिबद्धता के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने वित्तीय संस्थानों से भारत की अक्षय ऊर्जा विकास रणनीति के साथ अपनी ऋण नीतियों को संरेखित करने का आह्वान किया और इस बात पर बल दिया कि भविष्य में कार्बन सघन उद्योगों को निर्यात के अवसरों में कमी का सामना करना पड़ेगा।

*नवी मुंबई के साइबर सेल पहुंचे 'गालीबाज' यूट्यूबर*

# अलाहबादिया और चंचलानी ने अपने बयान दर्ज कराए, रैना देश से बाहर, नोटिस जारी

**18 से ज्यादा लोगों पर एफआईआर दर्ज की जा चुकी**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियाज गॉट लैटेंट शो में विवादित बयान देने वाले यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया और यूट्यूबर आशीष चंचलानी सोमवार को महाराष्ट्र के नवी मुंबई साइबर सेल में पहुंचे हैं। दोनों का स्टेटमेंट नवी मुंबई में रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले अलाहबादिया को सोमवार को अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। इंडियाज गॉट लेटेंट शो के ऑर्गनाइजर समय रैना देश के बाहर हैं, जिनसे पुलिस ने संपर्क किया है।

**पहले भी दर्ज हुआ था चंचलानी का बयान**



इससे पहले 11 फरवरी को भी खार पुलिस ने इस मामले को लेकर यूट्यूबर आशीष चंचलानी का बयान दर्ज किया था। साइबर पुलिस ने कुछ यूट्यूबर्स और सोशल इन्फ्लुएंसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जिन्होंने समय रैना के इंडियाज गॉट लेटेंट शो में हिस्सा लिया था। अब तक इस शो में हिस्सा लेने वाले 30 से ज्यादा

### माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर आपत्तिजनक बयान दिए थे

इंडियाज गॉट लैटेंट शो में अल्लाहबादिया ने माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर आपत्तिजनक बयान दिए थे। महाराष्ट्र साइबर पुलिस इस मामले में दर्ज केस की जांच कर रही है। साइबर अधिकारियों ने अल्लाहबादिया को इससे पहले भी पुलिस के सामने पेश होने के लिए बुलाया था, हालांकि, वे नहीं आए थे।

बिना संसाधन जुटाए नई शिक्षा नीति के कोई मायने नहीं

# हरियाणा के कॉलेजों में लेक्चरर के 50 फीसद पद खाली, शिक्षा गर्त में: कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि एक ओर सरकार नई शिक्षा नीति इसी सत्र से लागू करने जा रही है तो दूसरी ओर प्रदेश के सरकारी और मान्यता प्राप्त कालेज लेक्चरर की कमी से जूझ रहे हैं। अधिकतर जगहों पर अतिथि प्राध्यापकों और एक्सटेंशन लेक्चरर्स से काम चलाया जा रहा है। प्रदेश के कालेजों में करीब 50 प्रतिशत प्राध्यापकों के पद रिक्त पड़े हुए है ऐसे मे सरकार जानबूझकर शिक्षा को गर्त में पहुंचा रही है, अगर युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना है तो सरकार को शिक्षा पर ध्यान देते हुए सभी रिक्त पदों पर भर्ती करनी चाहिए। दूसरी ओर हर 20 किलोमीटर पर छात्राओं के लिए कालेज की घोषणा भी न जाने कब की पानी पी चुकी है। झूठी घोषणाएं कर सरकार जनता को गुमराह न करें।



सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा के नाम पर युवाओं को गुमराह करती आ रही है, नई शिक्षा नीति के नाम पर भी सरकार युवाओं के साथ खेल खेल रही है। जब सरकारी और मान्यता प्राप्त कॉलेज में शिक्षक नहीं है, इंफ्रास्ट्रक्वचर नहीं है तो ऐसे में नई शिक्षा नीति के भी कोई मायने नहीं है। एक आरटीआई के माध्यम से खुलासा हुआ है कि प्रदेश के सरकारी और एडिड कालेजों में लेक्चररर्स के 50 प्रतिशत पद खाली हैं। प्रदेश में 184 सरकारी और 97 एडिड कालेज हैं। इन कालेजों में लेक्चरर्स के 7986 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 3358 पदों पर ही नियमित लेक्वचरर्स हैं जबकि 2058 पदों पर गेस्ट और एक्सटेंशन लेक्चरर्स ही कार्यरत है यानि 4465 पद आज भी खाली है। उन्होंने कहा कि 97 एडिड कालेजों में 39 प्रिंसिपल तक नहीं है। एडिड कालेज में जो सेवानिवृत्त हो गया उसके स्थान पर भर्तियां तक नहीं हो रही है।उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वयं माना है कि प्रदेश के कालेजों में 749 अंग्रेजी के लेक्चरर्स नहीं है। इसी प्रकार कॉमर्स के 450, भूगोल के 479, गणित के 396, भौतिक विज्ञान के 323, हिंदी के 317, वनस्पति विज्ञान के 166, रसायन विज्ञान के 402, इतिहास के 189, कंप्यूटर सांइस के 221, शारीरिक शिक्षा के 127 और मनोविज्ञान के 125 पद खाली हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि इतने खाली पदों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश के कालेज में शिक्षण कार्य कैसे चल रहा होगा?

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ने किया आयोजन

# एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का समापन रेल मंत्री वैष्णव ने लगातार इनोवेशन करते रहने पर दिया बल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के निदेशक श्री वी. कामकोटी रेल भवन में उपस्थित रहे। सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। रेल मंत्री ने सभी



प्रतिभागियों एवं इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी का संकल्प है कि देश को इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसी कारण आज हम शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह सम्मानित की गई टीम अविष्कार का हिस्सा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड, डेमोंस्ट्रेशन ऑफ ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम, तथा बेस्ट इन सब-सिस्टम (मैकेनिकल) जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह न केवल उनकी मेहनत और नवाचार को प्रमाणित करता है, बल्कि भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को भी दर्शाता है। उनकी यह उपलब्धि देश को भविष्य की परिवहन क्रांति की ओर तेज़ी से ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी।वैष्णव ने कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा हासिल की गई 5जी तकनीकी में सफलता स्थापित के साथ और भारत दुनिया में सबसे तेज़ 5जी रोलआउट कर रहा है। भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे, जिसे फंड किया जाएगा। यह यात्रा के साधनों में आधुनिक और इनोवेटिव बदलावों को बढ़ावा देने में बेहद अहम कदम साबित होगा।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 1 वर्ष के लिए एमसी सोनीपत के तहत रेलवे लाइन पर पश्चिमी साइड में सभी प्रकार से पूर्ण मशीनरी उपकरणों के रखरखाव सहित जल गुणवत्ता की फिटकरी और क्लोरीनेशन साप्ताहिक नमूना रिपोर्ट, ब्लीचिंग के दैनिक उपभोग सहित जल गुणवत्ता का रखरखाव, उसके मौजूदा स्तर पर सीसी सहित भूमि सतह की रिस्टोरिंग और वॉल्व, पाइप्स (सभी डाया) के सभी लीकेज को सुधाने समेत सभी बूस्टर, नलकूप और जलघरों का प्रचालन व रखरखाव + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.03.2025 | 4.86 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 EE2MCS@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/80/32511/I/88/7 दि. 24.02.25

## खबर संक्षेप

### सोने में 350 रुपए की मजबूती, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 350 रुपये बढ़कर 89,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड ऊंचाई के पास जा पहुंचा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### एनटीपीसी और ईडीएफ इंडिया ने मिलाया हाथ




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनपीटीसी और फ्रांस की इलेक्ट्रिसिटी डी फ्रांस (ईडीएफ) की इकाई ईडीएफ इंडिया ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के साथ पंपयुक्त जल भंडारण और जलविद्युत परियोजनाएं स्थापित करने तथा वितरण कारोबार में अवसर तलाशने के लिए हाथ मिलाया है। बयान के अनुसार, एनटीपीसी और ईडीएफ इंडिया ने पंप भंडारण परियोजनाओं और किसी भी अन्य जल विद्युत परियोजनाओं के विकास, स्वामित्व, संचालन और रखरखाव के लिए एक गैर-बाध्यकारी टर्म शीट पर हस्ताक्षर किए हैं।

### राज्य के वैश्विक निवेश सम्मेलन इंवेस्ट मध्यप्रदेश का पीएम ने किया उद्घाटन

# अदाणी, एनटीपीसी, रिलायंस समेत कई कंपनियां चार लाख करोड़ निवेश करेगी मप्र में

एजेंसी ⏭ भोपाल

गौतम अदाणी की अगुवाई वाला अदाणी समूह, मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज और सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक एनटीपीसी समेत 10 से अधिक कंपनियों ने सोमवार को मध्यप्रदेश में करीब चार लाख करोड़ रुपए निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई।

अदाणी ने पंप स्टोरेज, सीमेंट, खनन, स्मार्ट-मीटर और तापीय ऊर्जा में 1.10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का वादा किया, जबकि रिलायंस ने राज्य में जैव ईंधन परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 60,000 करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता जताई।

### अदाणी राज्य में स्मार्ट सिटी व हवाई अड्डा पर करेगी निवेश

राज्य के वैश्विक निवेशक सम्मेलन 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश' का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। इस दौरान अदाणी ने एक नई स्मार्ट सिटी, एक हवाई अड्डा परियोजना और एक कोयला-गैसीकरण परियोजना में 1.10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'आज मुझे पंप स्टोरेज, सीमेंट, खनन, स्मार्ट मीटर और तापीय ऊर्जा के क्षेत्रों में 1,10,000 करोड़ रुपये से अधिक के नये निवेश की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। ये बहु-क्षेत्रीय निवेश 2030 तक मध्यप्रदेश में 1,20,000 से अधिक नौकरियां पैदा करेंगे।'

### अदाणी ने इसे मिल का पत्थर करार दिया

*अदाणी ने इन परियोजनाओं को 'मध्यप्रदेश के विकास की साझा यात्रा के मील के पत्थर' करार देते हुए कहा कि ये परियोजनाएं राज्य को औद्योगिक और आर्थिक तरक्की में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाएंगी। एनटीपीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने कहा कि उनकी कंपनी, इसकी सहायक कंपनियां और संयुक्त उद्यमों में इसके भागीदार मध्यप्रदेश में दो गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए 1.20 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।*

- अदाणी समूह ने कई क्षेत्रों में 1.10 लाख करोड़ निवेश का किया वादा
- रिलायंस जैव ईंधन परियोजनाओं पर 60,000 करोड़ निवेश करने प्रतिबद्ध
- निवेश से 2030 तक मध्यप्रदेश में 1,20,000 से अधिक नौकरियां पैदा होगी




*नवीकरणीय ऊर्जा पर 26,500 करोड़ होंगे निवेश : मित्तल ने कहा, 'हम अगले तीन से पांच वर्षों की अवधि में सौर, पवन, पंप स्टोरेज और बैटरी में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। अहमदाबाद स्थित टॉरेंट पावर ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में राज्य में 26,500 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई।*

*ओपीजी पावर राज्य में बैटरी स्टोरेज सिस्टम लगाएगी*

*ओपीजी पावर जनरेशन प्राइवेट लिमिटेड ने राज्य में बैटरी स्टोरेज सिस्टम, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन और हाइब्रिड (एक ही जगह पर सौर और पवन) बिजली उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधा की स्थापना में 13,400 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया।*

### पीएफसी राज्य को ऋण सहायता देगी

पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन (आरईसी) ने राज्य में आगामी परियोजनाओं के लिए क्रमशः 26,800 करोड़ रुपये और 21,000 करोड़ रुपये की ऋण सहायता देने की प्रतिबद्धता जताई।

### सनदेव नया डाटा सेंटर करेगा स्थापित

सनदेव रिन्यूएबल्स के संस्थापक सुनील जैन ने राज्य में 750 मेगावॉट का नया डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए अगले पांच वर्षों में 4,330 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की इच्छा व्यक्त की। भोपाल में जारी दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के मंगलवार को आयोजित समापन समारोह में राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग कंपनियों की प्रतिबद्धताओं की पूरी सूची जारी किए जाने के बाद निवेश का अंतिम आंकड़ा सामने आएगा।




### के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय में विद्या प्रकाश कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन

**गुरुग्राम।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित ₹विद्या प्रकाश कॉन्क्लेव₹ का आयोजन किया गया, जो ₹स्कूल शिक्षा नेतृत्व में उत्कृष्टता₹ विषय पर केंद्रित थी। इस विशेष आयोजन में देशभर के प्रमुख स्कूलों के प्रतिष्ठित प्राचार्यों ने भाग लिया और शिक्षा क्षेत्र में अपने बहुमूल्य योगदान और अनुभवों को साझा किया। यह आयोजन शिक्षा प्रणाली के विकास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस अवसर पर के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. रघुवीर ने कहा, ₹शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और नेतृत्व का महत्व अत्यंत आवश्यक है। भविष्य की शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए हमें पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों का समावेश करना होगा। यह कॉन्क्लेव हमारे शिक्षा जगत को एक सशक्त मंच प्रदान करता है, जहाँ विचारों का आदान-प्रदान और नवीन रणनीतियों पर चर्चा की जाती है। इस प्रकार के आयोजनों से हम शिक्षा प्रणाली में सुधार कर सकते हैं और नए युग की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षण तकनीकों को उन्नत कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा नीति, नवीनतम तकनीकों, शिक्षण विधियों और छात्रों के समग्र विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसरपरस्कूल शिक्षा क्षेत्र में अद्वितीय योगदान देने वाले शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। उनकी उपलब्धियों ने शिक्षा प्रणाली को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न पैनल चर्चाओं और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिनमें शिक्षा में डिजिटल तकनीक, नेतृत्व विकास, शिक्षकों की नई भूमिका, मूल्य-आधारित शिक्षा, और शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उन्नत तकनीकों के उपयोग पर गहन विचार-विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने भविष्य के शिक्षा मॉडल, नई नीतियों और आधुनिक शिक्षण विधियों पर अपने विचार साझा किए। इस कॉन्क्लेव में देशभर के शिक्षाविदों ने भाग लिया और अपने अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की। यह आयोजन शिक्षा क्षेत्र में नए विचारों और तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने वाला साबित हुआ।

## एफआईआई की पूंजी निकासी से सेंसेक्स 75 हजार से नीचे आया

एजेंसी ⏭ मुंबई



- अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख रहा
- बीएसई सेंसेक्स में 856 अंक की गिरावट
- जवाबी शुल्क लगाए जाने को लेकर चिंता जारी

प्रमुख शेयर सूचकांकों में सोमवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 850 अंक से अधिक टूटकर 75,000 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आ गया। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी बाजार में कमजोरी और जवाबी शुल्क लगाए जाने को लेकर चिंताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रही।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 856.65 अंक यानी 1.14 प्रतिशत टूटकर 74,454.41 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 923.62 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 242.55 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,553.35 पर बंद हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,542.45 अंक गिर चुका है। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक, जोमैटो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा स्टील और एनटीपीसी में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, नेस्ले और आईटीसी बढ़त के साथ बंद हुए। इस महीने अब तक विदेशी निवेशकों ने इक्विटी बाजारों से 23,710 करोड़ रुपये से अधिक निकाले हैं। इसके साथ ही 2025 में कुल निकासी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

*बाजार अमेरिका के शुल्क लगाने की आशंका से चिंतित : मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "बाजार अमेरिका के उच्च जवाबी शुल्क लगाने की आशंका से अधिक चिंतित है, जिसका असर भारत सहित विकासशील देशों पर पड़ सकता है।*

## अदाणी पावर को मिली विदर्भ पावर अधिग्रहण की मंजूरी...




**नई दिल्ली।** अदाणी पावर को सोमवार को विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) के अधिग्रहण के लिए कर्जदाताओं की समिति से मंजूरी मिल गई। वीआईपीएल दिवाला कार्यवाही से गुजर रही है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक वीआईपीएल नागपुर स्थित एमआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र में ताप बिजली संयंत्र का संचालन करती है। अदाणी पावर की समाधान योजना को आगे लागू करने की प्रक्रिया एलओआई (आशय पत्र) की शर्तों और राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, मुंबई की मंजूरियों के अधीन है। शेयर बाजार को दी गयी जानकारी के मुताबिक, 'दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही कंपनी विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर की कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने अदाणी पावर की समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में, एपीएल को 24 फरवरी, 2025 को समाधान पेशेवर से आशय पत्र मिला।'

### सरकार की बैंकों में हिस्सेदारी बेचने मर्चेंट बैंकरों की तलाश

**नई दिल्ली।** निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सूचीबद्ध वित्तीय संस्थानों में सरकार की हिस्सेदारी बेचने में मदद के लिए मर्चेंट बैंकरों से बोलियां आमंत्रित कीं। दीपम के आरएफपी (अनुरोध प्रस्ताव) के अनुसार मर्चेंट बैंकरों को तीन साल के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

**सूचना**

मैं, राजबीर सुपुत्र श्री भूरू राम निवासी मकान नं. 160, नई कॉलोनी पोर्ट-2, गांव टेटसर दिल्ली 110081 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सतपाल व पुत्रवधु आशा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

बिना बताए
शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भारतीय कंपनियों का राजस्व आठ फीसदी तक बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को कहा कि ग्रामीण मांग में सुधार और सरकारी खर्च में तेजी के कारण भारतीय कंपनियों का राजस्व चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सात से आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

इक्रा को उम्मीद है कि वैश्विक राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितताओं और भारत से वस्तु निर्यात पर दबाव के कारण निजी पूंजीगत व्यय सीमित रहेगा। इसके बावजूद, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर जैसे कुछ उभरते क्षेत्रों और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसे कुछ खंडों में निवेश में वृद्धि जारी रहेगी। निजी निवेश को भारत सरकार की विभिन्न उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन कार्यक्रमों से भी समर्थन मिलेगा। रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पिछली तिमाही में भारतीय कंपनियों के परिचालन लाभ मार्जिन (ओपीएम) में सुधार दिख रहा है।

## रुपया चार पैसे टूटकर 86.72 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट के बीच रुपया सोमवार को चार पैसे टूटकर 86.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के स्थिर रहने से घरेलू मुद्रा में गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में रुपया 86.58 प्रति डॉलर पर खुला और अंत में 86.72 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.68 पर बंद हुआ था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद तारिक पुत्र** जी.रसूल, **निवासी:** जे–3, खलीलुल्लाह मस्जिद लेन, सेलिंग मस्जिद, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली–110025, ने **CT Case No. 7152/17 U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद तारिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद तारिक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Case No. 7152/17 U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद तारिक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री आकाश शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट–03 प्रथम श्रेणी,
कमरा नं0–07, दक्षिण–पूर्व जिला,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/2331/SD/2025
(Court Matter)

## देश में पर्सनल कंप्यूटर की बिक्री बीते साल 3.8 % बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में 'पर्सनल कंप्यूटर' (पीसी) की बिक्री 2024 में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत बढ़कर 1.44 करोड़ हो गई। बाजार अनुसंधान कंपनी आईडीसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आईडीसी इंडिया, दक्षिण एशिया और एएनजेड के एसोसिएट उपाध्यक्ष (उपकरण शोध) नवकेंद्र सिंह ने कहा कि कमजोर होते रुपये से उपकरण की लागत बढ़ सकती है, जिसका असर मूल्य-संवेदनशील एसएमबी (लघु और मध्यम व्यवसाय) और उपभोक्ता खंड पर पड़ सकता है। लेकिन सभी चुनौतियों के बावजूद, भारत के पीसी बाजार में 2025 में कम एकल अंक में वृद्धि देखने को मिलेगी। आईडीसी के अनुमानों के अनुसार, वार्षिक आपूर्ति में लगभग एक प्रतिशत और तिमाही आपूर्ति में 1.8 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद एचपी 2024 में 30.1 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और दिसंबर तिमाही में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में सबसे आगे रही।

आईडीसी वर्ल्डवाइड क्वार्टरली पर्सनल कंप्यूटिंग डिवाइस ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में लेनोवो और डेल क्रमशः 7.3 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 17.2 और 16.1 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ एचपी के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

## रिलायंस जियो का 5G SA में दबदबा भारत को बनाया ग्लोबल लीडर

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो का 5G SA में दबदबा, भारत को बनाया ग्लोबल लीडरभारत ने 5G स्टैंडअलोन (SA) नेटवर्क के रोलआउट में अमेरिका और यूरोप को पीछे छोड़ दिया है, और इसमें रिलायंस जियो की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। Ookla की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत 52% 5G SA उपलब्धता के साथ दुनिया में दूसरे स्थान पर है, जबकि चीन 80% के साथ शीर्ष पर है। यूरोप में यह आंकड़ा मात्र 1% है, जो भारत की तेज़ प्रगति को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 5G SA की तेज़ी से बढ़ती उपलब्धता के पीछे जियो का आक्रामक नेटवर्क विस्तार और 700 MHz स्पेक्ट्रम का व्यापक उपयोग प्रमुख कारण हैं। इस लो-बैंड स्पेक्ट्रम ने देशभर में गहरी और विश्वसनीय कवरेज सुनिश्चित की है, जिससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में भी 5G की पहुंच संभव हुई है।भारत 5G SA डाउनलोड स्पीड में भी आगे है, जहां जियो की मदद से औसत स्पीड 260.71 Mbps तक पहुंच चुकी है। जिसकी तुलना में, चीन में 224.82 Mbps और जापान में 254.18 Mbps की स्पीड दर्ज की गई है, जबकि यूरोप में यह केवल 221.17 Mbps रही। भारतीय 5G SA नेटवर्क के विस्तार की तेज़ गति का श्रेय टेलीकॉम ऑपरेटरों के निवेश को दिया जा सकता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ताप्सी प्रधान पुत्र** सेवा राम, **निवासी** एफ-13/16, कृष्णा नगर, दिल्ली ने **FIR No. 162/2006 US 147/148/149/186/353/332/351/506/34 IPC थाना: कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ताप्सी प्रधान** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ताप्सी प्रधान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.162/2006 US 147/148/149/186/353/332/351/506/34 IPC, थाना: कृष्णा नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ताप्सी प्रधान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.04.2025** को या इसरो पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव
एमएम, 1st श्रेणी–05, कोर्ट नं. 03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2199/SHD/2025
(court matter)

## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5789




मंगल सैणया, बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -5788 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | | र | वा | ना | हो | ना |
| न | | म | क | र | | त | ल | ना | | का |
| मो | ह | | | गि | | ज | | | क | म |
| ह | म | | आ | स | ल | गा | ना | | मा | या |
| क | ल | र | व | | क्ष्य | | म | त | ल | ब |
| | | | भ | ला | | जो | र | | | |
| ज | ग | म | ग | | मौ | | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | | त | म | त | मा | ना | | र | म |
| न | त | | | हा | | ल | | | ल | क |
| दा | | म | चा | न | | खा | रि | श | | दा |
| र | म | णी | य | ता | | ना | ट | क | का | र |



# शर्मनाक : पाकिस्तानी टीम के लिए नहीं मिल रहे प्रायोजक, हार से गिरी 'ब्रांड वैल्यू'

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर मुश्किल में है और इस बार चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए प्रायोजक जुटाना भी सत्ताधारियों के लिए चुनौती बन सकता है। पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी भारत ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया जिससे मेजबान टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई। भारत से हारने से एक दिन पहले ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच के लिए गद्दाफी स्टेडियम में लोगों की शानदार भीड़ को देखकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी आत्मविश्वास से भरे हुए थे।

### पीसीबी के लिए चुनौती

बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'लोगों की प्रतिक्रिया और पाकिस्तान से इतर मैच का आनंद लेते देखना एक उत्साहवर्धक अनुभव था। लेकिन अब चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि पाकिस्तान में बचे हुए मैचों के लिए दर्शकों की भीड़ आती रहे क्योंकि हम 29 साल बाद इतने बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं।'



पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर

1996 के विश्व कप के बाद पाकिस्तान में आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पहला टूर्नामेंट है और उम्मीद थी कि घरेलू टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। सोमवार को न्यूजीलैंड की जीत का मतलब है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

### टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर

बोर्ड के वाणिज्यिक इकाई के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं भी खेलता है तो भी पीसीबी को वित्तीय रूप से कोई बड़ा झटका नहीं लगेगा क्योंकि केवल गेट पर्ची और मैदान की आय के अन्य स्रोत ही प्रभावित होंगे। लेकिन संकटग्रस्त टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, 'हमें मेजबानी शुल्क, टिकट बिक्री सहित आईसीसी राजस्व में हमारा हिस्सा मिलने की गारंटी है, लेकिन अन्य मुद्दे भी हैं जैसे कि लोगों का इस बड़े टूर्नामेंट में रुचि खत्म होना और प्रसारणकर्ता द्वारा आधे भरे हुए स्टेडियम दिखाना आदि। और सबसे बड़ी चिंता यह है कि यहां क्रिकेट के प्रति दीवानगी के बावजूद भविष्य में पाकिस्तान क्रिकेट को एक ब्रांड के रूप में बेचना आसान नहीं होगा।'

### हम एक जैसी गलतियां दोहरा रहे : रिजवान



**दुबई।** पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि उनके खिलाड़ी लगातार एक जैसी गलती दोहरा रहे हैं और स्वीकार किया है कि यहां भारत से मिली हार के बाद उनकी टीम का चैंपियंस ट्रॉफी अभियान लगभग खत्म हो गया है। पाकिस्तान को रविवार को यहां भारत के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने उसे 60 रन से हराया था। ग्रुप ए में उसका आखिरी मुकाबला 27 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। रिजवान ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हमारा सफर लगभग समाप्त हो चुका है। अब हमें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। एक कप्तान के रूप में मुझे इस तरह की स्थिति पसंद नहीं है। हमें अपनी किस्मत खुद लिखनी चाहिए थी।'

## खबर संक्षेप



### मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया। प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की।

### यू मुंबा ने राकेश को बनाया मुख्य कोच

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान और तीन बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राकेश कुमार प्रो कबड्डी लीग में मुख्य कोच के रूप में नौ साल बाद यू मुंबा में वापस आएंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसकी घोषणा की।



पहले पीकेएल में सबसे अधिक राशि में बिकने वाले खिलाड़ी रहे राकेश तीसरे सत्र में फ्रेंचाइजी में शामिल हुए थे। यू मुंबा के सीईओ सुहैल चंडोक ने कहा, 'निश्चित रूप से भारत के सबसे महान कबड्डी खिलाड़ी, अर्जुन पुरस्कार विजेता, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण, वह खुद यू मुंबा के पूर्व खिलाड़ी हैं और हमारे परिवार में वापस आ गए हैं। मुझे राकेश का इस बार मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।'

### दिल्ली और गुजरात की नजरें बेहतर प्रदर्शन पर

**बेंगलुरु।** बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन से जूझ रहे गुजरात जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में जगह आमने-सामने होंगे तो जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम को अपने पिछले मुकाबले में शिकस्त का सामना करना पड़ा है। पिछले दो सत्र में अंतिम स्थान पर रही गुजरात की टीम तीन मैच में सिर्फ एक जीत के साथ अंतिम स्थान पर है। टीम की पांच मैच में यह तीसरी हार थी।

### गिल भविष्य में भारतीय टीम के कप्तान : बांगड़

**दुबई।** पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ ने शुभमन गिल के स्ट्रोक्स और तकनीक से प्रभावित होकर सोमवार को कहा कि यह 25 वर्षीय खिलाड़ी आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की बल्लेबाजी की अगुवाई करेगा। गिल ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत में 46 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में शतक लगाया था। बांगड़ ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, 'साफ तौर पर वह आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालने वाले खिलाड़ी हैं।'

## भारत से हार पर शोएब से लेकर आमिर-अकरम तक ने उठाए सवाल

# मंदबुद्धि कप्तान, अजीब खिलाड़ी... पाकिस्तान के दिग्गजों ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी

एजेंसी ▶▶| कराची

एक और आईसीसी टूर्नामेंट और एक और बार भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। रविवार को दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में रोहित एंड कंपनी ने रिजवान की टीम को छह विकेट से हरा दिया और लगभग टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में एक और हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स से लेकर लोग बौखला गए हैं।

कुछ समय पहले पाकिस्तान में इस बात तक की चर्चा हुई थी कि भले ही पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी हार जाए, लेकिन भारत के खिलाफ जीत दर्ज करे। अब स्थिति ऐसी है कि न तो उन्हें भारत के खिलाफ जीत मिली और न ही चैंपियंस ट्रॉफी के अगले दौर में पहुंच सके। इसके बाद कई दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, मोहम्मद आमिर और अहमद शहजाद ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी है। इन सभी ने हार पर अलग अलग एनालिसिस किया, लेकिन सभी ने टीम चयन पर जरूर सवाल खड़े किए। सभी का मानना था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गलत टीम चयन किया था और उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ा।



### अख्तर ने रिजवान को मंदबुद्धि बताया



हार के बाद एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर बोलते हुए अख्तर ने कहा, 'क्या आप बाबर को विराट से बेहतर मानेंगे? क्या आप श्रेयस अय्यर को खुशदिल शाह से बेहतर मानेंगे? क्या आप रोहित शर्मा को मोहम्मद रिजवान से बेहतर मानेंगे? पिछले दस सालों से मैं सुन रहा हूं कि ये एक टैलेंडेड ग्रुप है। प्रतिभा कहां है? आप रन बनाकर और विकेट लेकर स्टार बन जाते हैं। मुझे कोई प्रतिभा नहीं दिखती। जब उनसे पूछा गया कि लोग उनकी बात सुनना चाहते हैं, तो अख्तर ने कहा, 'मैं 2011 से टीवी पर हूं, मेरा विश्वास करें, मैंने सब कुछ कह दिया है। मैं 2001 से देश के लिए क्रिकेट देख रहा हूं। अगर आप मंदबुद्धि लोगों को कप्तान बनाते हैं और अजीब लोगों को आने देते हैं, तो यही होगा।'

### कठोर कदम उठाने की जरूरत : अकरम

दुबई में भारत से पाकिस्तान की हार के बाद दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी निराशा व्यक्त की।



उन्होंने कहा कि प्रशंसक अब खाली वादों और उम्मीदों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हमें कठोर कदम उठाने की जरूरत है। अब बहुत हो गया है! हम सफेद गेंद के क्रिकेट में वर्षों से उन्हीं खिलाड़ियों के साथ हार रहे हैं। अब समय आ गया है कि साहसिक कदम उठाया जाए और निडर क्रिकेट खेलने वाले युवा खिलाड़ियों को लाया जाए।

### रिजवान कप्तानी के लायक नहीं



सिर्फ वसीम अकरम ही नहीं, मोहम्मद आमिर, अहमद शहजाद और राशिद लतीफ जैसे पूर्व दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने भी रिजवान को कप्तान बनाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। 'हारना मना है' शो पर इन तीनों ने कहा कि वह रिजवान को एक कप्तान के तौर पर नहीं देखते हैं। शहजाद ने तो टीम में गुटबाजी का भी आरोप लगाया और कहा कि सात-आठ खिलाड़ियों का एक ग्रुप है, जिसका बाबर और रिजवान हिस्सा हैं। ये आपस में फैसला करते हैं कि कौन कप्तान बनेगा। अगर कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिखता है तो वह उसे बाहर करने पर तुल जाते हैं।

### 'दिल के अरमां आंसुओं में बह गए'





मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक ने भी पाकिस्तान की हार पर प्रतिक्रिया दी है। मलिक ने तो गाना गाया, 'दिल के अरमां आंसुओं में बह गए'। इस शो में हफीज और मलिक के साथ सना मीर और शोएब अख्तर भी शामिल हुए। मलिक और हफीज ने कहा कि पाकिस्तान में टैलेंट की कमी नहीं है, बल्कि उन्हें कोई सही रास्ता दिखाने वाला नहीं है। हफीज और मलिक ने कहा कि पाकिस्तान टीम में प्लानिंग की कमी है। वहीं, सना मीर ने भी 'अब तो आदत सी है हमको ऐसे जीने में...' गाया। सना मीर ने कहा- जब लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने दो विकेट पर 100 रन बना लिए थे तो मेरे एक दोस्त का मैसेज आया कि लगता है हम अब मैच हार जाएंगे। मैंने कहा कि हम तब ही हार गए थे जब टीम का चयन हुआ था।

## रिएक्शन

# पाकिस्तान के हारने के बाद दादा-पोते ने तोड़ दिया टीवी

एजेंसी ▶▶| कराची

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पांचवां मुकाबला 23 फरवरी 2025 को भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में खेला गया। टूर्नामेंट में बने रहने के लिए पाक टीम को यह मैच जितना बेहद जरुरी था। मगर रिजवान एंड कंपनी छह विकेट के बड़े अंतर से हार गई। जिसके बाद पाकिस्तानी क्रिकेट प्रेमी काफी गुस्से में नजर आए। वहां के चर्चित यूट्यूबर शोएब चौधरी ने लोगों से बातचीत करते हुए एक वीडियो साझा किया है। जिसमें देखा जा सकता है कि एक क्रिकेट प्रेमी गुस्से में अपने टीवी को तोड़ता हुआ नजर आ रहा है।

रियल एंटरटेनमेंट टीवी नाम के अकाउंट से साझा किए गए वीडियो में शोएब को कहते हुए सुना जा सकता है, 'वो भाई एक मिनट मेरी बात सुनो। क्या मसला हो गया आपको? एक मिनट वोय एक मिनट तो मेरी बात



सुनो। क्या हुआ है। क्या हुआ है? ऐसे नहीं करो। बस... बस ... बस ऐसे नहीं करो। इधर कितने लोग खड़े हैं। तमाशा बनेगा। आपको चोट लग जाएगी।' साझा किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि शोएब चौधरी के लाख समझाने के बावजूद नौजवान युवक उनकी बात को नहीं सुनता है और पलक झपकते ही टीवी को डंडे से पीट-पीटकर चकनाचूर कर देता है। इस दौरान उसके दादा को भी इस कार्य में हाथ बंटाते हुए पाया गया। बुजुर्ग शख्स ने डंडे से तो नहीं बल्कि ईंट के वार से टीवी पर अपना गुस्सा निकाला।

### घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाना अच्छा लेकिन खिलाड़ियों को भी मिले आराम



**दुबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड के फैसले का समर्थन किया है लेकिन उन्होंने संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह किया है ताकि खिलाड़ियों को थकान नहीं हो। पिछले साल अपने करियर को अलविदा कहने वाला यह खिलाड़ी मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी के चार 'टूर्नामेंट दूत' में से एक के रूप में यहां मौजूद है। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। धवन मैच देखने के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में भी गए।

## चैंपियंस ट्रॉफी

# रविंद्र और ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में पहुंचाया



भाषा ▶▶| रावलपिंडी

ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल के चार विकेट के बाद रचिन रविंद्र के शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बांग्लादेश की इस हार के साथ उसके अलावा मेजबान और गत चैंपियन पाकिस्तान भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जबकि भारत ने अंतिम चार में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड और भारत दोनों के समान दो-दो मैच में दो जीत से चार-चार अंक हैं। न्यूजीलैंड (प्लस 0.863) हालांकि भारत (प्लस 0.647) से बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। बांग्लादेश और पाकिस्तान ने अब तक अपने दोनों मुकाबले गंवाए हैं और उनके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के 237 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र की 105 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के से 112 रन की पारी और टॉम लैथम (55 रन, 76 गेंद, तीन चौके) के साथ उनकी चौथे विकेट की 129 रन की साझेदारी से 46.1 ओवर में पांच विकेट पर 240 रन बनाकर जीत दर्ज की। रविंद्र ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (30) के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। बांग्लादेश की टीम इससे पहले ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज ब्रेसवेल (26 रन देकर चार विकेट) और तेज गेंदबाज विलियम ओरोर्के (48 रन देकर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 236 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने 110 गेंद में नौ चौकों की मदद से सर्वाधिक 77 रन बनाए लेकिन बीच के ओवरों में टीम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों के पास न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का कोई जवाब नहीं था। सातवें नंबर के बल्लेबाज जाकिर अली ने अंत में 55 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के से 45 रन बनाकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने चौथे ओवर में 15 रन के स्कोर तक ही फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज विल यंग (00) और केन विलियमसन (05) के विकेट गंवा दिए।

# सीएसके ने श्रीराम को नियुक्त किया सहायक गेंदबाजी कोच

**चेन्नई।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर श्रीधरन श्रीराम आगामी इंडियन प्रीमियर लीग चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के सहायक गेंदबाजी कोच होंगे। पांच बार की चैंपियन टीम ने सोमवार को इसकी घोषणा की। चेन्नई सुपर किंग्स ने 'एक्स' पर घोषणा करते हुए पोस्ट किया, 'हमारे सहायक गेंदबाजी कोच श्रीराम श्रीधरन को सलाम। चेपॉक की पिच से लेकर ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में कई वर्षों तक कोचिंग देने वाले श्रीधरन गर्व के साथ इस नयी यात्रा पर निकल पड़े हैं।' बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के पूर्व ऑलराउंडर श्रीधरन टीम में स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच), माइक हसी (बल्लेबाजी कोच) और एरिक सिमंस (गेंदबाजी सलाहकार) के साथ काम करेंगे। सीएसके की स्पिन गेंदबाजी लाइनअप में आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, श्रेयस गोपाल, नूर अहमद, दीपक हुड्डा और रचिन रविंद्र शामिल हैं। श्रीधरन (49 वर्ष) ड्वेन ब्रावो की जगह लेंगे जो अब गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर (मार्गदर्शक) के रूप में शामिल हो गए हैं।



# महिला प्रीमियर लीग :एकलेस्टोन ने सुपर ओवर में यूपी वारियर्स को आरसीबी पर जीत दिलाई

भाषा ▶▶| बेंगलुरू

सोफी एकलेस्टोन ने विषम परिस्थितियों में बल्ले से तूफानी पारी खेलने के बाद सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी की जिससे यूपी वारियर्स ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां वापसी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) को हरा दिया। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वारियर्स की टीम ने चिनेले हेनरी (04) का विकेट गंवाकर किम गार्थ के ओवर में एक विकेट पर आठ रन बनाए। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना और रिचा घोष इसके जवाब में एकलेस्टोन के ओवर में चार रन ही बना सकीं जिससे उनकी टीम को शिकस्त का सामना करना पड़ा। आरसीबी के 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी वारियर्स ने सोफी एकलेस्टोन (33 रन, 19 गेंद, चार छक्के, एक चौका) और श्वेता सहरावत (31) की पारियों की बदौलत 11वें ओवर में 93 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद 20 ओवर में 180 रन बनाकर मुकाबले को टाई करके सुपर ओवर में खींचा। एकलेस्टोन पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हुईं। कप्तान दीप्ति शर्मा (25) और किरण नवगिरे (24) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। आरसीबी की ओर से स्नेह राणा (27 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि रेणुका सिंह (36 रन पर दो विकेट) और किम गार्थ (40 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। आरसीबी ने इससे पहले एलिस पैरी की 56 गेंद में नौ चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 90 रन की पारी और डैनी व्याट हॉज (57 रन) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 180 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इन दोनों के अलावा हालांकि आरसीबी की कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी वारियर्स की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाएं। सलामी बल्लेबाल किरण नवगिरे ने 12 गेंद में 24 रन बनाकर तेज शुरुआत की थी लेकिन रेणुका ने तीसरे ओवर में उन्हें बोल्ड करके आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। रेणुका ने दूसरी सलामी बल्लेबाज दिनेश वृंदा (14) को भी कप्तान स्मृति मंधाना के हाथों कैच कराया जबकि स्नेह ने कप्तान दीप्ति शर्मा (25) और ताहलिया मैकग्रा (00) को पवेलियन भेजकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 72 रन किया।

## राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना

# तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना की। साथ ही यादगार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सराहा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा खिलाड़ियों की दृढ़ता एवं उनके अनुशासन की बदौलत भारत तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों में 11,000 से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड देश में खेलों के मजबूत बल के रूप में भी उभर रहा है। इन खेलों ने दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। पीएम ने कहा, उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य 7वें स्थान पर रहा। यही तो खेलों की ताकत है, जो व्यक्ति



विशेष और समुदाय के साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। युवा एथलीटों की दृढ़ता और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि आरामतलबी के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता।

### खेलो इंडिया अभियान ने दी खिलाड़ियों को पहचान

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों के यादगार प्रदर्शनों की देश-भर में खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने सबसे ज्यादा स्वर्ण जीतने वाली भारतीय सशस्त्र बलों की टीम सर्विसेज को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों में भाग लेने वाले बहुत से खिलाड़ी खेलो-इंडिया अभियान की देन हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे और आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी का जिक्र करते हुए कहा कि इन्होंने देश को नई उम्मीदें दी हैं।

### यूपी और कर्नाटक के खिलाड़ियों ने जीता दिल

*प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव और हरियाणा की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा और कर्नाटक की तैराक धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता। पीएम ने कहा कि इस बार किशोर चैंपियंस ने भी हैरान किया। निशानेबाज गेविन (15 साल), यूपी की हैमर थ्रो खिलाड़ी अनुष्का (16) व मप्र के पोल वाल्टर देव कुमार मीणा (19) ने साबित किया कि भारत में खेलों का भविष्य बेहद प्रतिभावान पीढ़ी के हाथों में है।*



61 देशों के राजनयिक भी रहे मौजूद

# विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने काजीरंगा में उठाया लुत्फ राष्ट्रीय उद्यान में हाथी और जीप सफारी का लिया आनंद

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और 61 देशों के राजनयिकों ने सोमवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया। इस दौरान एस. जयशंकर ने हाथी और जीप की सवारी भी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये राजनयिक रविवार रात विदेश मंत्री के साथ जोरहाट पहुंचे थे और आज सुबह काजीरंगा पहुंचे। राजनयिकों ने सबसे पहले पार्क के केंद्रीय रेंज कोहोरा में हाथी की सवारी का आनंद लिया। जयशंकर प्रसिद्ध हाथी प्रद्युम्न पर सवार हुए।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने हाथी की सवारी के बाद यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल पार्क के अंदर जीप सफारी का आनंद लिया। सफारी के बाद जयशंकर और कुछ राजनयिकों को हाथियों को चारा खिलाते हुए देखा गया

**खास बातें**

- लगभग 9,000 कलाकारों द्वारा पेश किया जाने वाला झुमोर नृत्य देखा
- आज 'एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे







**हाथियों को खिलाया चारा**

हाथी की सवारी के बाद उन्होंने यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल पार्क के अंदर जीप सफारी का आनंद लिया। सफारी के बाद जयशंकर और कुछ राजनयिकों को हाथियों को चारा खिलाते हुए देखा गया। असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा, काजीरंगा से लोकसभा सदस्य कामाख्या प्रसाद तासा, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की निदेशक सोनाली घोष और डीएफओ अरुण विग्नेश सफारी के दौरान मेहमानों के साथ थे।

**राजनयिकों संग झुमोर नृत्य देखा**

काजीरंगा से जयशंकर राजनयिकों के साथ सोमवार को गुवाहाटी रवाना हुए। यहां शाम को लगभग 9,000 कलाकारों द्वारा पेश किया जाने वाला झुमोर नृत्य देखा। इस दौरान वहां पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। ये राजनयिक मंगलवार को 'एडवांटेज असम 2.0 अवसंरचना एवं निवेश शिखर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र में भी भाग लेंगे। असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा कि 'एक ऐतिहासिक यात्रा! रविवार रात विदेश मंत्री एस. जयशंकर असम की ऐतिहासिक यात्रा पर 50 से अधिक मिशन प्रमुखों के साथ जोरहाट पहुंचे।

**खबर संक्षेप**

## रेलवे में एसी थ्री टियर की बंपर डिमांड!



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे में एसी 3 टियर क्लास राजस्व में सबसे बड़ा योगदान दे रहा है। पिछले पांच वर्षों में इस श्रेणी से रेलवे को होने वाली कमाई में उछाल देखा गया है। 2024-25 में, रेलवे के कुल अनुमानित 80,000 करोड़ के यात्री राजस्व में अकेले एसी थ्री टियर का योगदान 30,089 करोड़ रुपए (38%) रहने का अनुमान है। जबकि सिर्फ 26 करोड़ यात्री (कुल 727 करोड़ में से 3.5%) इस श्रेणी में यात्रा कर रहे हैं, फिर भी यह सबसे अधिक कमाई करने वाली श्रेणी बन गई है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला इंटरनेट एक फ्री मार्केट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने सोमवार को देश में इंटरनेट की कीमतों को रेगुलेट करने की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से मना कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने रजत नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के पास इंटरनेट सेवाओं का लाभ उठाने के लिए कई विकल्प हैं। बेंच ने कहा कि यह एक फ्री मार्केट है। यहां ग्राहकों के पास कई विकल्प हैं।

जर्मनी के चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी की जीत पर बोले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप

# 'नो कॉमन सेंस' एजेंडे से थक चुके थे जर्मन के लोग, दोनों देशों के बीच राजनीतिक समानताएं

कंजर्वेटिव विपक्षी नेता मर्ज बने नए चांसलर



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

जर्मनी के आम चुनाव में कंजर्वेटिव विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के गठबंधन को जीत मिली है। गठबंधन ने 28.6 फीसदी वोट हासिल कर 630 सीटों में 208 सीटों पर जीत दर्ज की। अल्टरनेटिव फॉर जर्मन पार्टी दूसरे स्थान पर रही। वहीं, सत्ता में रहे वामपंथी सोशल डेमोक्रेट पार्टी (एसडीपी) चुनाव हार गई। इसी के साथ जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने हार स्वीकार कर ली। उनकी पार्टी चुनाव नतीजों में तीसरे पायदान पर पहुंच गई। बता दें कि जर्मनी 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में सबसे अधिक आबादी वाला देश है और नाटो का एक प्रमुख सदस्य है। यह अमेरिका के बाद यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को जर्मनी के राष्ट्रीय चुनाव में क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन को उनकी जीत पर बधाई दी। ट्रंप ने जर्मनी में चुनाव की परिस्थितियों और अमेरिका की राजनीतिक स्थिति के बीच समानताएं बताते हुए कहा कि जर्मन लोग 'नो कॉमन सेंस' एजेंडे से थक चुके हैं।

» *मर्ज बोले, जर्मनी में स्थिरता और आर्थिक सुधार लाना प्राथमिकता*

जर्मनी के आम चुनाव में कंजर्वेटिव विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के गठबंधन को जीत मिली है। गठबंधन ने 28.6 फीसदी वोट हासिल कर 630 सीटों में 208 सीटों पर जीत दर्ज की। अल्टरनेटिव फॉर जर्मन पार्टी दूसरे स्थान पर रही

◆ जर्मनी में चुनाव निर्धारित समय से सात महीने पहले हुए

**कई देशों के नेताओं ने दी बधाई**

क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन गठबंधन की जीत के बाद फ्रेडरिक मर्ज को बाधाइयों का तांता लग गया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उन्होंने फ्रेडरिक मर्ज से बात की और उन्हें उनकी जीत पर बधाई दी। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर ने भी मर्ज को उनकी जीत पर बधाई दी। कहा कि ब्रिटेन नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है ताकि उनके बीच पहले से ही मजबूत संबंध और मजबूत हो सकें। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वह जर्मनी की नई सरकार के साथ मिलकर 'जीवन की रक्षा' करने के लिए तत्पर हैं।

### चलो पार्टी शुरू करते हैं

मध्य बर्लिन में आयोजित कार्यक्रम में मेर्ज ने जीत की घोषणा की और समर्थकों से कहा, 'चलो पार्टी शुरू करते है,' यह स्पष्ट संकेत था कि वे गठबंधन वार्ता को शीघ्र शुरू करना चाहते हैं। इससे पहले रविवार शाम को सीडीयू पार्टी मुख्यालय में जयकारे और तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी, क्योंकि एग्जिट पोल सामने आए और यह स्पष्ट हो गया कि रविवार के चुनाव के बाद विपक्षी पार्टी सबसे बड़ा समूह बनने जा रही है।

### जर्मनी के लिए नई शुरुआत

बता दें, कि यह चुनाव मूल रूप से निर्धारित समय से सात महीने पहले हुआ, जब नवंबर 2024 में शोल्ज़ के गठबंधन में दरार पड़ गई थी। तीन साल तक चली उनकी सरकार आंतरिक कलह और मतदाताओं के असंतोष से जूझती रही थी। अब फ्रेडरिक मर्ज़ के नेतृत्व में क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) ने सत्ता की बागडोर संभालने वाली है। मर्ज़ ने अपनी जीत को 'जर्मनी के लिए नई शुरुआत' करार देते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता देश में स्थिरता और आर्थिक सुधार लाना होगा। हालांकि, गठबंधन वार्ताओं और बदलते राजनीतिक माहौल के बीच उनकी राह आसान नहीं होगी।

### यूरोप में एकता को मजबूत करेंगे

*फ्रेडरिक मर्ज ने चुनाव के बाद अपनी जीत के भाषण में अमेरिका पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य यूरोप में एकता को मजबूत करना है और अमेरिका से 'वास्तविक स्वतंत्रता' प्राप्त करने की दिशा में काम करना है। मर्ज ने कहा कि अमेरिका के उदासीन रवैये के कारण यूरोप को अब अपने भविष्य के लिए खुद पर भरोसा करना होगा। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि नाटो का भविष्य कैसा रहेगा और क्या इसका मौजूदा स्वरूप अगले शिखर सम्मेलन में भी बरकरार रहेगा। फ्रेडरिक मर्ज के लिए चांसलर बनने का समय चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि जर्मनी की अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है और समाज में प्रवासन को लेकर मतभेद बढ़ रहे हैं। मर्ज को जर्मनी की सुरक्षा नीति और अमेरिका, रूस, और चीन के साथ संबंधों में संतुलन बनाकर रखना होगा।*

### बहुप्रतीक्षित चुनाव जीता: ट्रंप

*अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि जर्मनी में कंजर्वेटिव पार्टी ने बहुत बड़ा और बहुप्रतीक्षित चुनाव जीत लिया है। अमेरिका की तरह ही जर्मनी के लोग भी अनेक वर्षों से चले आ रहे 'नो कॉमन सेंस' एजेंडे के अभाव वाले एजेंडे से तंग आ चुके हैं, विशेषकर ऊर्जा और आव्रजन के मामले में।*

बांग्लादेश की यूनुस सरकार को झटका

# वायुसेना अड्डे पर हमला झड़प में कई लोग घायल



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में कई बदमाशों ने देश के दक्षिण-पूर्वी तट पर कॉक्स बाजार में स्थित वायुसेना अड्डे पर घात लगाकर हमला किया। यह घटना मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के लिए एक और झटका है जिस पर लगातार आरोप लग रहा है कि वह देश में जारी अराजकता को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। बांग्लादेश सशस्त्र बलों के मीडिया प्रभाग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कॉक्स बाजार में वायु सेना बेस से सटे समिति पारा के कुछ बदमाशों ने घात लगाकर हमला किया। झड़पों में कई लोग घायल हुए हैं। वायु सेना के जवानों ने सुबह 11:30 बजे प्रदर्शनकारियों पर कई राउंड गोलियां चलाईं।

### इस्तीफे की भी मांग की

*अपराधों को रोकने में प्रशासन की नाकामी का हवाला देते हुए, छात्रों ने बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार के इस्तीफे की भी मांग की। छात्रों ने पिछले 48 घंटों में बलात्कार की घटनाओं की खतरनाक संख्या पर सरकार पर निशाना साधा और इसे चरम अराजकता का सबूत बताया। पिछले सप्ताह बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता मोहम्मद बाबुल मिया की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। कई लोगों ने यूनुस के इस्तीफे की मांग की है।*

### सरकार जागो, चुप्पी खत्म करो

बता दें, रविवार को राजधानी में छात्रों ने हाल के दिनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा की बढ़ती घटनाओं को रोकने में अंतरिम सरकार की नाकामी से नाराज होकर विरोध मार्च निकाला। ढाका के कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों जैसे जगन्नाथ विश्वविद्यालय, ईडन कॉलेज, गवर्नमेंट टिटुमिर कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ लिबरल आर्ट्स बांग्लादेश (यूएलएबी) और बीआरएसी यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन हुए। छात्रों ने नारे लगाए, 'सरकार जागो!, 'चुप्पी खत्म करो, बलात्कारियों को सजा दो!', 'हिंसा बंद करो, महिलाओं की रक्षा करो!' और 'बलात्कारियों को फांसी दो!'।

# बृजमोहन ने की छग के किसानों, नौजवानों के हक की बात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रसायन एवं उर्वरक संसदीय संबंधी स्थाई समिति की महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय अनुदान (2025-26) के तहत रसायन और उर्वरक मंत्रालय के विभिन्न विभागों से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ समेत देश के किसानों को समय पर और किफायती दरों पर उर्वरक मिल सके, जिससे उनकी उत्पादन लागत कम हो और कृषि क्षेत्र में मजबूती आए। उन्होंने देश में रसायन उद्योग को सशक्त करने और फार्मा सेक्टर में आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर बल दिया। इसके तहत छोटे और मध्यम उद्यमों को विशेष सुविधाएं दिए जाने की मांग की, जिससे वे भी इस क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ा सकें। बैठक में रायपुर के सरोरा इंडस्ट्रियल एरिया में निर्माणाधीन प्लास्टिक पार्क की प्रगति पर चर्चा की गई।

### डीएपी और नैनो यूरिया को बढ़ावा दें

बृजमोहन अग्रवाल ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया को बढ़ावा देने की मांग की, जिससे किसानों को अधिक किफायती और प्रभावी उर्वरक उपलब्ध हो सके। बैठक में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने के लिए देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों और कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। इससे किसानों को कम लागत में अधिक उपज प्राप्त होगी। उर्वरक की कम मात्रा में अधिक प्रभाव देखने को मिलेगा। कहा कि सरकार द्वारा 1.94 लाख करोड़ की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग से सरकार को 2 लाख करोड़ तक सब्सिडी व्यय में कमी आएगी।

श्रीसैलम सुरंग हादसा पर बोले मंत्री

# 'अंदर फंसे' लोगों के बचने की संभावना अब बहुत कम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के एक निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढह जाने के बाद 8 लोग इसके अंदर फंस गए। बीते दो दिनों से इन लोगों को बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### 'रैट माइनर्स' की भी ले रहे मदद

भारतीय सेना, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां बचाव अभियान चला रही हैं। तेलंगाना सरकार के मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा है कि सुरंग के अंदर फंसे आठ लोगों के बचने की संभावना अब बहुत कम है। हालांकि उन तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। श्रमिकों को बचाने वाले "रैट माइनर्स" की एक टीम लोगों को निकालने के लिए बचाव दल के साथ सहयोग कर रही है।

रूस के साथ युद्ध की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर बोले भारत में यूक्रेन के राजदूत

# यूक्रेन बनेगा यूरोपीय संघ-नाटो का सदस्य रूस के लिए माफी नहीं: डॉ. पोलिशचुक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रूस-यूक्रेन युद्ध की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर भारत में यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक के नेतृत्व में उनके दूतावास परिसर के प्रांगण में यूरोपीय संघ (ईयू) के विभिन्न देशों के राजनयिकों ने युद्ध में मारे गए लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्तियां जलाईं। यह एक प्रकार युद्ध के दौरान रूस के विरोध में यूक्रेन और ईयू देशों द्वारा दुनिया के सामने प्रकट की गई एकजुटता को प्रदर्शित करता है। इससे यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को दिए जा रहे अपने समर्थन का प्रमाण भी प्रस्तुत किया है। इसके बाद यूक्रेन के राजदूत ने कहा कि हम यूरोपीय संघ और नाटो के सदस्य बनेंगे। हमें किसी को अनुमति देने के लिए कहने की आवश्यकता नहीं है, हम एक स्वतंत्र देश हैं। आज का दिन बेहद खास है, यह यूक्रेन और ईयू की एकजुटता को परखने का दिन है। हमारी एकजुटता ने हमारी एकता को प्रदर्शित किया है। साथ ही बता दिया है कि हम युद्ध में रूस के खिलाफ हैं। हमने पूरी दुनिया को अपनी एकता और एकजुटता को भली भांति दिखाया है। उन्होंने कहा कि हमने दूतावास के साथ भागीदारी वाले कुछ भारतीय स्कूलों की मदद से सद्भावना के रूप में करीब 1 हजार पीले और नीले रंग के गुब्बारे आसमान में छोड़े। इसमें युद्ध की समाप्ति के लिए हमने दुआ मांगी। लेकिन हम कभी भी हार नहीं मानेंगे, न ही रूस को इस आक्रामकता के लिए माफ करेंगे। हमें अपने देश के मानवाधिकारों के लिए लड़ने का पूरा अधिकार है। यूक्रेन के लोग एक स्वतंत्र देश के रूप में जीना चाहते हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने दी जानकारी, वैश्विक पाठ्यक्रम तैयार करने में जुटा

# अंतरराष्ट्रीय व संबद्ध स्कूलों में किया जाएगा प्रस्तावित, सत्र 2026-27 से हो जाएगा शुरू

भारत और विदेशी छात्रों की जरूरतों के अनुसार डिजाइन किया गया

नए वैश्विक पाठ्यक्रम में सीबीएसई का स्थानीय पाठ्यक्रम भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई)अपने विदेशी स्कूलों के लिए वैश्विक पाठ्यक्रम तैयार करने में जुटा है। पाठ्यक्रम को अन्य अंतरराष्ट्रीय स्कूलों के साथ-साथ देश में बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में भी पाठ्यक्रम प्रस्तावित किया जा सकेगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से पाठ्यक्रम की शुरुआत की योजना है। पिछले हफ्ते केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बैठक कर सीबीएसई के अधिकारियों को विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए है। सीबीएसई के एक अधिकारी के अनुसार वैश्विक पाठ्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप एक व्यापक सुधार योजना का हिस्सा है जिसका उद्देश्य छात्रों को अधिक लचीलापन और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा सीखने का अनुभव प्रदान करना है। पाठ्यक्रम 2026-27 शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई के विदेशी स्कूलों द्वारा पेश किया जाएगा।

### 2010 में भी हुई थी शुरुआत

अंतर्राष्ट्रीय स्कूल जो वर्तमान में अन्य बोर्डों से संबद्ध हैं। उनके पास भी इस पाठ्यक्रम को प्रस्तावित करने का विकल्प होगा। देश के सीबीएसई स्कूलों पर भी यह लागू होगा। बताया कि यह कोई पहली बार नहीं है। वर्ष 2010 में पायलट कार्यक्रम के तहत देश के चयनित स्कूलों और विदेशों में भी इसको शुरू किया गया हालांकि परिचालन चुनौतियों और सीमित अपनाने की वजह से वर्ष 2017 में इसे बंद कर दिया गया था। कार्यक्रम को भारत और विदेशों में उन छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया था जो मूल भारतीय मूल्यों को बनाए रखते हुए अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के साथ पाठ्यक्रम चाहते थे।



### अंतरराष्ट्रीय बोर्डों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी कम

*सीबीएसई अधिकारी ने कहा कि यह वैश्विक पाठ्यक्रम और शिक्षाशास्त्र के साथ कैम्ब्रिज इंटरनेशनल और इंटरनेशनल बैकलॉरिएट जैसे अंतरराष्ट्रीय बोर्डों के बीच प्रतिस्पर्धा को कम करेगा। नए वैश्विक पाठ्यक्रम में सीबीएसई का स्थानीय पाठ्यक्रम भी शामिल होगा। इसके कई तत्वों को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में वापस लाया जाएगा। विचार यह भी है कि एनसीईआरटी पाठ्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय बोर्डों के अनुसार जो पेशकश की जाती है उसमें संतुलन बनाया जाए। वर्तमान में सीबीएसई ऐसा कोई अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम पेश नहीं कर रहा है जो अंतरराष्ट्रीय स्कूल सीआई, आईबी या काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन से संबद्ध हो।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109